RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 87
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



मुरली विजय ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा
स्पोर्ट्स-12

# हंगामेदार होगा आज से शुरू हो रहा बजट सत्र

## अदाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट, चीन का कथित अतिक्रमण और बीबीसी वृत्तचित्र पर प्रतिबंध जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपना पहला अभिभाषण देंगी
- सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक और दूसरा 13 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगा इस दौरान 27 बैठकें होंगी
- वर्तमान संसद भवन में ही पेश किया जाएगा बजट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अदाणी** समूह पर हिंडनबर्ग का खुलासा, कथित चीनी घुसपैठ और विवादास्पद बीबीसी वृत्तचित्र को प्रतिबंधित करने जैसे विवादों के बीच, मंगलवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के हंगामेदार होने की संभावना है।

इन दो मुद्दों के अलावा, विपक्ष ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दों पर सरकार को घेरने और राष्ट्रव्यापी जाति आधारित आर्थिक जनगणना की मांग उठाने का फैसला किया है। बजट सत्र मौजूदा संसद के सेंट्रल हॉल में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पहले अभिभाषण के साथ शुरू होगा। नए संसद भवन में सत्र आयोजित करने की अटकलों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने खारिज कर दिया है। बिरला ने सोशल मीडिया पर कहा कि बजट सत्र मौजूदा संसद में शुरू होगा। सूत्रों ने बताया कि नए भवन में फिनिशिंग का काम अगले पखवाड़े में पूरा कर लिया जाएगा। फिर नए भवन में सत्र आयोजित करने ( शेष पेज 8 )

## सर्वदलीय बैठक : विपक्ष ने अदाणी, जाति गणना का मुद्दा उठाया

- महिला आरक्षण विधेयक पर भी हुई बात, सरकार ने सदन सुचारु रूप से चलाने में सहयोग मांगा
- कहा-संसद में नियमों के तहत हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार
- भारत जोड़ो यात्रा के समापन में शामिल होने के कारण कांग्रेस नेता बैठक में नहीं हुए शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सर्वदलीय बैठक में जाते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी

**संसद** के बजट सत्र से पहले सोमवार को सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने अदाणी समूह से जुड़ा विषय, कुछ राज्यों में राज्यपालों के कामकाज, जाति आधारित गणना और महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने का मुद्दा उठाया।

वहीं, सरकार ने कहा कि वह संसद में नियमों के तहत हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है और सदन सुचारू रूप से चलाने में सहयोग चाहती है। कई दलों ने महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था से जुड़े विषय तथा राज्यों के साथ राजस्व की हिस्सेदारी में केंद्र द्वारा कथित तौर पर पक्षपात करने का मुद्दा उठाने का भी इरादा जताया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा, सरकार संसद में नियमों के तहत हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है, हम विपक्ष का सहयोग चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संसद सत्र कल (मंगलवार) से प्रारंभ हो रहा है, इसलिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। जोशी ने बताया कि इस बैठक में 27 राजनीतिक दलों के 37 नेताओं ने हिस्सा लिया। कांग्रेस पार्टी के अधिकांश नेता श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल थे।

ऐसे में बैठक में कांग्रेस से कोई मौजूद नहीं था। कांग्रेस के जिन नेता को बैठक में जाना था, वे पहुंच नहीं पाए। जोशी ने कहा कि उनके (कांग्रेस) सदन के नेता मंगलवार को मिलकर अपने विचारों से अवगत कराएंगे। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद थे। इसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार, नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला, आम आदमी पार्टी (आप) के ( शेष पेज 8 )

## अदाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अदाणी** समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। समूह की कंपनियों के शेयर पिछले मंगलवार के बाद से लगातार टूट रहे हैं। अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में अदाणी समूह पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। यह रिपोर्ट आने के बाद से समूह की कंपनियों के शेयर नीचे आ रहे हैं। पिछले मंगलवार को कारोबार बंद होने के बाद से बीएसई पर अदाणी ट्रांसमिशन का शेयर 41.66 प्रतिशत टूटा है। अडाणी टोटल गैस में 39.57 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 37.55 प्रतिशत और अडाणी पोर्ट्स में 23.75 प्रतिशत की गिरावट आई है। समूह की कंपनियों के शेयरों के मंगलवार के बंद भाव की तुलना ( शेष पेज 8 )

# पाकिस्तान में मस्जिद में धमाका, 48 की मौत



बम धमाके के बाद एक घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाते लोग

- 157 अन्य घायल, मृतकों में कई पुलिस अधिकारी शामिल, देश में हाई अलर्ट
- अति संवेदनशील पुलिस मुख्यालय मे बनी मस्जिद को हमलावरों ने बनाया निशाना

**भाषा।** पेशावर

**पाकिस्तान** में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में खचाखच भरी एक मस्जिद में सोमवार को दोपहर की नमाज की दौरान एक शक्तिशाली आत्मघाती बम विस्फोट होने से 48 लोगों की मौत हो गई जबकि 157 अन्य घायल हो गए।

सुरक्षा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अपराह्न एक बजकर करीब 40 मिनट पर पुलिस लाइन्स क्षेत्र के समीप जब नमाजी ज़ुहर (दोपहर) की नमाज पढ़ रहे थे तब अगली पंक्ति में बैठे आत्मघाती हमलावर ने विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया। उनके अनुसार नमाजियों में पुलिस, सेना और बम निष्क्रिय दस्ते के कर्मी थे। लेडी रीडिंग अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि अबतक 48 लोगों की जान चली गई है।

हालांकि पेशावर पुलिस ने 38 मृतकों की सूची जारी की है। घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के मृत कमांडर उमर खालिद के एक भाई ने दावा किया कि यह आत्मघाती हमला अफगानिस्तान ( शेष पेज 8 )

# बीबीसी डाक्यूमेंट्री प्रतिबंध के मामले को सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

- अगले सप्ताह सोमवार को रखी जाएंगी दलीलें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** के उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों पर आधारित बीबीसी के एक वृत्तचित्र पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अगले सप्ताह सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला की पीठ ने वकील एमएल शर्मा और वरिष्ठ वकील सीयू सिंह की दलीलों पर गौर किया।

दोनों वकीलों ने इस मुद्दे पर अपनी अलग-अलग जनहित याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। सुनवाई की शुरुआत में शर्मा ने याचिका का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इस पर सीजेआई ने कहा, इस पर सोमवार को सुनवाई की जाएगी। शर्मा ने कहा, लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। कृपया इसे तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें। पीठ ने कहा, आप कहीं से भी सोशल मीडिया पर बात रख सकते है। इस पर सोमवार को सुनवाई की जाएगी।

कुछ मिनटों बाद वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने इस मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार एनराम और वकील प्रशांत भूषण द्वारा दायर एक अलग याचिका का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि कैसे कथित तौर पर आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल कर राम और भूषण के ट्वीट हटाए गए। उन्होंने यह भी बताया कि ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के वृत्तचित्र को दिखाने पर अजमेर में छात्रों को निलंबित कर दिया गया। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम इस पर सुनवाई करेंगे। शर्मा ने वृत्तचित्र पर ( शेष पेज 8 )

### लोग सुप्रीम कोर्ट का वक्त बर्बाद करते हैं: रिजिजू



**नई दिल्ली।** विधि मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को 2002 के गुजरात दंगों पर बीबीसी के एक वृत्तचित्र पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि इस तरह वे शीर्ष अदालत के कीमती वक्त को बर्बाद करते हैं। ट्विटर पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, इस तरह वे माननीय उच्चतम न्यायालय का कीमती वक्त बर्बाद करते हैं, जहां हजारों आम नागरिक न्याय का इंतजार कर रहे हैं और तारीखें मांग रहे हैं।

## रेप मामले में कोर्ट ने आसाराम को दोषी ठहराया

**पायनियर समाचार सेवा।** गांधीनगर

**गुजरात** में गांधीनगर की एक अदालत ने स्वयंभू बाबा आसाराम बापू को एक महिला शिष्या के साथ बलात्कार के मामले में सोमवार को दोषी ठहराया। आसाराम के खिलाफ यह मामला 2013 में दर्ज किया गया था। सत्र न्यायाधीश डी के सोनी मंगलवार (31 जनवरी) को सज़ा सुनाएंगे। अदालत ने सबूतों के अभाव में आसाराम की पत्नी समेत छह अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। अहमदाबाद के चांदखेड़ा थाने में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, आसाराम ने 2001 से 2006 के बीच महिला से कई बार बलात्कार किया, जब वह शहर के बाहरी इलाके में स्थित उसके आश्रम में रहती थी। लोक अभियोजक आर सी कोडेकर ने सोमवार को कहा, अदालत ने अभियोजन के मामले को स्वीकार कर लिया और आसाराम को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) (सी), 377 (अप्राकृतिक यौनाचार) और अवैध रूप ( शेष पेज 8 )

# धर्मांतरण संबंधित याचिकाओं पर 3 फरवरी को होगी सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह अंतरधार्मिक विवाहों के कारण धर्मांतरण को विनियमित करने वाले विवादास्पद राज्य कानूनों को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर तीन फरवरी को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि सुबह एक स्थानांतरण याचिका का उल्लेख किया गया था।

पीठ ने कहा कि हम इसे सूचीबद्ध कर सकते हैं, नोटिस जारी कर सकते हैं और इसकी सुनवाई एक साथ कर सकते हैं। उस समय स्थानांतरण याचिका को भी सूचीबद्ध किया जाएगा। अटॉर्नी जनरल भी गौर कर सकते हैं। हम शुक्रवार को सभी की सुनवाई करेंगे। कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ के गैर सरकारी संगठन "सिटीजन फॉर जस्टिस एंड पीसै की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी यू



सिंह ने कहा कि लोग राज्य के इन कानूनों के कारण शादी नहीं कर सकते और स्थिति काफी गंभीर है।

संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने दलील दी कि ए राज्यों के कानून हैं जिन्हें शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई है और इन मामलों की सुनवाई संबंधित उच्च न्यायालयों को करनी चाहिए। इससे पहले, सर्वोच्च अदालत ने कई राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती देने वाले पक्षकारों से कहा था कि वे इस मुद्दे पर विभिन्न उच्च न्यायालयों से उच्चतम न्यायालय में मामलों को स्थानांतरित करने के लिए एक साझा याचिका दायर करें। पीठ ने कहा था कि इलाहाबाद ( शेष पेज 8 )

### केंद्र ने एनजीओ के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने अंतर-धार्मिक विवाहों के कारण धर्मांतरण को विनियमित करने वाले राज्यों के विवादास्पद कानूनों को चुनौती देने में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ के एनजीओ सिटीजंस फॉर जस्टिस एंड पीस के अधिकार क्षेत्र को लेकर सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सवाल उठाया। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) कुछ चुनिंदा राजनीतिक हित के इशारे पर अपने नाम का इस्तेमाल करने की अनुमति देता है, यह आरोप लगाते हुए केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया कि वह दंगा प्रभावित लोगों की पीड़ा का ( शेष पेज 8 )

## एयर मार्शल एपी सिंह होंगे वायु सेना के नए उप प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एयर** मार्शल एपी सिंह को भारतीय वायुसेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एपी सिंह एयर मार्शल संदीप सिंह का स्थान लेंगे, जो मंगलवार को सेवानिवृत्त होंगे। अधिकारियों ने बताया कि एयर मार्शल ए पी सिंह वर्तमान में मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यरत हैं और वह बुधवार को उप प्रमुख का पदभार संभालेंगे। उन्हें 21 दिसंबर, 1984 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू स्ट्रीम में शामिल किया गया था। एयर मार्शल ए पी सिंह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। वह एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिन्होंने विभिन्न प्रकार के विमानों से 4,900 घंटे से अधिक समय उड़ान भरी है। वह मिग 27 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर एवं फ्लाइट कमांडर और एक एयर बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,500 | ↑ | 169 | |
| निफ्टी | 17,648 | ↑ | 44 | |
| सोना | 56,880 | ↓ | 80 | /10g |
| चांदी | 68,795 | ↓ | 180 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### आतंकी ठिकाना ध्वस्त

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी ठिकाने को नष्ट किया और आतंकवादियों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वनक्षेत्र में यह आतंकी ठिकाना था। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट किया, सुरक्षाबलों के साथ मिलकर पुलिस ने अवंतिपुरा के हाफू नगीनपुरा जंगल में आतंकी ठिकाने को नष्ट किया। आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के लिए काम करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से अभियोजनयोग्य सामग्री एवं अन्य चीजें बरामद की गई है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है। अधिकारी ने कहा कि इस ठिकाने से दो कंबल, दो गैस सिलेंडर, कपड़े , स्टील की थालियां बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है।

## गोरखनाथ मंदिर हमला मामले में आतंकी मुर्तजा को मृत्यु दंड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एनआईए,** एटीएस के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी के जवानों पर हमला करने के मामले में मुल्जिम अहमद मुर्तजा अब्बासी को लोन वुल्फआतंकी करार देते हुए मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। कहा है कि इसे फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाएए जब तक कि मौत न हो जाए।

उन्होंने इसे आईपीसी की धारा 121, 153क, 186, 307, 332, 333, 394 व आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के साथ ही विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 16/20/40 तथा 7 सीएलए एक्ट के तहत दोषी करार दिया है। इस पर 44 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। उन्होंने मुल्जिम को दी गई की फांसी की सजा की पुष्टि के लिए इस मामले की समस्त पत्रावली अविलंब हाईकोर्ट को भेजने का आदेश दिया है। विशेष जज ने अपने 145 के पेज के फैसले में कहा है कि मुल्जिम अब्बासी ने आईएसआईएस की विचारधारा से प्रभावित होकर लोन वुल्फ अटैक शैली में जेहाद के इरादे से भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध कर देश की एकता व अखंडता को चुनौती दी है।

यदि इसे मृत्यु दंड से कम की सजा दी गईए तो आईएसआईएसए अलकायदा व लश्कर-ए-तोयबा से प्रशिक्षित अनेक कट्टर जेहादी जो लोन वुल्फ अटैक के लिए तत्पर व तैयार हैं, भविष्य में ऐसे ही अनेक प्रतीकात्मक स्थलों को चुनकर भारत राष्ट्र की एकता व अखंडता को चुनौती देते रहेंगे। उन्होंने अपने आदेश में लोन वुल्फ अटैक की अवधारणा को समझने में सहायक द हिब्रू युनिवर्सिटी ऑफ यरुशलम के एक रिसर्च पेपर का लेख तथा इंटरनेशनल सेंटर फार काउंटर टेररिज्म द हेग के शोधपत्र व ( शेष पेज 8 )

# कांग्रेस या स्वयं के लिए नहीं, देश के लिए निकाली यात्रा

- राहुल गांधी ने संघ-भाजपा पर बोला हमला, श्रीनगर पहुंच समाप्त हुई भारत जोड़ो यात्रा
- भगवान शिव और इस्लाम से जोड़ते हुए कश्मीरियत को बताया देश की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर/नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जम्मू-कश्मीर में पूरी हो गई। कन्याकुमारी से करीब 4000 किलोमीटर पैदल चलकर श्रीनगर पहुंचे राहुल गांधी ने सोमवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यात्रा के समापन समारोह में गांधी की विचारधारा, गंगा-जमुनी तहजीब और कश्मीरियत के महत्व को रेखांकित किया और केंद्र सरकार और आरएसएस पर सीधा हमला बोला।



श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर अन्य नेताओं के साथ राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा

उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य देश के उदार और धर्मनिरपेक्ष लोकाचार को बचाना और उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है जो इस देश की नींव को चोट पहुंचाना चाहती है।

श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम यात्रा की समाप्ति पर आयोजित रैली में भारी बर्फबारी और बूंदाबांदी के बीच कश्मीरी फिरन पहने राहुल गांधी ने आम नागरिकों एवं समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों से देश के उदारवादी और धर्मनिरपेक्ष लोकाचार को बचाने के लिए आरएसएस और भाजपा के खिलाफ एक साथ खड़े होने का आह्वान किया। आसमान से गिरती बर्फ के बीच राहुल गांधी जब रैली को संबोधित कर रहे थे तो वही दृश्य जीवंत हो उठा जब वह यात्रा के शुरू में एक रैली के दौरान भारी बारिश में भाषण दे रहे थे और लोग उन्हें भीगते हुए सुन रहे थे।

कांग्रेस पार्टी द्वारा आमंत्रित विपक्षी नेताओं से घिरे राहुल ने कहा कि अपने संबोधन में कहा कि चाहे उनकी बात बुरी लग जाए, लेकिन वह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि उनकी भारत जोड़ो यात्रा उनके स्वयं या कांग्रेस या ( शेष पेज 8 )

### चाहे मेरी सफेद शर्ट का रंग लाल कर दें

**दादी** इंदिरा गांधी एवं पिता राजीव गांधी की हत्या का जिक्र करते हुए राहुल ने घाटी में हिंसा और स्थानीय लोगों पर उसके दुष्प्रभाव को स्वयं से जोड़ते हुए कश्मीरियों से अपनाइयत का इजहार किया। उन पलों को याद करते हुए जब उन्हें फोन कॉल पर उनकी दादी और पिता की हत्या के बारे में बताया गया था, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हिंसा भड़काने वाले उस दर्द को कभी नहीं समझ पाएंगे। सीधा हमला बोलते हुए राहुल ने कहा कि जो लोग हिंसा भड़काते हैं- जैसे मोदीजी, अमित शाह, भाजपा और संघ आदि इस दर्द को कभी नहीं समझेंगे। इस दर्द को एक सेना ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 जनवरी , 2023



# 15.64 करोड़ से निजी स्कूलों की तरह बनेंगे दो कंपोजिट विद्यालय, बेहतर होंगी व्यवस्थाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



● विद्यार्थियों के लिए इंडोर और आउटडोर स्पोर्ट कांप्लेक्स भी बनाए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेल में भी अपनी प्रतिभा निखार सकेंगे

खोड़ा के प्रगति विहार और संगम पार्क स्थित उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद के कंपोजिट स्कूल का कायाकल्प होगा। 15.64 करोड़ रुपये की लागत से डेढ़ साल में दोनों स्कूलों की बहुमंजिला इमारत बनकर तैयार होगी। इसके लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।

नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने बताया कि राज्य वित्त आयोग से प्राप्त 15.64 करोड़ रुपये की धनराशि मिली है। दोनों स्कूलों की इमारतों का निर्माण कराने के लिए इस धनराशि को कायाकल्प योजना के अंतर्गत कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम को उपलब्ध करवा दी गई है। कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज विभाग की ओर से निविदा आंत्रित की गई है। इसी माह निविदा का कार्य पूरा हो जाएगा।

इसके बाद फ रवरी के पहले सप्ताह से निर्माण कार्य होगा। बहुमंजिला बनाए जा रहे इन स्कूलों की क्लास बेहद अच्छी होंगी। बैठने के लिए उचित प्रबंध होंगे। हर फ्लोर पर शौचालय बनाए जाएंगे। विद्यार्थियों के लिए इंडोर और आउटडोर स्पोर्ट कांप्लेक्स भी बनाए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेल में भी अपनी प्रतिभा निखार सकेंगे। कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज ने की ओर से इमारतों के निर्माण के लिए स्कूल को खाली कराने की मांग की है। इसपर अधिशासी अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद से शैक्षिक सत्र को ध्यान में रखते हुए स्कूल के विद्यार्थियों को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की पत्र लिखकर मांग की है। खोड़ा के प्रगति विहार और संगम पार्क स्थित विद्यालय की इमारत जर्जर हो गई है। इससे कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी थी।

इनका निर्माण होने से राहत मिल जाएगी लेकिन खोड़ा गांव और वंदना एन्क्लेव में बने स्कूल की भी इमारत जर्जर है। फि लहाल इन दोनों स्कूलों को बनाने के लिए अभी नगर पालिका परिषद के पास बजट नहीं है।

## नोएडा में 6 दिन तक बंद रहेगा बिजली बिलों का भुगतान

**नोएडा।** बिजली के बिलों का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के लिए यह खबर बड़े काम की है। आने वाले छह दिनों तक उपभोक्ता बिलों का भुगतान नहीं कर पाएंगे।

उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से मिली जानकारी के मुताबिक शहर क्षेत्र में बिलिंग प्रणाली की तकनीकी उच्चीकरण के लिए विभाग द्वारा 31 जनवरी 2023 को शाम 6 बजे से 6 फरवरी 2023 तक दोपहर 12 बजे तक बिलों के भुगतान की प्रक्रिया बंद रहेगी।

इस दौरान यूपीपीसीएल के उपभोक्ता बिलों का भुगतान नहीं कर पाएंगे। यूपीपीसीएल के अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी उच्चीकरण के बाद बिलिंग प्रणाली में ओर बेहतर सुधार आएगा और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा सकेगी। हालांकि ऐसे उपभोक्ताओं को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकती है। हालांकि विद्युत विभाग तैयार है।

# टैक्स घोटाले में नगर निगम के तीन और अफसरों पर गिर सकती है गाज

● वसुंधरा जोन स्थित एंजल प्रमोटर्स के टैक्स को लेकर घोटाला हुआ था

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




टैक्स घोटाले में कर निर्धारण अधिकारी महेन्द्र सिंह को शासन ने निलंबित कर दिया, मगर इस घोटाले को लेकर हुई जांच में टैक्स अधीक्षक बनारसीदास, सहित तीन और अधिकारी भी दोषी पाए गए थे। इनके खिलाफ अभी तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। इससे अब नगर निगम की कार्यशैली पर ही सवाल उठ रहे हैं।

वसुंधरा जोन स्थित एंजल प्रमोटर्स के टैक्स को लेकर घोटाला हुआ था। आरोप है कि पहले लगे टैक्स को कंपनी ने अदा करने के लिए जो चेक दिया था। उसके बाउंस होने के बाद नगर निगम कंपनी के खिलाफ कोर्ट पहुंच गया। कोर्ट कंपनी पर कार्रवाई करती उसके बाद नगर निगम ने एंजल कंपनी की प्रॉपर्टी का अलग अलग 13 पिन बनाए और टैक्स को कम करते हुए कंपनी को डिमांड नोटिस जारी कर दिया।

पार्षद अजय शर्मा ने इस प्रकरण की शिकायत की थी। पार्षद शर्मा की शिकायत पर नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ की ओर से जांच कराई गई। जांच अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा ने अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट नगर आयुक्त को दी। रिपोर्ट में उन्होंने पाया कि इस मामले में कर निर्धारण अधिकारी महेन्द्र सिंह, कर अधीक्षक बनारसीदास, राजस्व कर निरीक्षक आदि कुल चार निगम कर्मियों को दोषी माना।

शासन ने गत दिनों महेन्द्र सिंह को इस घोटाले में दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया। नगर आयुक्त द्वारा शासन को कार्रवाई की की गई संस्तुति के आधार पर यह कार्रवाई की गई, मगर बाकी के तीन कर्मचारियों पर घोटाले में आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब इस प्रकरण में आरोपियों पर गाज गिर सकती है।

# नकली बिजली मीटर बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी

● विद्युत विभाग से टेंडर लेने वाली कंपनी को बेचा जा रहा माल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

राजेंद्र नगर औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय मानक ब्यूरो बीआइएस की छापेमारी में पकड़े गए नकली मीटरों को विद्युत निगम से टेंडर लेनी वाले ठेकेदारों को बेचा जा रहा था।

इन मीटरों से बिजली चोरी करना आसान है। फैक्ट्री संचालक मीटर बनाने वाली नामी कंपनी इंडोटेक का नाम लिखकर बेच रहा था। विद्युत निगम भी जांच किए बिना ही मीटरों को ग्राहकों के घर में लगाता रहा। इस तरह बिजली चोरी को अंजाम दिया जा रहा था। बीआइएस की टीम ने बुधवार को राजेंद्र नगर में नकली बिजली के मीटर बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफ ाश किया था। फैक्ट्री से 600 मीटर बनती हुई हालत में पकड़े थे। जबकि 250 मीटर बने हुए थे।

फैक्ट्री को सील कर मीटरों की प्रयोगशाला में जांच की गई। जांच में पता चला कि मीटरों पर आइएसआइ मार्क नहीं था। लाइसेंस नंबर फ र्जी डाला गया था। मीटरों पर इंडोटेक कंपनी का नाम लिखा था। जिस वजह से असली.नकली में फ र्क करना आसान नहीं था। छह माह पहले यह फैक्ट्री शुरू हुई थी। छह माह में इन मीटरों को उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड सहित विभिन्न प्रदेशों में ठेकेदारों को बेचा गया है।

इन ठेकेदारों को विद्युत निगम से टेंडर मिला हुआ था। आरोपित कम कीमत में मीटर बेच देते थे। इससे ठेकेदार को ज्यादा फ ायदा होता था। खराब गुणवत्ता के कारण मीटरों में लागत कम आती थी। बीआइएस के अधिकारियों का कहना है कि विद्युत निगम को मीटर लगाने से पहले उनकी जांच करनी चाहिए। बीआइएस केयर एप पर मीटर पर लिखा नंबर डालकर चेक करना चाहिए। यदि ठेकेदार नकली मीटर दे रहा है तो उसकी शिकायत बीआइएस के एप या अधिकारियों से करनी चाहिए।

## बंद मकानों में घुसकर चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार

**नोएडा।** घरों में घुसकर चोरी करने और उन पैसों से मौज मस्ती करने वाले एक गिरोह के चार सक्रिय सदस्यों को नोएडा के थाना सेक्टर.39 पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने चारों को स्टैलर पार्क को जाने वाली सड़क के मोड़ से गिरफ्तार किया। इनके पास से 65 ग्राम पीली धातु सोना एवं 260 ग्राम सफेद धातु चांदी पायल व 01 लैपटॉप डेल कंपनी व 01 एलईडी सोनी कंपनी 32 इंच व तीन अवैध चाकू बरामद बरामद किए गए है। इनकी पहचान समीर, सोनू , नरेश और विशाल निवासी सलारपुर हुई है। इन सभी पर नोएडा के अलग-अलग थानों में 26 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है।

# मल्टी नेशनल कंपनी के सीओओ से दिन दहाड़े लूट

● व्यस्ततम इलाकों में से एक ब्रह्मपुत्र शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के सामने दिया वारदात को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



शहर में एक बार फिर बाइक सवार झपटमार गैंग सक्रिय नजर आ रहा है। नोएडा में रोजाना करीब एक दर्जन छिनैती और झपटमारी की वारदात हो रही हैं। जिनमें बाइक सवार शामिल होते हैं। शनिवार की सुबह शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में से एक ब्रह्मपुत्र शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के सामने एक मल्टीनेशनल कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) के साथ झपटमारी हुई है।

एमएनसी के सीओओ सड़क के किनारे खड़े होकर बाइक राइड का इंतजार कर रहे थे। उसी समय बाइक सवार दो लुटेरे उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। लक्सर कंपनी के चीफ आपरेटिंग आफिसर के साथ यह वारदात दिन.दहाड़े हुई है। मोबाइल लूटने वाले बाइक सवार बदमाश उनसे फोन छीनकर फरार हो गए। घटना के समय वह आस्ट्रेलिया जा रही बेटी को एयरपोर्ट पर छोड़ने के लिए निकले थे।

नोएडा पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर.28 के रहने वाले रजनीश गोगिया ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब दस बजे वह सेक्टर.20 कोतवाली क्षेत्र में स्थित ब्रह्मपुत्र मार्केट के विपरीत दिशा में सड़क पर खड़े थे। उस वक्त वह मोटर साइकिल राइडर को मोबाइल से मैसेज कर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार दो बदमाश पीछे से आए और उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा दिया। उनसे मोबाइल लूट कर फ रार हो गए। रजनीश गोगिया ने शोर मचाया, लेकिन जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक बदमाश घटनास्थल से फरार हो चुके थे। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में फास्ट मूविंग रोड साइड क्राइम सिरदर्द बना हुआ है। एक तरफ आम आदमी परेशान है तो दूसरी तरफ पुलिस के लिए भी यह चुनौती है।

गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पिछले दिनों रोड साइड क्राइम पर कंट्रोल करने के लिए सभी पुलिस अफ सरों को आदेश दिया था। उन्होंने पुलिस को चौकस रहने और उन रास्तों की पहचान करने की हिदायत दी है, जहां से फ ास्ट मूविंग क्राइम करने वाले अपराधी फरार होते हैं।

हालांकि, अभी कमिश्नर के आदेश पर कोई कार्य योजना नोएडा पुलिस तैयार नहीं कर पाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रहलाद गढ़ी के नाले को लेकर एनजीटी में हुई सुनवाई

**गाजियाबाद।** प्रहलाद गढ़ी नाले को लेकर एनजीटी में ऑनलाइन सुनवाई हुई। सुनवाई सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई जो करीब एक घंटे से भी अधिक समय तक चली। प्रहलाद गढ़ी नाले में बह रहे गंदे पानी को लेकर एनजीटी में एक संस्था की ओर से रिट फ ाइल की गई थी जिस पर पिछले काफी समय से एनजीटी में सुनवाई चल रही है। जनहित याचिकाकर्ता का कहना है कि प्रहलाद गढ़ी के इस नाले में सीवर का पानी डाला जा रहा है। इस कारण नाले में गंदगी के उत्सर्जन होने से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। इस मामले में एनजीटी में कई सुनवाई हो चुकी है। नगर निगम का दावा है कि जिन मकानों के सीवर का पानी इस नाले में डाला जा रहा था उन सब को बंद करा दिया गया है जिससे एनजीटी द्वारा दिए गए आदेश का पालन किया जा सके। प्रहलाद गढ़ी के इस नाले को लेकर काफ ी परेशानी इसके बहाव के कौशांबी कॉलोनी की तरफहोने को लेकर भी विवाद बना था।




### जातिगत जनगणना की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** जनअधिकार पार्टी ने आज जिला मुख्यालय पर जातिगत जनगणना कराने सहित अपनी कई मांगों को लेकर डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने ज्ञापन में कहा कि जातिगत जनगणना भागीदारी का आधार है, इसलिए जनगणना होनी चाहिए। केन्द्र सरकार द्वारा बेची जा रही राष्ट्र सम्पत्तियों को रोके जाने, पेट्रोल.डीजल पर टैक्स को कम किया जाने, सामान्य वर्ग की तरह पिछड़े वर्ग के छात्रों को भी छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने, नई शिक्षा नीति को लागू न किए जाने, किसानों को खाद्य, बीज व कीटनाशक दवाएं उचित मूल्य पर दिए जाने, सिंचाई की निशुल्क व्यवस्था किए जाने, छोटे व मंझेल किसानों, दुकानदारों व व्यापारियों का कर्ज व बिजली बिल माफ किए जाने और गन्ना का बकाया भुगतान करने की मांग पार्टी ने की है। ज्ञापन देने वालों में विमल कुमार शुक्ला, राजकुमार सैनी, आरके शुक्ला, यूबी शाक्य, कनिका शाक्य, सतीश सैन, सोरन सिंह, सूरज सैनी, गिरिराज सैनी, किशन कुमार आदि मौजूद रहे।

### घर के सामने पेशाब करने से मना करने पर बुजुर्ग को पीटा

**नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के गांव रायपुर बांगर के रहने वाले बुजुर्ग को घर के सामने पेशाब कर रहे युवक को टोकना महंगा पड़ गया। आरोपित युवक ने स्वजन को बुलाकर बुजुर्ग व उसके बेटे को जमकर पीटा। पीड़ित ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रायपुर बांगर में गोपाल सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे के करीब वह घर पर बैठे थे, तभी गांव का ही संतू नामक युवक उनके दरवाजे पर पेशाब करने लगा। पीड़ित ने टोकते हुए दरवाजे से आगे पेशाब न करने को कहा तो वह भड़क गया। कुछ देर बाद अपने साथ तीन लोगों को पीड़ित के घर लेकर पहुंच गया। सभी के हाथों में लाठी डंडे थे। सभी ने मिलकर उन्हें व उनके बेटे सेंकी के साथ मारपीट की, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। चारों जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने चारों को आरोपित करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी उमेश बहादुर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### खंजर लेकर हुक्का पीते लड़कों का वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा में कुछ लड़कों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें लड़के हाथ में खतरनाक खंजर लिए हुए हैं। ये लोग हुक्का पीते हुए वीडियो बना रहे हैं। एक यूजर ने वीडियो को शेयर करते हुए नोएडा का बताया हैं। हालांकि, पुलिस अब तक वीडियो के बारे में जानकारी नहीं जुटा पाई है। पुलिस की ओर से कहा गया है कि जांच की जा रही है। वीडियो में चार युवक बिस्तर पर बैठकर हुक्का पी रहे हैं। उनके हाथ में एक खतरनाक खंजर है। जिसकी युवक बारी-बारी नुमाइश कर रहे हैं।

# लगातार कर रहा था रेप, वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक महिला से उसके पड़ोसी द्वारा हथियार के बल पर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उसके पति की गैरमौजूदगी में उसके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उसके घर में घुस आया और हथियार के बल पर डरा धमका कर दुष्कर्म किया।

आरोप है कि आरोपी ने महिला का अश्लील वीडियो भी बना लिया, जिसे दिखाकर वह उसके साथ लगातार दुष्कर्म कर रहा है। अब आरोपी अपने दोस्त के साथ भी सोने का दबाव बना रहा है और वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहा है। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला बिरोड़ी गांव की बताई जाती है। महिला ने बताया कि उसके पति की गैरमौजूदगी में उसके पड़ोसी मोहन उनके घर आता जाता रहता था। इस दौरान आरोपी ने उसका वीडियो बना लिया था। आरोप है कि बीते दिनों आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ संबंध बनाने की बात कही। लेकिन जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी।



बीजेपी के प्रतिनिधिमंडल से पुलिस आयुक्त से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की शिकायतों पर उचित कार्रवाई करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग की।

# डीसीपी कार्यालय के सामने पुलिस कांस्टेबल को मारी टक्कर, दो की हालत नाजुक

● हादसे का आरोपी कार चालक मौके से फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आए दिन कार एक्सीडेंट की खबरें सामने आती रहती है। कार एक्सीडेंट के पीछे तेज रफ्तार एक मुख्य कारण के रूप में देखा जाता है। तेज रफ्तार के चलते आए दिन नोएडा ग्रेटर नोएडा में एक्सीडेंट होते रहते है।

शनिवार को तेज रफ्तार के कहर का शिकार दो पुलिसकर्मी हुए। तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने ड्यूटीरत बाइक सवार 02 पुलिसकर्मीयों को टक्कर मार दी थी। दोनो पुलिसकर्मी टक्कर से घायल हो गए थे। शनिवार को कांस्टेबल नवीन और कांस्टेबल निर्मेस पुलिस डाक संबंधी काम के लिए डीसीपी ग्रेटर नोएडा के कार्यालय जा रहे थे। बाइक सवार दोनो कांस्टेबल को एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनो पुलिसकर्मियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया था।

पुलिसकर्मियों की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। कांस्टेबल नवीन की शिकायत पर नोलेज पार्क पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी नॉलेज पार्क विनोद कुमार सिंह ने बताया कि थाना जेवर पर तैनात कांस्टेबल निर्मेस व एसीपी जेवर कार्यालय में तैनात कांस्टेबल नवीन बाइक पर सवार होकर डीसीपी कार्यालय जा रहे थे। उसी वक्त शारदा गोल चक्कर पर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उनको टक्कर मार दी जिसमे दोनो कांस्टेबल घायल हो गए है।

# मुंशी की हत्या में दिल्ली पुलिस का सिपाही पकड़ा

● मामूली बात पर हो गई थी कहासुनी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद स्थित मसूरी थाना क्षेत्र के इंद्रगढ़ी में शनिवार शाम हुई कहासुनी के बाद दिल्ली पुलिस के सिपाही, पत्नी व बेटे द्वारा अधिवक्ता के मुंशी को मारी गई गोली मामले में पीड़ित की दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

मामले में पुलिस ने आरोपित सिपाही व उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मामले में सिपाही का बेटा अभी फ रार है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

बता दें कि इंद्रगढ़ी की लीलू कालोनी के रहने वाले रामेश्वर दयाल एक अधिवक्ता के मुंशी हैं। वह शनिवार शाम घर से टहलने के लिए निकले थे। इस दौरान उनकी पड़ोसी दिल्ली पुलिस के सिपाही मुकेश से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद मुकेश ने बेटे रोहित उर्फमहाराणा व पत्नी गीता के साथ मिलकर उनके कूल्हे में सटाकर गोली मार दी थी। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गए थे।

पुलिस को गुमराह करने के लिए मुकेश ने अपने सिर में ईंट मारकर खुद को भी घायल कर लिया था। स्वजन ने रामेश्वर दयाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जीटीबी अस्पताल के लिए रेफ र किया। रविवार सुबह रामेश्वर की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में रामेश्वर के भाई मोहित गौतम ने तीनों आरोपितों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# कॉलोनी-मुहल्ले में बदमाशी की तो लगेगा गुंडा एक्ट

● कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद अपराधा रोकने के लिए सख्त तरीके अपनाने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद अब गुंडा एक्ट भी सख्त तरीके से लागू होगा। अब तक पुलिस की रिपोर्ट पर प्रशासन गुंडा एक्ट की कार्रवाई करता था और इसमें ऐसे लोगों को पाबंद करता था जो मादक पदार्थ जैसे अपराधों में लिप्त थे, लेकिन पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद अब पुलिस को मिले अधिकारों के तहत गुंडा एक्ट को और प्रभावी बनाने और इसका सही तरीके से असर दिखाई दे इसको लेकर व्यवस्था की गई है।

अब अगर कॉलोनी मोहल्ले में किसी ने भी कोई दबंगई की या माहौल पैनिक किया और उसकी शिकायत पुलिस तक पहुंची तो फिर पुलिस ऐसे व्यक्ति के खिलाफ गुंडा एक्ट में कार्रवाई करेगी। अपराध पर नियंत्रण और बदमाशों पर प्रभावी कार्रवाई करने की प्रक्रिया और अधिक मजबूत एवं गतिशील बनाने के क्रम में पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने गुंडा एक्ट लगाने के अधिकार अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को प्रदत्त किये हैं। अब अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी के पास गुंडा एक्ट लगाने की भी शक्तियां होगी।

बता दें कि अब तक पुलिस कमिश्नर के पास ही गुंडा व गैंगस्टर एक्ट लगाने की शक्तियां होती थीए लेकिन गाजियाबाद कमिश्नरेट में गुंडा एक्ट लगाने और इसे और प्रभावी रूप देने के लिये पुलिस आयुक्त श्री मिश्रा ने यह कदम उठाया है। गौरतलब हैं कि अभी तक पुलिस गुंडा अधिनियम की खानापूर्ति करने के लिये मादक पदार्थ की तस्करी व खरीद फरोख्त करने वाले अपराधियों पर ही अमुमन गुंडा एक्ट की कार्रवाई करती थी, लेकिन अब से पुलिस कमिश्नरेट में रहने वाले ऐसे व्यक्तियों की कुंडलियां खंगालकर उनके खिलाफगुंडा एक्ट की कार्रवाई करेगी जो दबंगई दिखाकर गली-मौहल्लों व कॉलोनियों में दहशत का माहौल बनाकर कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दिखाई देते हैं।

अगर सीपी की यह मुहिम कारगर साबित हुई तो गली.मौहल्लों में गुंडई करने वाले गुंडों-मवालियों की शामत आ जाएगी। देखना यह है कि अधिनस्थ अधिकारी अपनी मुखिया की इस मुहिम को कितना परवान चढ़ा पाते हैं।

# मुआवजा दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपये की ठगी

● मुकदमा दर्ज लेकिन कोई कार्रवाई नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मुआवजा दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि उसी के गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने उसे एक फ र्जी जमीन की खतौनी दिखाकर उसे ढाई करोड़ रुपए का मुआवजा दिलाने की बातों में फंसाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है।

पीड़ित को जब इसका एहसास हुआ तो उसने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में इस्लाम ने बताया कि वह जारचा थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

पीड़ित का कहना है कि उसी के गांव के रहने वाले अब्बास हैदर ने कुछ वर्ष पहले उसके पास आया और कहा कि उसके पिता के नाम लगभग 8 बीघा जमीन निकली हुई और वह इसके मुआवजा उठा सकता है। जमीन के बदले ढाई करोड रुपए का मुआवजा दिलाने की बात कही। इसके एवज में वह लगभग 35 लाख लेगा इस पर पीड़ित का कहना है कि वह तैयार हो गया क्योंकि इस्लाम पढ़ा लिखा नहीं था, अब्बास हैदर उसे प्राधिकरण के ऑफि स के बाहर ले जाता था और वहां मौजूद किसी शख्स से ऑफिस के बाहर मिलाता।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# चार स्कूली बसों समेत सात वाहन आपस में टकराए, 24 बच्चे घायल

## चिड़ियाघर और अक्षरधाम जा रहे थे तीन स्कूलों के 216 छात्र, एक शिक्षिका समेत चार अन्य भी जख्मी




सलीमगढ़ फ्लाईओवर पर स्कूल बस से भिड़े अन्य वाहन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के सलीमगढ़ फ्लाईओवर पर सोमवार तड़के हुई सड़क दुर्घटना चार स्कूल बसों और तीन अन्य वाहनों के आपस में टकरा जाने से स्कूल ट्रिप पर जा रहे 24 बच्चों सहित कुल 28 लोग घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि चार स्कूल बसों, एक ऑटोरिक्शा, एक कार और एक बाइक की गति पर नियंत्रण खोने के कारण टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि चार बसों में 216 स्कूली बच्चे सवार थे और दुर्घटना में छात्रों, स्कूल के तीन कर्मचारियों और एक अन्य व्यक्ति सहित कुल 28 लोगों को चोट आई है।

हादसे के बाद सोशल मीडिया पर कथित वीडियो में छात्रों को खिड़कियों से कूद कर बसों से बार निकलने का वीडियो वायरल हो गया जिसमें राहगीरों को उनकी मदद करते हुए देखा जा सकता है। मध्य दिल्ली की पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने बताया कि इन बसों को सरकारी माध्यमिक विद्यालय- भलस्वा गांव, सरकारी सर्वोदय कन्या विद्यालय - खजूरी और सरकारी बाल उच्चतम माध्यमिक विद्यालय - सी ब्लॉक दिलशाद गार्डन ने बच्चों को अक्षरधाम और चिड़ियाघर ले जाने के लिए किराए पर लिया था।

उन्होंने बताया कि पुलिस को दिन में करीब 11 बजे दुर्घटना की जानकारी मिली। टीम जब मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि चार बसें, एक ऑटोरिक्शा, एक कार और एक बाइक की आपस में टक्कर हो गई है। मामले की जांच से जुड़े एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक बस का चालक समय पर ब्रेक नहीं लगा सका और उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह टक्कर हुई। चौहान ने बताया कि सरकारी माध्यमिक विद्यालय -भलस्वा गांव के पांच छात्र, सरकारी सर्वोदय कन्या विद्यालय- खजूरी को 10 छात्राएं और सरकारी बाल उच्चतम माध्यमिक विद्यालय- सी ब्लॉक दिलशाद गार्डन के नौ छात्र दुर्घटना में घायल हुए हैं।

सरकारी बाल उच्चतम माध्यमिक विद्यालय - सी ब्लॉक दिलशाद गार्डन की एक महिला शिक्षक सहित तीन कर्मचारी और एक बाइक सवार घायल हुए हैं।सोशल मीडिया पर उपलब्ध घटना के तथा-कथित वीडियो में छात्रों को खिड़कियों से कूद कर बस से बाहर निकलते हुए और राहगीरों को उनकी मदद करते हुए देखा जा सकता है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारण यातायात जाम हो गया।

टक्कर में सभी वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। एलएनजेपी अस्पताल, जहां घायलों का इलाज चल रहा है उसके मेडिकल निदेशक डॉक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि एक छात्र को छोड़कर बाकी सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने बताया, 11 साल के एक छात्र की हड्डियों में चोट आई है और उसे निगरानी में रखा गया है। एक्स-रे किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में उचित कार्रवाई की जा रही है।

### सुबह-सुबह मध्य दिल्ली में लगा भीषण जाम

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के पूर्वी हिस्सों और नोएडा से मध्य दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों को सोमवार को राजघाट की ओर तथा उसके बाहर अति विशिष्ट लोगों (वीआईपी) की आवाजाही के कारण भारी जाम का सामना करना पड़ा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजघाट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पुलिस के मुताबिक, आईटीओ, प्रगति मैदान और बारापुला से आने-जाने वालों को भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ेगा क्योंकि ये रास्ते पूरी तरह से बंद हैं। एक यात्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि अक्षरधाम से राजघाट तक भारी जाम है। ऐसे भी स्थान थे जहां वाहन कम से कम 45 मिनट तक एक जगह खड़े रहे। मुझे एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए कनॉट प्लेस जाना था लेकिन जाम के कारण मैं समय पर नहीं पहुंच सका।*

# अनुकंपा आधारित नियुक्ति में मिली ढील

- तीन लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विनय कुमार सक्सेना

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के नियमों में ढील दी है। उन्होंने बल की ओर से तीन लोगों को इसका लाभ देने से इनकार करने के फैसले को पलट दिया है। राजनिवास के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि दिल्ली पुलिस ने पांच-छह महीने अधिक उम्र होने की वजह से कांस्टेबल पद पर राकेश कुमार और अजय कुमार एवं कांस्टेबल पद पर जितेंद्र भदौरिया को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देने से इनकार किया था। लेकिन उपराज्यपाल ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस (नियुक्ति एवं भर्ती) नियम 1980 के नियम 30 के तहत शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए निर्धारित आयु मानदंड में रियायत दी और तीन लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए।अधिकारी ने बताया, राकेश कुमार और अजय कुमार ने उम्र में पांच-पांच महीने की रियायत देने जबकि जितेंद्र भदौरिया ने छह महीने की रियायत देने का उपराज्यपाल से आग्रह किया था।

उनके मुताबिक, उपराज्यपाल ने उम्र में रियायत देते हुए रेखांकित किया कि मृतक पुलिस कर्मियों के परिवार में विधवा, बुजुर्ग माता-पिता, बच्चे और अविवाहित बेटियां हैं और यह प्राकृतिक न्याय के हित में है कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के मामलों में फैसला लेते हुए परिवार की आर्थिक स्थिति समेत ऐसे कारकों पर विचार किया जाए।

सक्सेना ने यह भी रेखांकित किया कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए आरक्षित पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं। उपराज्यपाल को सूचित किया गया कि कांस्टेबल (कार्यकारी) के 115 पद और कांस्टेबल के 28 पद खाली पड़े हैं। उन्होंने इनमें से तीन पदों पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कांस्टेबल देवेंद्र की 25 साल की उम्र में सात जनवरी 2015 को मृत्यु हो गई थी और उनके परिवार में उनके माता-पिता हैं।

### 139 सरकारी डॉक्टरों की पदोन्नति को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों में काम कर रहे 139 डॉक्टरों को ग्रेड-2 से ग्रेड-1 में पदोन्नत करने की मंजूरी दे दी है। राज निवास के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि चार साल की सेवा अवधि पूरी करने के बाद योग्य बने इन डॉक्टरों (गैर-शिक्षण विशेषज्ञ) की पदोन्नति 2020।2021 से लंबित थी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा 2014।2015 में नियुक्त ए डॉक्टर पंडित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल, गुरु तेगबहादुर अस्पताल, लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल और डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल जैसे दिल्ली सरकार के अस्पतालों में काम कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि सक्सेना ने इन डॉक्टरों को ग्रेड-2 से ग्रेड-1 में पदोन्नत करने की मंजूरी दे दी है।

### आबकारी घोटाला: अमित की अंतरिम जमानत मंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले के तहत धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार कारोबारी अमित अरोड़ा की दो सप्ताह की अंतरिम जमानत मंजूरी कर ली।

विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने बडी रिटेल के निदेशक अरोड़ा को मानवीय आधार पर राहत दी क्योंकि उसकी पत्नी को पित्ताशय की पथरी निकालने के लिए ऑपरेशन कराना है। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को तथ्यों और परिस्थितियों की समग्रता को ध्यान में रखते हुए स्वीकार किया जाता है और आरोपी अमित अरोड़ा को दो सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी जाती है। अरोड़ा की ओर से पेश हुए वकील उज्ज्वल आनंद शर्मा कोर्ट में पेश हुए।

# वास्तविक समय पर होगी प्रदूषण की निगरानी

- मुख्यमंत्री केजरीवाल ने रीयल टाइम प्रदूषण निगरानी वाहन का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार अब यहां रीयल-टाइम स्रोत विभाजन अध्ययन की शुरुआत के साथ अधिक सटीक तरीके से प्रदूषण से निपटने में सक्षम होगी।

केजरीवाल ने राउज एवेन्यू में रीयल-टाइम स्रोत विभाजन सुपरसाइट और एक मोबाइल वैन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वास्तविक समय स्रोत विभाजन सुपरसाइट अध्ययन एक घंटे के आधार पर प्रदूषण के स्रोतों का विवरण साझा करेगा। मोबाइल वैन एक विशेष स्थान पर जाएगी और एकत्र किए गए आंकड़े का सुपरसाइट पर विश्लेषण किया जाएगा। अभी, हम एक मोबाइल वैन से शुरुआत कर रहे हैं लेकिन जल्द हम और अधिक मोबाइल वैन इसमें शामिल करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वास्तविक समय के प्रदूषण स्रोतों के बारे में जानकारी प्राप्त करने से सरकार अधिक सटीक तरीके से समस्या से निपटने में सक्षम होगी। केजरीवाल ने कहा कि वास्तविक समय के आंकड़ों से पता चला कि सुबह 8 बजे, बाहरी स्रोतों और वाहनों के उत्सर्जन के कारण प्रदूषण 35 प्रतिशत रहा, जबकि जैव ईंधन जलाने से प्रदूषण की दर 29 प्रतिशत थी। पूर्वाह्न 10 बजे, बाहरी स्रोतों के कारण प्रदूषण घटकर 29 प्रतिशत, जैव ईंधन जलने से शून्य प्रतिशत और वाहनों से होने वाला प्रदूषण 35 प्रतिशत रहा।

# धार्मिक सभाओं में नफरती भाषण देने के मामले की जांच पूरी: पुलिस

- दिल्ली पुलिस ने उच्चतम न्यायालय को दी जानकारी, कहां जल्द अंतिम जांच रिपोर्ट दाखिल करेंगे




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि 2021 में राष्ट्रीय राजधानी में धार्मिक सभाओं में दिए गए नफरती भाषण के एक मामले में उसकी जांच काफी हद तक पूरी हो चुकी है और जल्द ही एक अंतिम जांच रिपोर्ट दाखिल की जाएगी।

दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल केएम नटराज ने न्यायालय को बताया कि जांच लगभग पूरी हो चुकी है और आरोप-पत्र जल्द ही दाखिल किया जाएगा। इस पर गौर करते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि वह तीन हफ्ते बाद मामले की सुनवाई करेगी। नफरती भाषण का मामला दिसंबर 2021 में सुदर्शन न्यूज के संपादक सुरेश चव्हाणके के नेतृत्व में दिल्ली में आयोजित हिंदू युवा वाहिनी के एक कार्यक्रम से जुड़ा है। शीर्ष अदालत ने इस बीच दिल्ली पुलिस से एक हलफनामा दायर करने को कहा जिसमें उन्होंने मामले में अब तक उठाए गए कदमों का ब्योरा दिया हो।

सुनवाई की शुरुआत में सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि न्यायमूर्ति नरसिम्हा संबंधित मामलों में से एक में वकील के रूप में पेश हुए थे। विधि अधिकारी ने नफरती भाषणों के मुद्दे पर सुदर्शन न्यूज टीवी चैनल के खिलाफ दायर एक अलग समान याचिका का भी उल्लेख किया और आग्रह किया कि मामले को सुनवाई के लिए एक साथ सूचीबद्ध किया जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इसे बाद में इंगित किया जा सकता है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय के मुगल गार्डन का भी बदला गया नाम

- गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान करने की मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नॉर्थ कैम्पस स्थित मुगल गार्डन का नाम बदलकर गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान कर दिया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। डीयू ने 27 जनवरी को नाम बदले जाने के पीछे यह तर्क दिया कि उद्यान मुगल शैली का नहीं था।

विश्वविद्यालय के अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन और विश्वविद्यालय परिसर के उद्यान का नाम बदलने का एक समय महज संयोग है और उद्यान समिति ने लंबी चर्चा के बाद फैसला लिया है।

कुलसचिव विकास गुप्ता ने 27 जनवरी को जारी अधिसूचना में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकार ने वाइस रीगल लॉज के सामने मौजूद उद्यान के मध्य गौतम बुद्ध की प्रतिमा के साथ इसका नाम गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान करने को मंजूरी दे दी है। गौतमबुद्ध की प्रतिमा उद्यान में कम से कम गत 15 साल से मौजूद है।

# अकेली रह रही 88 वर्षीय महिला की हत्या

- घर में की गई तोड़फोड़, सामान गायब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के करावल नगर इलाके में अकेली रहने वाली 88 वर्षीय महिला की उसके घर में कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था और घर में तोड़फोड़ की गई थी। उन्होंने बताया कि मरने वाली महिला की पहचान शांति देवी के रूप में की गई है। महिला की एक पड़ोसी ने उसके घर का दरवाजा खुला पाया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शांति देवी ने जब पड़ोसी महिला को कोई जवाब नहीं दिया, तब उन्होंने रविवार रात करीब नौ बजे पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया पुलिस की टीम जब मौके पर पहुंची तो उसने शांति देवी को अपने बिस्तर पर मृत पाया, हालांकि उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे। अधिकारी के अनुसार, पुलिस को अंदेशा है कि महिला की गला दबाकर हत्या की गई है। हालांकि, मौत के स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। पुलिस ने बताया कि फिलहाल अपराध और फोरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया है, जहां सोमवार को उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि मृत महिला के तीन बेटे हैं जो दिल्ली में रहते हैं। अधिकारी ने बताया कि, पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 392 (डकैती) और 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। अधिकारी ने बताया कि, आरोपियो को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया।

# मेरठ पुलिस के जवान लेंगे रैपो में दंगा नियंत्रण प्रशिक्षण

- यूपी पुलिस के कुल 63 कार्मिक भाग ले रहे


**पीएनएस।** नई दिल्ली/मेरठ



मेरठ पुलिस के समक्ष दंगा नियंत्रण से बढ़ती चुनौतियों का सामना करने की दिशा में उत्तर प्रदेश पुलिस मेरठ रेंज मेरठ के कार्मिकों के लिए प्रभावी दंगा नियंत्रण के संबंध में द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी, मेरठ में विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। वर्तमान में रैपो में उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिकों के लिये 04 सप्ताह का दंगा नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षण दिनांक 30 जनवरी से 25 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। इसमें यूपी पुलिस के कुल 63 कार्मिक भाग ले रहे हैं। उपरोक्त प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ रैपो मेरठ के प्रांगण में सोमवार को 30 जनवरी को अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो, मेरठ द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए इस प्रकार के प्रशिक्षण को देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत उपयोगी बताया।

इन प्रशिक्षण के दौरान इन प्रशिक्षणार्थियों को दंगा नियंत्रण के सभी तकनीकी पहलुओ, भीड़ के मनोविज्ञान, पुलिस पब्लिक व्यवहार, साम्प्रदायिक सदभाव, फायर फायटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन/मुनेशन हैण्डलिंग, दंगा विरोधी ड्रिल, केस स्टडीज, मानवाधिकार के साथ-साथ दंगा नियंत्रण के दौरान अपनायी जाने वाली विभिन्न फारमेशनों एवं आधुनिक दंगा नियंत्रण हथियारों और विशेष तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रयासों के फलस्वरूप स्थापित दंगा नियंत्रण एवं प्रबन्धन संस्थान, द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी, (रैपो) मेरठ अखिलेश सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में लोक व्यवस्था प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

### अमृत महोत्सव वर्ष में 75 फुट लंबा फड़, एक रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के स्वायत्त संस्थान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला ने अब तक का सबसे लंबा 'फड़' बनाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी भीलवाड़ा यात्रा के दौरान मालासेरी डूंगरी में भगवान देवनारायण के दर्शन करने के बाद इस 'फड़' के प्रति भी अपनी श्रद्धा दिखाई और इसे बनाने वाले कलाकारों की सराहना की। लंबे कपड़ों पर विभिन्न समाजों के कुलदेवता की कथा कहते 'फड़' का निर्माण और प्रदर्शन विधि-विधान पूर्वक पूजा-पाठ के साथ किया जाता है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर 75 फीट लंबे और नौ फीट चौड़े इस फड़ का निर्माण आइजीएनसीए ने पहली बार कराया है। इसे भीलवाड़ा स्कूल के 20 कलाकारों को साथ लेकर प्रसिद्ध चित्रकार कल्याण जोशी के निर्देशन में पूरा किया गया है।

# संसद भवन की कैंटीन में मिलेगा मोटे अनाज के व्यंजनों का जायका

## बाजरे की खिचड़ी, ज्वार का उपमा, कंगनी के लड्डू और रागी मटर का शोरबा होगा खास



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

संसद भवन की कैंटीन में अब खाने की सूची में ज्वार उपमा से लेकर बाजरे की खिचड़ी, रागी के लड्डू, बाजरे का चूरमा के अलावा बाजरे की राब और रागी मटर के शोरबे जैसे मोटे अनाज से बने ढेरों व्यंजनों को शामिल किया जाएगा।

सरकार द्वारा मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 31 जनवरी से प्रारंभ हो रहे बजट सत्र से सांसदों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों के लिए कैंटीन में रागी, ज्वार, बाजरा, राजगीरा, कंगनी आदि से बने व्यंजन परोसने की व्यवस्था की है।

संसद भवन की कैंटीन में देश के विभिन्न इलाकों में प्रचलित मोटे अनाज से बने व्यंजन को खाने की सूची में शामिल किया गया है। यह पहल ऐसे समय में शुरू की गई है जब रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में अपने संबोधन में मोटे अनाज के महत्व को रेखांकित किया था।

संसद भवन की कैंटीन में स्वास्थ्य को लेकर जागरूक लोगों को जई दूध, सोया दूध के अलावा, सूप में बाजरे की राब (राजस्थानी), रागी मटर का शोरबा और स्टार्टर के रूप में बाजरा प्याज का मुठिया (गुजरात),



सांभर के साथ रागी रवा इडली, शाही बाजरे की टिक्की (मध्य प्रदेश) तथा ज्वार सब्जी उपमा (गुजरात) मिल सकेगा। इसके अलावा, संसद कैंटीन में रागी घी रोस्ट, रागी इडली, ज्वार सब्जी उपमा, और, मुख्य भोजन के रूप में मक्काबाजराज्वार की रोटी के साथ सरसों का साग, आलू की सब्जी के साथ रागी पूरी, लहसुन की चटनी के साथ बाजरे की खिचड़ी मिलेगी। साथ ही, शाही बाजरे की टिक्की (मध्य प्रदेश), रागी मूंगफली की चटनी के साथ डोसा (केरल), चौलाई का सलाद और बाजरा सलाद भी परोसा जाएगा। इसमें राजस्थानी राजगीरा पूरी और आलू की सब्जी भी परोसी जाएगी।

संसद आने वाले आगंतुक अमरनाथ सलाद, मोटे अनाज से युक्त केशरी खीर, रागी के लड्डू आदि का भी लुत्फ उठा सकेंगे। गौरतलब है कि पिछले महीने कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शीतकालीन सत्र के दौरान सांसदों के लिए केवल मोटे अनाज से बने व्यंजनों का भोज दिया था।

संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज का वर्ष घोषित किया है। भारत सरकार ने इस संबंध में प्रस्ताव पेश किया था।

दिल्ली नगर निगम
पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग (मुख्यालय)

सार्वजनिक सूचना
दिनांक: 30.01.2023

**स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत कचरा मुक्त शहर 3-स्टार (जीएफसी) प्रोटोकॉल के तहत घोषणा के लिए आपत्तियों/सुझावों के आमंत्रण के संबंध में**

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA), भारत सरकार के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन 2.0 द्वारा कचरा मुक्त शहर स्टार रैंकिंग के अनुरूप, प्रोटोकॉल के तहत दिल्ली नगर निगम का स्व-मूल्यांकन किया जाता है। एमसीडी के सभी वार्ड प्रभारियों ने जीएफसी प्रोटोकॉल के तहत एमसीडी को थ्री स्टार सिटी घोषित करने के संबंध में अपना-अपना स्वघोषणा पत्र जमा कर दिया है। इसी प्रोटोकॉल के अंतर्गत एमसीडी को 3 स्टार सिटी घोषित करने के लिए प्रारंभिक प्रस्ताव पारित किया गया है। प्रारंभिक प्रस्ताव कचरे के डोर-टू-डोर संग्रहण और पृथक्करण, सार्वजनिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों की सफाई, कूड़ेदानों के प्रबंधन, कचरा-पात्र मुक्त शहर, कचरे के प्रसंस्करण, उपयोगकर्ता शुल्क संग्रहण और सतत वित्तपोषण, प्रवर्तन एवं प्लास्टिक प्रतिबंध, नालियों की सफाई, सी एंड डी अपशिष्ट प्रबंधन, प्रभावी नागरिक शिकायत और निवारण तंत्र, डंप-साइट उपचार, थोक अपशिष्ट जनरेटर अनुपालन और जीएफसी प्रोटोकॉल में उल्लिखित अन्य क्षेत्रों में शहर के प्रयासों और उपलब्धियों पर आधारित है।

अतः, इसी संबंध में एमसीडी अपने नागरिकों से अपील करना चाहती है कि वे प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर नोडल कार्यालय (स्वच्छ सर्वेक्षण 2023) एमसीडी मुख्यालय को ई-मेल- "mcdswachhsurvekshan@gmail.com" पर अपनी आपत्तियां और सुझाव प्रदान करें। एमसीडी उपरोक्त समय-सीमा के पूरा होने के बाद शहर को कचरा मुक्त 3-स्टार शहर घोषित करने के लिए अंतिम संकल्प अपनाएगी।

R.O. NO. 64/DPI/MCD/2022-23

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 जनवरी, 2023



# सीएम उड़नदस्ते ने सोहना में बिना लाइसेंस चल रही दो लैब पर दर्ज कराए मामले

## लैब से गैरकानूनी कागजात समेत अन्य सबूत टीम ने जुटाए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ते ने शहर की अनाज मंडी में बिना लाइसेंस चल रही दो लैबों पर छापा मारा। दस्ते ने दोनों ही लैब से गैरकानूनी कागजात समेत अन्य सबूत जुटाए हैं। नियमानुसार संचालन नहीं होने पर लैब संचालक समेत एक नौकर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

शहर की अनाज मंडी में बिना लाइसेंस के चल रही दो अलग-अलग लैब पर सोमवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने छापा मारे। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता गुलशन लैब और लाइफलाइन पर पहुंची। करीब तीन घंटा तक चली जांच कार्रवाई के बाद टीम ने दोनां ही लैब संचालक समेत तीन के खिलाफ स्थानीय पुलिस को लिखित में शिकायत दी है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते में शामिल एसआई सुरेश चंद, रणधीर सिंह, समय सिंह, अशोक कुमार, नागरिक अस्पताल से मेडिकल अधिकारी डॉ. प्रवीण यादव व शहर थाना से एएसआई धर्मेन्द्र शामिल थे। टीम ने पहले लाइफलाइन लैब पर जांच पड़ताल की। जहां पर फॉर्मासिस्ट पंकज द्वारा लैब का संचालन किया जा रहा था। पंकज ही टेस्ट कर रहा था जबकि उसका मुख्य कार्य दवा बिक्री करना था। यहां से मात्र 100 मीटर की दूरी पर बेसमेंट में चल रही गुलशन लैब पर उड़नदस्ता पहुंचा। लैब गुलशन व एकन्यूम सागर चला रहा था। गुलशन मौके पर नहीं था। उस समय एक महिला लैब पर मौजूद थी। जांच के बाद एसआई सुरेश चंद ने बताया कि गुलशन लैब बिना लाइसेंस और डॉक्टर के चलाई जा रही है। लैब पर मौजूद कर्मचारी ही अपने हस्ताक्षर व मोहर लगाकर जांच रिपोर्ट ग्राहकों को देता है। सुरेश चंद ने बताया नामजद तीनों आरोपियां के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज करने के लिए शिकायत दे दी है। वहीं शहर थाना पुलिस ने मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम से मिली शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की कवायद शुरू कर दी है।



सोहना की अनाज मंडी में बिना लाइसेंस के चल रही लैब से जुटाए गए सबूत के साथ मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के सदस्य।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य मेला लगाकर जांची ग्रामीणों की सेहत



मानेसर ब्लॉक में स्वास्थ्य मेले में कर्मचारियों को सम्मानित करते अतिथि

**गुरुग्राम।** सोमवार को मानेसर ब्लॉक के गांव नाहरपुर में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला लगाया। मेले का उद्घाटन सरपंच सुंदर लाल सिकंदरपुर बढ़ा, विजयपाल सरपंच, लक्ष्मण सरपंच व हरजस सरपंच ने किया। यह स्वास्थ्य मेला सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, डा. जयप्रकाश राजलीवाल के मार्गदर्शन में लगाया गया। स्वास्थ्य मेले में मेडिकल ऑफिसर डा. परवीन चौधरी के साथ पीएचसी मानेसर के स्वास्थ्यकर्मियों ने सेवाएं दी। इस मेले में 356 मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा आरबीएसके प्रोग्राम के तहत सरकारी स्कूल के 800 बच्चों की भी जांच की गई। उद्घाटन अवसर पर सरपंच सुंदर लाल, विजयपाल, लक्ष्मण व हरजस ने संयुक्त रूप से इस कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच के लिए यह शिविर काफी लाभदायक रहा। ऐसे शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाना चाहिए, जिससे कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिला अस्पताल जाना पड़े। आम तौर पर छोटी-छोटी बीमारियों के लिए जिला अस्पताल में अधिक भीड़ रहती है, जबकि वह बीमारियां थोड़े से उपचार में ठीक हो जाती हैं। अस्पताल में अधिक भीड़ का दबाव कम करने में इस तरह के शिविर काफी लाभकारी साबित होंगे। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि गुरुग्राम जिला में कोराना काल से स्वास्थ्य विभाग ने बहुत बेहतरीन कार्य किए हैं। इसके लिए उन्होंने आशा वर्कर, एएनएम का पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत और सम्मान किया।

### तिब्बती सांसद नामग्याल ने विधायक सुधीर सिंगला से मुलाकात की

**गुरुग्राम।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत प्रमुख अमित गोयल के नेतृत्व में निर्वासित तिब्बती सांसद नामग्याल डोलकर लहग्यारी ने विधायक सुधीर सिंगला से मुलाकात की। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर के तिब्बती बंदोबस्त अधिकारी त्सेरिंग दोरजी, तिब्बती शरणार्थी हथकरघा संघ बाजार गुरुग्राम के सदस्य भी मौजूद रहे। उन्होंने विधायक का बुके व अंगवस्त्र भेंट करके उनका सम्मान किया। निर्वासित तिब्बती सांसद नामग्याल डोलकर लहग्यारी ने विधायक सुधीर सिंगला के साथ यहां तिब्बती मार्केट के दुकानदारों को आ रही कुछ समस्याओं को साझा किया। पिछले करीब 18 साल से यहां तिब्बती अपना एक विशेष बाजार यहां लगाते हैं। यहां पर कुछ महीने तक वे कपड़े बेचकर लौट जाते हैं। सांसद नामग्याल डोलकर लहग्यारी ने विधायक को बताया कि तिब्बत से आए दुकानदारों को कई समस्याएं आ रही हैं। ये दुकानदार किसी न किसी रूप में यहां के राजस्व का भी हिस्सा हैं। इसलिए उनका अनुरोध है कि इन दुकानदारों की समस्याओं को दूर करें, ताकि लंबे समय तक ये दुकानदार अपना व्यवसाय यहां पर कर सकें। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में हर मेहमान का स्वागत है। यहां किसी को भी परेशानी नहीं होती। अगर तिब्बती मार्केट के दुकानदारों की कोई समस्या है तो उसे दूर किया जाएगा। भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत प्रमुख अमित गोयल ने भी सांसद नामग्याल डोलकर लहग्यारी को विश्वास दिलाया है ।

# अंजू देवी ने नगर परिषद चेयरपर्सन पद की ली शपथ, 22 जून को जीता था चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अंजू** देवी ने 7 माह का लंबा इंतजार करने के बाद सोमवार को सोहना नगर परिषद चेयरपर्सन पद संभाल लिया। अंजू देवी को एसडीएम प्रदीप मलिक ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने बैंड बाजे और आतिशीबाजी के साथ नगर परिषद कार्यालय में पहुंच कार्यभार संभाला। इस अवसर पर अंजू देवी के साथ भाजपा जनता पार्टी के क्षेत्रीय नेता व समर्थकों की भारी भीड़ थी।

करीब 7 माह तक का लंबा इंतजार करने के बाद अंजू देवी ने कानूनी दावपेचों की लड़ाई लड़ते हुए नगरपरिषद चेयरपर्सन पद की शपथ लेते हुए कार्यभार संभाला है। 16 नवबंर को नगर परिषद उप चेयरमैन पर चुनी गई रीना देवी बतौर कार्यवाहक चेयरपर्सन संभाल रही थी। प्रशासन ने चेयरपर्सन पद की शपथ दिलाने के लिए अंजू देवी को 27 जनवरी को पत्र भेज कर आमंत्रित किया था। जिसमें 30 जनवरी को एसडीएम प्रदीप मलिक ने अंजू देवी को सुबह 9:50 बजे शपथ दिलाई।



नगर परिषद चेयरपर्सन की शपथ लेते हुए अंजू देवी।

इससे पहले सुबह से ही एसडीएम कार्यालय में अंजू देवी के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे भाजपा के क्षेत्रीय नेता व समर्थक समेत सभी वर्ग के गण्यमान्य लोगों की भीड़ थी।

इस अवसर पर पार्षद हरीश नंदा, परमिंदर, व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज बजरंगी, भाजपा मंडल प्रधान गौरव चुघ, भाजपा महिला मंडल प्रधान बिमला राघव, समाजसेवी कमल छाबड़ी, राकेश जैन रोकी, पूर्व पार्षद डॉ. सतीश तंवर, परिषद कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह, एसडीओ राजपाल खटाना, जेई दिगम्बर सिंह, आजाद सिंह आदि के अलावा काफी संख्या में गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

कार्यभार संभालने के साथ ही अंजू देवी ने कहा कि शहर में साफ-सफाई व्यवस्था और जनसमस्याओं को प्राथमिकता पर पूरा कराया जाएगा। अंजू देवी ने हलका विधायक संजय सिंह, सांसद राव इन्द्रजीत सिंह समेत मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के आधार पर विकास कार्यों को गति देने का विश्वास दिलाया।

> “ उपायुक्त निशांत यादव के आदेश और कानूनी सलाह लिए जाने के बाद अंजू देवी को नगर परिषद के चेयरपर्सन पद की शपथ दिलाई गई है।
>
> (प्रदीप मलिक-एसडीएम सोहना)



गुरुग्राम के सेक्टर-84 एसएस कोरल वुड व एसएस अलमिरिया सोसायटी आरडब्ल्यूए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल।

# आरडब्ल्यूए टीम को सरपंच सुंदर लाल ने दीं शुभकामनाएं

## सेक्टर-84 एसएस कोरल वुड व एसएस अलमिरिया सोसायटी के सर्वसम्मति से हुए चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर**-84 स्थित एसएस कोरल वुड व एसएस अलमिरिया सोसायटी की आरडब्ल्यूए टीम का सर्वसम्मति से चुनाव कर लिया गया। चुने गए सभी प्रतिनिधियों को सरपंच सुंदर लाल ने शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जनहित में काम करने को प्रेरित किया।

आरडब्ल्यूए के चुनाव में एसएस कोरल वुड और एसएस अमिरिया सोसायटी के प्रधान पूर्ण सिंह, सचिव नितिन सिंह, उपाध्यक्ष शक्ति पंडिता, संयुक्त सचिव विजय सिंह, कोषाध्यक्ष मोईन, संयुक्त कोषाध्यक्ष नितिन कंबोज को चुना गया। सभी पदाधिकारियों को सरपंच सुंदर लाल ने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ रेजिडेंट्स ने उन्हें चुना है, उसी विश्वास से लोगों के लिए काम भी करें। किसी भी पद पर चुना जाना हमें जिम्मेदारियों का अहसास कराता है। जो भी पदाधिकारी चुने गए हैं, उन्हें पूरी निष्ठा के साथ लोगों के हित में काम करना है। सबसे ज्यादा जरूरी है सोसायटी में लोगों को हर सुविधा समय पर मिलना यह आरडब्ल्यूए की यह जिम्मेदारी है।उन्होंने खुद भी भरोसा दिया कि जब भी उनकी जरूरत सोसायटी आरडब्ल्यूए को होगी, वे खड़े मिलेंगे। हम सबको मिलकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करना है।

# आओ मिटा दें पतझड़ नफरत के मैदानों से वासंती हवा बहा दें अब हिंद के खलिहानों से...

## राष्ट्र रंग की वासंती छटा काव्य गोष्ठी का आयोजन

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**अखिल** भारतीय साहित्य परिषद इकाई के तत्वावधान में राष्ट्र रंग की वासंती छटा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। परिषद हरियाणा के अध्यक्ष डा. सारस्वत मोहन मनीषी ने गोष्ठी की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के रूप में दूरदर्शन के पूर्व निदेशक अमरनाथ अमर ने शिरकत की।

कवियों ने देश-प्रेम से ओत-प्रोत कविताएं प्रस्तुत की, वहीं वासंती छटा भी प्रमुखता से रचनाओं में दिखी। दीपशिखा श्रीवास्तव दीप ने अपनी रचना में सुनाया-आओ मिटा दें पतझड़ नफरत के मैदानों से, वासंती हवा बहा दें अब हिंद के खलिहानों से..., नरेंद्र खामोश ने इतना धीरज कहीं धरा है क्या, हम सा कोई कहीं मिला है क्या, हरींद्र यादव ने ये बाग बगीचे हैं, खून बहाकर के पुरखों ने सींचे हैं...,मोनिका शर्मा ने सुनाया-खुद अपने सफर का कहां रहता है आदमी, जिस ओर की हवाएं हों बहता है आदमी..., खुलता न खोलता है ये मन की गिरह यहां, खामोश जंगलों सा ये गहता है आदमी..., त्रिलोक कौशिक ने सुनाया-बचपन में इक शब्द सुना था हमजोली, हमने उसको ज्यों का त्यों रख लिया जहन में, हमने उसकी कोई गांठ नहीं खोली..., राजेश्वर वशिष्ठ ने सरस्वती नदी पर रचना में सुनाया-सृजनकारों के लिए आज भी स्त्रियां आराध्य हैं सरस्वती रूप में, क्योंकि सभी स्त्रियों के भीतर बहती है वही सरस्वती नदी, जिसे तुम युगों से अपने हृदय में समाए हो..., राजपाल यादव ने सुनाया-ए वतन तुझ पर न आने देंगे हम संकट कभी आसमां चाहे झुके या फट पड़े ये सरजमीं, रक्त का मामूली कतरा जब तलक है देह में बाल बांका कोई तेरा कर नहीं सकता कभी, वीणा अग्रवाल ने सुनाया-जो वतन को जगा कर स्वयं सो गए, जो चमन में अमन का शजर बो गए, आंख नम है मेरी याद करके उन्हें, ए वतन के शहीदों कहां खो गए..., निवेदिता चक्रवर्ती ने सुनाया-जो आस्थाएं तिल-तिल जल गई हैं, उन पर गर्व मुझे अगाध था बंधु, मैं तो तुमसे घृणा कर ही न सकी, बस मेरा यही अपराध था बंधु..., डा. मीनाक्षी पांडेय ने सुनाया-परछाइयां ही बढ़ गईं घटना पड़ा मुझे, इतना तुम्हारा कद बढ़ा झुकना पड़ा मुझे...पढ़ी। इनके अलावा शिव कुमार साहस, सुमन यादव, प्रो. कुमुद शर्मा, अमरनाथ अमर ने भी रचनाएं पढ़ीं।



काव्य गोष्ठी में मंचासीन अतिथि।

# सरकार व संगठन में बढ़ता जा रहा बोधराज सीकरी का कद



गुरुग्राम में बोधराज सीकरी के अभिनंदन समारोह में उन्हें स्मृतिचिह्न देती महिलाएं।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बोधराज** सीकरी गुरुग्राम के अनेक संगठनों में पदाधिकारी और सदस्य के रूप में समाजसेवा कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी और हरियाणा सरकार में भी उनको महत्वपूर्ण पद मिले हैं यानि सरकार और संगठन में उनका कद लगातार बढ़ता जा रहा है। उनकी इन्हीं उपलब्धियों पर 25 से अधिक संस्थाओं की ओर से उनका सामूहिक अभिनंदन किया गया।

बोधराज सीकरी को हाल ही में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) में सदस्य मनोनीत किया गया, जबकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से उन्हें सीएसआर ट्रस्ट में उपाध्यक्ष का दायित्व पूर्व में दिया जा चुका है। अभिनंदन कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर ने किया। बोधराज सीकरी को लोगों ने माला पहना व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश कथूरिया, मनीष खुल्लर, आरडी गोगिया, संजय कपूर, पीके दत्ता, नरेन्द्र यादव, दिनेश नागपाल, राजेश सूटा, गिरिराज ढीगड़ा, सुभाष अदलखा, धर्म सागर, यशपाल बत्रा, पीएन मोगिंया, हेमन्त मोंगिया, ओपी मनचन्दा, सीबी मनचन्दा, एनडी मदान, डीपी आहुजा, एससी दुरेजा, डा. परमेश्वर अरोड़ा, सुनील कथूरिया, डा. टीएन आहुजा, डा. हितेश आहुजा, प्रमोद सलूजा, सुरेंद्र खुल्लर, उदयभान ग्रोवर, रविंद्र खुल्लर, राकेश शर्मा, दिनेश आर्य आदि मौजूद रहे।

# महिलाएं कराएंगी सोहना ब्लॉक व नगर परिषद सीमा क्षेत्र का विकास

## चेयरमैन-उपचेयरमैन पदों पर महिलाओं ने बागडोर संभाली

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद व ब्लॉक समिति के चेयरमैन व उपचेयरमैन के पदों पर महिलाओं ने बागडोर संभाली। नगर परिषद और ब्लॉक समिति सदस्य चेयरमैन के पद महिलाओं के लिए आरक्षित थे। जबकि परिषद व ब्लॉक समिति में उप चेयरमैन के पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित थे।

50 हजार की आबादी वाली नगर परिषद और 35 ग्राम पंचायत वाली ब्लॉक समिति क्षेत्र में विकास कार्यों का जिम्मा इस बार महिलाओं ने अपने दम पर कराने उठा लिया है। सबसे पहले नगर परिषद के उप चेयमैन के पद वार्ड-2 से पार्षद रीना देवी ने शपथ लेकर इसी शुरुआत की थी। 17 जनवरी को ब्लॉक समिति के चेयरपर्सन व उप चेयरमैन पद के लिए हुए चुनाव में समिति के वार्ड 13 की सदस्य आशा को सर्वसम्मति से चुना गया था। इस दिन समिति के उप चेयरमैन पद का चुनाव हुआ और वार्ड-9 की सदस्य संजू तोमर को सर्वसम्मति से चुना गया था। 7 माह 8 दिन के लंबे इंतजार के बाद अंजू देवी ने नगर परिषद चेयरपर्सन पद की शपथ लेते हुए कार्यभार संभाल लिया। अंजू देवी नगर परिषद की दूसरी महिला चेयरपर्सन बनी है। अंजू देवी को नगर परिषद क्षेत्र के मतदाताओं ने चुना है। जबकि 2016 में पहली बार हुआ नगर परिषद के आम चुनाव में वार्ड 2 की पार्षद विभा खटाना को पार्षदों ने अपने वोट के जरिए चेयरपर्सन चुना था।



अंजू देवी



रीना देवी



आशा



संजू तोमर।

### आशा और संजू कराएंगी 35 गांवों में विकास

**ब्लॉक** समिति चेयरपर्सन आशा व उपचेयरपर्सन संजू तोमर के कंधों पर समिति के 14 वार्डों में आने वाले 35 ग्राम पंचायत के करीब 40 गांवों में विकास कार्य कराने का जिम्मा होगा। ग्रामीण क्षेत्र में आज भी गंदे पानी की निकासी की समस्या से लेकर सामूहिक भवन, चौपाल, स्ट्रीट लाइट, ग्रामीणों को घटते जलस्तर के कारण पेयजल आपूर्ति की सप्लाई दिलवाने की विकराल समस्याएं है।

### अंजू और रीना देवी कराएंगी शहरी क्षेत्र में विकास

नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी नगर परिषद के 21 वार्डों में विकास कार्य कराएंगी। जिसमें करीब 30 हजार की आबादी वाले शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के 13 गांव शामिल है। शहरी क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा है। वहीं परिषद के गांवों में गंदे पानी के निकासी से लेकर गलियों से लेकर आम रास्ते व सड़कों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन, नियमित साफ-सफाई आदि की जिम्मेदारी होगी।

# जिप चेयरपर्सन, वाइस चेयरमैन ने ली पद व गोपनीयता की शपथ





गुरुग्राम में दीपाली चौधरी को जिला परिषद की चेयरपर्सन व ओमप्रकाश को वाइस चेयरपर्सन की शपथ दिलाते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोमवार** को वार्ड-9 की निर्दलीय पार्षद दीपाली चौधरी ने जिला परिषद की चेयरपर्सन व वार्ड-1 के पार्षद ओमप्रकाश ने वाइस चेयरमैन के पद व गोपनीयता की शपथ ली। पंचायत चुनाव के बाद 26 दिसम्बर को पार्षद दीपाली चौधरी को चेयरपर्सन व ओमप्रकाश को वाइस चेयरमैन चुना गया था।

अब सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में हुए समारोह में एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने दोनों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला परिषद गुरुग्राम की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अन्नू श्योकंद भी मौजूद रहीं। शपथ ग्रहण के बाद एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने चेयरपर्सन व वाइस चेयरमैन सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनधियों को बधाई देते हुए उन्हें ग्रामीण विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जेजेपी के राष्ट्रीय सचिव अंतराम तंवर, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन कल्याण चौहान, जेजेपी के जिला प्रमुख ऋषि राज राणा, वार्ड-2 की पार्षद पुष्पा, वार्ड-3 से पार्षद श्रीभगवान, वार्ड-4 पार्षद मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# खराब लाइफ स्टाइल बना रहा टाइप-2 डायबिटीज का शिकार


## अनियमित काम की शिफ्ट, लंबे समय तक काम करना बड़ा कारण

### 45 साल से कम उम्र के 30 फीसदी लोग डायबिटीज के शिकार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**एक** समय था जब टाइप-2 डायबिटीज से अधेड़, बुजुर्ग ही प्रभावित होते थे। अब टाइप-2 डायबिटीज बुजुर्गों की बीमारी नहीं रह गयी है। इससे अब युवा भी पीड़ित हो रहे हैं। 30 से 40 वर्ष के आयु वर्ग में खराब लाइफ स्टाइल से संबंधित आदतों, ऑफिसों में अनियमित शिफ्ट कल्चर से मोटापा बढ़ रहा है। डायबिटीज वाले लगभग 30 प्रतिशत लोग 45 वर्ष से कम उम्र के हैं।

जब से वैश्वीकरण हुआ है, तब से कारपोरेट शिफ्ट कल्चर भारत में भी चल रहा है। कई मल्टीनेशनल कंपनियों और अन्य कारपोरेट आर्गनाइजेशन में काम करने वाले लोग अनियमित शिफ्ट में काम करते हैं। लंबे समय तक काम करते रहते हैं। जिसके कारण उनमे टाइप-2 डायबिटीज और मेटाबोलिज्म की बीमारी होने का ज्यादा खतरा रहता है। रोटेटिंग शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारी सुबह से शाम फिर शाम से रात तक काम करते हैं। इस वजह से उनमे काम के समय के सन्दर्भ में लगातार बदलाव होता है। जिससे उनके शरीर में बदलाव आता है। कई प्रयोगों में यह पता चला है कि नियमित दिनचर्या (सर्केडियन) में बाधा पड़ने से बीटा सेल फंक्शन और इंसुलिन सेंस्टिविटी पर नकारात्मक फर्क पड़ता है। जिस कारण ग्लूकोज का लेवल अनियंत्रित होता है। दिनचर्या में गड़बड़ी होने से ग्लाइसेमिक नियंत्रण भी तेजी से प्रभावित होता है। इस तरह अनियंत्रित ग्लूकोज और डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है।





### अनियमित शिफ्ट में शारीरिक सक्रियता कम

जो लोग अनियमित शिफ्ट में काम करते हैं वे शारीरिक रूप से अब बहुत ही कम सक्रिय रह रहे हैं। इस बारे में आरएसएसडीआई के अध्यक्ष डॉ. बीएम मक्कड़ बताते हैं कि जो लोग अलग-अलग शिफ्ट में और लम्बे समय तक काम करते रहते हैं, उनके लाइफ स्टाइल के पैटर्न के कारण टाइप-2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। नाइट शिफ्ट में काम करने वालों के खाने और सोने का शेड्यूल बिल्कुल अलग होता है। वे रात में काम करते हैं और सुबह सोते हैं। जिससे उनकी नींद नकारात्मक रूप से प्रभावित होती है। समय की कमी से शारीरिक गतिविधि नही हो पाती है। वे पहले की तुलना में शारीरिक गतिविधियों को नहीं कर पाते हैं। दूसरी ओर तकनीक में हुई प्रगति ने शारीरिक रूप से असक्रिय रहने की आदत में बढ़ावा दिया है। आजकल लोग रिमोट मीडियम से अपने रोजमर्रा के कामों को करते हैं। अलग-अलग शिफ्ट में काम करने से लाइफ स्टाइल में खराब बदलाव आते हैं। मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है और टाइप-2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है।

### कर्मचारियों को मिले एक्सरसाइज का समय

एक कंपनी अपने कर्मचारियों को टाइप-2 डायबिटीज के लिए अतिसंवेदनशील होने से रोकने के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कदम उठा सकती है। वह यह है कि वे कर्मचारियों के लिए एक्सरसाइज के लिए 30 से 40 मिनट का समय दें। पैक्ड वर्क शेड्यूल के कारण कर्मचारियों को घर पर एक्सरसाइज करने का समय नहीं मिलता है, जिससे उनमें टाइप-2 डायबिटीज विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे केस में नियोक्ता अपने कर्मचारियों को उनके काम के दौरान प्रदान किए गए एक्सरसाइज स्लॉट का उपयोग करने का आदेश देकर उनके लिए रोकथाम सम्बन्धी कदम उठा सकते हैं।

# फायर ब्रिगेड ने पहुंचाया बीके अस्पताल की कैंटीन में पानी

**कविता।** फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में सर्दी के मौसम में पानी न मिलने के कारण जहां एक तरफ मरीज परेशान हो रहे हैं। वहीं अस्पताल में स्थित इंसोनियत रसोई में भी पानी की किल्लत हो गई। सोमवार को फायर ब्रिगेड की गाड़ी द्वारा कैंटीन में पानी पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बताया कि पब्लिक सेवा में उन्होंने यहां पानी पहुंचाया हैं। किसी बड़े चिकित्सक ने उन्हें फोन किया था। वहीं अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों

## मरीजों और तीमारदारों को दो दिन से नहीं मिल रहा पानी

को पानी सोमवार को भी उपलब्ध नहीं हो सका। वे पानी के लिए इधर उधर भटकते नजर आए।

बीके अस्पताल में चल रही इंसोनियत रसोई में दस रुपये में मरीजों और तीमारदारों को भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। हालांकि सरकार का इस रसोई से कोई लेना देना नहीं है, लेकिन इसके बावजूद


फायर ब्रिगेड के द्वारा कैंटीन में पानी देने पर हैरान होकर देखते लोग

भी सरकारी फायर बिग्रेड की गाड़ी द्वारा पानी पहुंचाना अपने आप में सवाल खड़ा करता है।

**हैरान हुए लोग:** इंसोनियत रसोई में फायर बिग्रेड की गाड़ी से पानी पहुंचाने पर मरीज और तीमारदार भी हैरानी से देखते हुए नजर आए। मौके पर मौजूद मरीजों के तिमारदारों का कहना था कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी को आया देख उन्हें लगा, कहीं आग लगी है। लेकिन यहां आकर पता चला कि वह निजी रसोई में पानी पहुंचाने आई है। जबकि अस्पताल के मरीज दो दिन से पानी के लिए तरस रहे हैं।

**बताया पब्लिक सेवा:**

मौके पर मौजूद पायनियर संवाददाता ने फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों से निजी रसोई में पानी पहुंचाने का कारण जानना चाहा तो गाड़ी के साथ आए फायर मैन राजेश ने बताया कि किसी बड़े चिकित्सक ने उन्हें फोन कर कैंटीन में पानी पहुंचाने के लिए कहा था। जनहित के हित का काम था, इसलिए वे फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर यहां पानी पहुंचाने के लिए आ गए।

**पायनियर का सवाल:** जब जनता के हितों का ध्यान रखते हुए बीके अस्पताल की कैंटीन को चिकित्सक पानी उपलब्ध करवा सकते हैं तो फिर वे अस्पताल में दाखिल मरीजों और उनके तिमारदारों के हितों को कैस भूल गए। नगर निगम का मुख्यालय अस्पताल से चंद कदमों की दूरी पर है। ऐसे में वे फायर ब्रिगेड से न सही नगर निगम के टैंकरों से पानी अस्पताल में मंगवाना कैसे भूल गए?

# निगम की जमीन पर बनी 72 साल पुरानी विजय रामलीला की इमारत तोड़ी गई

## कमेटी के सदस्यों ने निगम एसडीओं के सामने रखी दुकानों से सामान निकालने की मांग


एक-विजय रामलीला कमेटी को तोड़ता निगम का पीला पंजा


एक ए- निगम की तीन मशीनों को रोकने के लिए मौके पर खड़े लोगों को पीछे हटाती पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पंजाब** एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश पर नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने सोमवार को एनएच एक स्थित विजय रामलीला कमेटी में बने दो मंजिला धर्मशाला और बाहरी हिस्से में बनी दुकानों को जेसीबी मशीन की मदद से तोड़ दिया। तोड़फोड़ के दौरान इन दुकानों के मालिकों ने मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों से अपना सामान निकालने का समय देने की मांग की। यह जेसीबी मशीन के सामने लेट तक गए। लेकिन उन्हें मौके पर मौजूद पुलिस की मदद से हटवा दिया गया। जिसके बाद निगम के दस्ते अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए इमारत को सामान समेत ही तोड़ दिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट कार्यकारी अभियंता नितिन कादियान के साथ मौके पर पहुंची। इस दौरान एसीपी मोनिका, निगम के एसडीओ सुमेर सिंह, जेई समेत अन्य लोग मौजूद थे

एनएच एक स्थित विजय रामलीला कमेटी की यह इमारत करीब दो हजार गज जमीन पर बनी हुई है। जहां दो मंजिला धर्मशाला के अलावा बाहरी हिस्से में 20 दुकान मौजूद थी। बताया गया है कि यह जमीन पुर्नवास विभाग की है। बाद में यह जमीन नगर निगम के हैंडओवर हो गई थी। यह जमीन पार्क के चिन्हित थी। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने करीब दो साल पहले इस पार्क की जमीन पर अवैध रूप से बने इस भवन को तोड़ने के आदेश दिये थे। लेकिन कोरोना की वजह से तोड़फोड़ की कार्रवाई लगातार टलती रही। मौके पर मौजूद निगम के अधिकारियों का कहना था कि कार्रवाई करने से पहले रामलीला कमेटी को चार बार नोटिस दिया था।

लेकिन उन्होंने कब्जा नहीं हटाया। जिसके कारण तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई है।

**उठाए कई सवाल:** विजय रामलीला कमेटी के सदस्य सौरभ ने कहा कि नगर निगम ने बिना सूचना के तोड़फोड़ शुरू कर दी। वह सवाल पूछना चाहते हैं कि निगम को बने हुए मात्र 30 साल हुए हैं और विजय रामलीला कमेटी 72 साल से यहां चल रही है। जिसमें भव्य राममंदिर और रामलीला भवन भी बना हुआ है। यदि यह अवैध था तो निगम ने इसे पहले क्यों नहीं तोड़ा। शहर में चारों तरफ हो रहे अवैध निर्माणों पर निगम का ध्यान नहीं है।

**नहीं दी मोहलत:** रामलीला कमेटी परिसर में दुकान चलाने वाले व्यक्ति ने बताया कि उन्हें पड़ोसियों से पता चला कि तोड़फोड़ की तैयारी हो चुकी है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर देखा तो तब तक उनकी दुकान को निगम का दस्ता ध्वस्त कर चुका था। उन्होंने निगम के एसडीओ से गुहार लगाई तो कुछ ही सामान उन्हें मलवे से निकालने का मौका मिला। शेष सामान नष्ट हो गया।


राशन की दुकान में छापे के दौरान पुछताछ करती टीम के सदस्य )

# सीएम फ्लाइंग का राशन डीपो पर छापा, अनाज 60 क्विंटल कम मिला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** उड़न दस्ते की टीम थाना सारन के निकट स्थित राजीव नगर में स्थित सरकारी राशन के दो डिपो में सोमवार को छापेमारी की। टीम में खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। दस्ते को सूचना मिली थी कि डिपो धारक द्वारा राशन वितरित करने की बजाए कालाबाजी की जा रही है। जांच के दौरान डिपो धारकों के स्टॉक में छह हजार किलोग्राम राशन कम पाया गया है। डिपो धारकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ते के डीएसपी राजेश कुमार चैची ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर उड़न दस्ते के निरीक्षक जगदीश और उपनिरीक्षक राजेश कुमार द्वारा खाद्य एंव आपूर्ति उप निरीक्षक उदय सिंह और स्थानीय पुलिस के साथ गीता व राजकुमारी के राशन डिपो को चैक कराया गया। दोनों राशन डिपो गीता देवी व राजकुमारी के नाम पर अलॉट होने पाये गये है। खाद्य विभाग द्वारा इन दोनों राशन डिपों की राशन सप्लाई बंद करने के कारण सुमित यादव डिपो धारक जवाहर कॉलोनी के साथ अटैच की हुई थी। उदय सिंह खाद्य उप निरीक्षण द्वारा इस राशन डिपो का भौतिक निरीक्षण करने व ऑनलाइन राशन का मिलान करने पर बाजरा 1371 कि.ग्रा. व गेंहू 4699 किलोग्राम रिकार्ड के मुताबिक कम पाया गया। जिस बारे कोई संतोषजनक जवाब नहीं नही मिल पाया। जिससे प्रथम नजर में सरकारी राशन की कालाबाजारी की जानी पाई गई। इस संबंध में उदय सिंह खाद्य एंव आपूर्ति उप निरीक्षक की शिकायत पर थाना मुजेसर में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने रखे खास मॉडल


आशा कान्वेंट स्कूल में आयोजित साईंस प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि गण

**फरीदाबाद।** सेक्टर-22 स्थित आशा कॉन्वेंट स्कूल में साइंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के पांच स्कूलों के करीब 160 छात्र-छात्राओं ने साइंस प्रदर्शनी में बढ़-चढक़र भाग लिया और कई विषयों पर मॉडल्स को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। शहर के कई जाने माने समाजसेवी व शिक्षाविद् प्रदीप गुप्ता, शोभित आजाद, एडवोकेट तरूण अरोड़ा, मंशा पासवान, अलका आर्या, पूजा शर्मा, ललित मदान सहित अन्य गणमान्य लोग साइंस प्रदर्शनी में पहुंचे, जिन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न तरह के मॉडल्स देखे व छात्रों से उनके बारे में जाना और छात्रों की जमकर तारीफ की। आपको बता दें की पिछले कई वर्षो से इस तरह की साइंस प्रदर्शनी का आयोजन शिक्षाविद् राजेश मदान द्वारा किया जाता है और वर्ष 2023 की शुरुआत पर बच्चों के अंदर के छुपे हुए साइंस के हुनर को प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान किया जाता है। वहीं छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्होंने साईस प्रदर्शनी में स्मार्ट सिटी, सोलर पैनल, रोबोटिक्स, हाइड्रोलिक्स, फार्म इरिगेशन, सेव वॉटर, सेव फारेस्ट, सेव एन्वायरमेंट जैसे विषयों पर मॉडल बनाये है जिससे आने वाले समय में देश को बहुत फायदा होगा। छात्रों ने बताया कि करीब एक महीने की मेहनत से उन्होंने मॉडल्स बनाये है जिसके लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है। वहीं शिक्षाविद् राजेश मदान ने कहा कि बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। जिसमे बच्चे हिस्ट्री और साइंस को मिलाकर मॉडल्स प्रदर्शित। उन्होंने कहा कि बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है उन्हें लगता है आने वाले समय में इन्ही में से कोई बच्चा बड़ा साइंटिस्ट बनकर देश का गौरव बढ़ाएगा। इस मौके पर अध्यापिका अंजली, प्रियंका, संजय चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जेआरसी ने कुष्ठ रोग के बारे में किया जागरूक


विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए शिक्षक

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार कुष्ठ निवारण दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण विश्व में प्रतिवर्ष 30 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों के इस रोग के प्रति जागरूकता फैलाना है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी द्वारा कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के प्रयासों की वजह से ही हर वर्ष 30 जनवरी उनकी पुण्यतिथि को कुष्ठ रोग निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। कोढ़ को ही कुष्ठ रोग कहा जाता जो कि एक जीवाणु रोग है। यह एक दीर्घकालिक रोग है जो कि माइकोबैक्टिरिअम लेप्राई और माइकोबैक्टेरियम लेप्रोमेटॉसिस जैसे जीवाणुओं से होता है। यह रोग मुख्य रूप से मानव त्वचा, ऊपरी श्वसन पथ की श्लेष्मिका, परिधीय तंत्रिकाओं, आंखों और शरीर के कुछ अन्य भागों को प्रभावित करता है। यह रोग रोगी के शरीर में इतनी धीरे धीरे फैलता है कि रोगी को कई बर्षों तक पता भी नहीं चलता है और यह रोग रोगी के शरीर में पनपता रहता है। यह रोग शरीर को लंबे समय तक हवा व खुली धूप ना मिलना, लंबे समय से गंदा व दूषित पानी पीते रहना, अधिक मात्रा में मीठी चीजों का सेवन करते रहना और नशे का बहुत अधिक सेवन करना के कारण हो सकता है।

### सूरजकुंड मेले का शुभारंभ करेंगे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 3 फरवरी को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ 36वें सूरजकुंड शिल्प मेले का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों का साथ मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए टूरिज्म व प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड मेले में जिस भी अधिकारी को जो दायित्व सौंपा गया उसे पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। साथ उस कार्य को निर्धारित समय अवधि पर ही पूरा करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा वीवीआईपी, वीआईपी विजिटर, एंबेसडर सहित विभिन्न विभागों के महानिदेशक, एसीएस तथा अन्य अधिकारियों के मेले में आने के लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति सुनिश्चित करें। 36 वें सुरज कुण्ड शिल्प मेले में कजाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस, तजाकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, मैगनोलिया, ईरान, तुर्की, दक्षिण अरब, श्रीलंका, नेपाल, आर्मेनिया, कंबोडिया, मियांबार, संयुक्त अरब अमीरात, मालदीव सहित 40 देशों ने सहमति प्रदान की है।

# केन्द्रीय बजट में एमएसएमई को विशेष रियायतें दी जाएं: चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** स्तर पर एमएसएमई के हितों की रक्षा के लिए गठित आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री से आगामी केंद्रीय बजट में एमएसएमई के लिए विशेष रियायतें देने की मांग की है।

आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि एमएसएमई उद्यम जो की कुल उद्यमों का 95 प्रतिशत से अधिक संख्या में है, इस आर्थिक मंदी एवं कोविड-19 के कारण अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे है। एआईएफओएम समय-समय पर भारत सरकार एवं राज्यों सरकारों से एमएसएमई के अनुकूल नीतियां बनाने के लिए मांग करती रही है। उन्होंने यह भी बताया कि एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर एमएसएमई के लिए केंद्रीय बजट-2023 में विशेष रियायतें देने का अनुरोध किया है।

श्याम सुंदर कपूर ने बताया कि उन्होंने सरकार से एमएसएमई के लिए आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना की तर्ज पर छूट देने का अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने लिखा है कि कोविड़-19 और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण लगभग सभी एमएसएमई में प्रयोग होने वाले कच्चे माल विशेषकर स्टील एवं क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है जिससे उनकी उत्पादन लागत काफी हद तक बढ़ गयी है। इस बारे बजट में कच्चे माल की कीमतों को नियंत्रित करने के प्रावधान किये जाएं। कपूर ने यह भी अनुरोध कि है की सरकार सूक्ष्म उद्यमों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करें क्योंकि एमएसएमई में भी 95 प्रतिशत सूक्ष्म उद्यम ही आते है।

## सरकार द्वारा फीस देने के फैसले का विरोध किया

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन ने हरियाणा सरकार द्वारा कक्षा पहली से पांचवीं तक के प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों की फीस हरियाणा सरकार द्वारा देने विरोध किया है। हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हरीओम राठी व प्रदेश कोषाध्यक्ष चतर सिंह एवं प्रदेश संरक्षक वीरेंद्र रुहिल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियम 2011 के नियम 8(1) के दृष्टिगत 2022-23 के लिए 20764 वार्षिक व 1730 प्रति माह प्रति बच्चा प्राइवेट स्कूलों को फीस देने का पत्र जारी किया गया है। दूसरी ओर हरियाणा सरकार द्वारा संचालित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी विद्यालयों के बच्चों के अभिभावकों से फीस वसूली जा रही है, परन्तु प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों की फीस की प्रतिपूर्ति हरियाणा सरकार द्वारा की जायेगी। इससे पता चलता है कि सरकार की मंशा ठीक नहीं है।

# ऑर्थोपिडिक मरीजों के सम्मान में सपोर्ट ग्रुप मीट की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**फोर्टिस** नोएडा ने अपने उन ऑर्थोपिडिक मरीज़ों के लिए एक 'सपोर्ट ग्रुप मीट' का आयोजन किया जो पूर्व में घुटनों की प्रत्यारोपण सर्जरी (नी रिप्लेसमेंट सर्जरी) करवाने के बाद अब स्वस्थ जीवन बिता रहे हैं। 'सेलीब्रेशन ऑफ लाइन' इवेंट 'हैप्पी टू वॉक, पेन फ्री' थीम पर आधारित थी।

इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लन, अनिल विनायक, ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, फोर्टिस हेल्थकेयर, डॉ. अतुल मिश्रा, डायरेक्टर, ऑर्थोपिडिक्स एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा, मोहित सिंह, ज़ोनल डायरेक्टर, फोर्टिस नोएडा उपस्थित थे। इस मौके पर पूनम ढिल्लन ने कहा कि फोर्टिस नोएडा द्वारा आमंत्रित किए जाने पर वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। डॉ अतुल मिश्रा, डायरेक्टर, ऑर्थोपिडिक्स एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा, ने कहा, हमें मरीज़ों और उनके केयरगिवर्स को यह संदेश देने की जरूरत है कि फोर्टिस नोएडा हमेशा से ही उनकी चिकित्सकीय एवं भावनात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए उपलब्ध है और साथ ही, हम समाज के नायकों के तौर पर उनकी सफलता का जश्न मनाने के लिए आज यहां एकत्र हुए हैं। हम अपने मरीज़ों को यह भरोसा दिलाना चाहते हैं कि फोर्टिस हॉस्पीटल नोडा हमेशा से ही उनके फिटनैस के सफर में उनके साथ है। सपोर्ट ग्रुप एक्टिविटी का आयोजन भी हमारे मरीज़ों द्वारा अपनी मुश्किलों पर जीत दर्ज कराने और दर्द मुक्त होकर चलने-फिरने की कामयाबी का जश्न मनाने के मकसद से किया गया है। इसमें करीब 150 मरीज और उनके तीमारदारों ने भाग लिया।

# हेरिटेज ग्लोबल स्कूल में 'एन ओपन डे' उत्सव आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


स्कूल फेस्ट में मुख्यातिथि सैयद हैदर हसन का बुके देकर स्वागत करते स्कूल प्रबंधक

**हेरिटेज** ग्लोबल स्कूल ने रविवार को स्कूल प्रांगण में एन ओपन डे उत्सव का आयोजन किया गया। ओपन डे का शुभारंभ मुख्य अतिथि हमदर्द शिक्षा समिति के सचिव सैयद हैदर हसन ने रिबन काटकर किया। हसन साहब के साथ उनकी बेगम असफिया एवम हमदर्द की प्रबन्धक जाकिया मजीद ने भी बाल मनोरंजन मेले में शिरकत की। अतिथियों का स्वागत स्कूल की प्रबंधक डॉक्टर नाहिद उस्मानी और विद्यालय के प्रधानाचार्यचार्ल्स अब्राहम एवम उनकी धर्मपत्नी मैरी चार्ल्स ने फूलों के गुलदस्तों के साथ किया। इसके बाद सभी लोग अलग-अलग काउंटरों की ओर बढ़े। छात्र एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न वस्तुओं के लिए 18 स्टॉल लगाए गए। जैसे तम्बोला, ड्राइंग और कलरिंग प्रतियोगिता, ब्लॉक मेहंदी, हैंड प्रिटिंग, ज्वैलरी, टैटू, बेबी शो आदि। सभी आगंतुक अपनी कैजुअल ड्रेस में और उत्सव के मूड में दिन बिताने के लिए आए। छोटे बच्चों को मिकी माउस की ऊबड़-खाबड़ स्लाइड पर मजेदार सवारी करने के लिए अपनी बारी के लिए लाइनों की एक श्रृंखला बनाते हुए देखा गया।

हेरिटेज फूड स्टॉल ने अपने शानदार स्नैक्स आइटमों से बहुत सारे लोगों को आकर्षित किया। पानीपुरी, चाउमीन, मोमोज, सींक कबाब, कुल्हड़ वाली चाय और गुजिया आदि स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टालों की ओर भागते हुए बच्चे अपने आप को नियंत्रित नहीं कर सके। बच्चों के लिए दूसरा सबसे आकर्षक हिस्सा गेम स्टॉल था विशेष रूप से ज़ोरबिंग बॉल। स्वयंसेवकों और गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों का सहयोग शिक्षकों के लिए एक बड़ी मदद साबित हुआ। ओपन डे सफलता के साथ समाप्त हुआ। डॉ उस्मानी और प्रधानाचार्यचार्ल्स ने हेरिटेज ग्लोबल स्कूल के प्रत्येक सदस्य की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना की और अभिभावकों और बच्चों को बेहतर शिक्षा और समर्पण का आश्वासन दिया।

# सबसे बड़ा साहित्य उत्सव कुकडुकू का होगा आयोजन

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद



साहित्य उत्सव कुकडुकू का फाइल फोटो

**बच्चों** के लिए भारत का सबसे बड़ा बाल साहित्य महोत्सव पहली बार फरीदाबाद आ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समर्थित, कुकडुकू लिट फेस्ट यहां फरीदाबाद के बच्चों को किताबों, कहानियों, पढ़ने, प्रदर्शनों, कॉमिक बुक सुपरहीरो के माध्यम से बचपन के भव्य ऑन-ग्राउंड उत्सव के साथ जोड़ने और विसर्जित करने के लिए है। यह महोत्सव 11 और 12 फरवरी 2023 को मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-14, फरीदाबाद में होगा। दो दिवसीय साहित्य उत्सव और विशिष्ट संवादात्मक कार्यक्रम 3-12 वर्ष की आयु के बच्चों और उनके माता-पिता के लिए है। कुकडुकू बच्चों में किताबों, पढ़ने, कहानियों, कला रूपों और बहुत कुछ के लिए आकर्षित करता है और गहरे बैठे प्यार को विकसित करने के लिए तैयार है। यह उत्सव बच्चों को पढ़ने के लाभों को समझने और दृश्य और प्रदर्शन कला रूपों का अनुभव करने में मदद करने के लिए आयोजित किया जाता है। दो दिवसीय उत्सव परिवारों के लिए अपना सप्ताहांत रचनात्मक रूप से बिताने का एक शानदार तरीका है।

आयोजन के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, अविषेक रॉय, सह-संस्थापक, कुकडुकू ने कहा, किताबें, कहानियां और कला पढ़ना बच्चों के जीवन को बदल सकता है। डिजिटल अधिभार और निरंतर स्क्रीन समय के इस युग में, हमारे छोटे बच्चों को किताबों, कहानियों, कला और रचनात्मकता के प्रति प्रेम विकसित करने के लिए गैजेट और अन्य विकर्षणों से दूर ले जाना समय की आवश्यकता है। यह हमारे छोटे बच्चों को साहित्य, रचनात्मकता, कला और हमारी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने का एक सचेत और निर्देशित प्रयास है। हम फरीदाबाद और दिल्ली एनसीआर के माता-पिता का अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो परिवार के साथ समय बिताने और बचपन को बेहतरीन तरीके से मनाने का एक शानदार अवसर है।

प्रमुख आकर्षण: कुकडुकू 40+ लेखक सत्र, शो और प्रदर्शन (मसख़रा, कहानी-नाटक, वेंट्रिलोक्विज़्म), कला सत्र, कार्टूनिंग और डूडलिंग वर्कशॉप, थिएटर शो आदि सहित इमर्सिव और मल्टी-डिसिप्लिनरी अनुभवों की एक श्रृंखला को क्यूरेट करता है। इसमें एक समकालीन ज़ोन भी है। रोमांचक कला और शिल्प गतिविधियों की भीड़ के साथ; संगीत, भोजन और खरीदारी महोत्सव आदि बच्चों को बातचीत करने का अवसर प्रदान करते हैं, उनकी रचनात्मक नसों को उत्तेजित करते हैं।

इसके अलावा, यह उत्सव माता-पिता के लिए विशेष सत्रों का आयोजन करता है। इस आयोजन के जश्न की भावना को बनाए रखने के लिए, शेफ विलियम ली और शेफ ओसामा जलाली जैसे प्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ द्वारा विशेष पाक सत्र आयोजित किए जाते हैं, जो खाना पकाने की अपनी कला से माता-पिता को मंत्रमुग्ध कर देंगे। इसके अलावा, इसमें घरेलू और जागरूक ब्रांडों के एक विशिष्ट चयन के साथ अद्वितीय कुकडुकू हाट भी होगा, जो फूड जंक्शन पर भोजन विकल्पों के सभी समावेशी और मनोरम चयन के साथ-साथ एक रचनात्मक उत्पाद श्रृंखला प्रदर्शित करेगा।

जुगमेंद्र बालियान, सह-संस्थापक, कुकडुकू ने आगे कहा, इस उत्सव के साथ, हमारा इरादा सरल और स्पष्ट है - बच्चों को व्यस्त रखने के साथ-साथ विविधताओं के माध्यम से उनके दिमाग को प्रज्वलित करना, और साहित्य एवं कला की सराहना करना।

लोकप्रिय नाम: इस भव्य समारोह में देश भर से पुरस्कार विजेता और प्रशंसित लेखकों, कलाकारों और कलाकारों सहित प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति देखी जाएगी। दीपक दलाल, हिमांजलि शंकर, सीमा चारी, ममता नैनी, आदित्य मुबाई, सोनिया मेहता जैसे प्रसिद्ध और पुरस्कार विजेता लेखक; प्रशंसित कहानीकार लोपामुद्रा मोहंती, रुमिका खुराना, उषा छाबड़ा, अल्मा ढींगरा, स्वेचा प्रसाद; मोनिका सैंटोस (प्रसिद्ध स्पेनिश विदूषक कलाकार), विघ्नेश पांडे (अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध वेंट्रिलोक्विस्ट), थिएटर आई-एंटरटेनमेंट (प्रसिद्ध थिएटर कंपनी), और कई अन्य कलाकार। इवेंट के लिए प्रवेश टिकट 250 रुपये प्रति बच्चा निर्धारित की गई है जिसमे माता-पिता और दादा-दादी के लिए प्रवेश कम्प्लीमेंटरी रहेगा। फरीदाबाद के सभी स्कूलों के बच्चों का दो दिवसीय साहित्य महोत्सव में भाग लेने और इसमें शामिल होने के लिए स्वागत है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 जनवरी, 2023



# राष्ट्रपति भवन

## अमृत उद्यान

**राष्ट्रपति भवन** के 'मुगल गार्डन' का नाम बदल कर अब 'अमृत उद्यान' कर दिया गया है। दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के लोकप्रिय मुगल गार्डन का नाम परिवर्तन राष्ट्रवादी भावनाओं के अनुसार किया गया है, पर विभिन्न क्षेत्रों ने अनुमान के अनुसार इस पर आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव ने शनिवार को रिपोर्टरों को बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने यह नया नामकरण 'आजादी का अमृत महोत्सव' की भावना से किया है जिसे भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष बीतने के बाद देश-दुनिया में बड़े उत्साह से मनाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने इस कदम की प्रशंसा की है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसे नरेन्द्र मोदी सरकार का 'ऐतिहासिक निर्णय' बताते हुए कहा है कि यह 'गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलने के लिए जरूरी था।' विधि मंत्री किरन रिजिजू ने इसे नए भारत के उभार का प्रतीक बताया है। लेकिन जैसा कि अनुमान था, विपक्ष ने मुगल गार्डन का नाम बदलने की आलोचना की है। तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल के नेता व राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने एक खबरिया एजेंसी से कहा, 'कौन जानता है कि वे ईडेन गार्डन का नाम बदल कर इसे मोदी गार्डन न कहने लगें।' भाकपा महासचिव डी. राजा को इस निर्णय में 'भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन व राष्ट्रवाद को पुनः परिभाषित करने का आरएसएस का एजेंडा' दिखता है।

हालांकि, केन्द्र और राज्यों की भाजपा सरकारों ने अनेक स्थानों व इमारतों, आदि के नाम बदले हैं और इस प्रकार वे स्वयं को कट्टर राष्ट्रवादी की तरह पेश कर भारत के गरिमापूर्ण अतीत के प्रति जनता में गौरव की भावना पैदा करना चाहती हैं। जनता की व्यापक भावनाओं तथा भाजपा को सारे देश में मिल रहे समर्थन को देखते हुए इसे गलत नहीं कहा जा सकता है। भले ही वर्तमान समय में विपक्ष भाजपा सरकारों द्वारा किए जा रहे 'नाम परिवर्तन' का विरोध करे, पर अतीत में अनेक सरकारी योजनाओं व स्थानों के नाम 'गांधी-नेहरू परिवार' के लोगों के नाम पर रखे गए थे। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों व वरिष्ठ पत्रकारों ने बार-बार इस तथ्य की ओर संकेत किया है कि देश के इतिहास को एक खास 'परिवार' का वर्चस्व दिखाने के लिए तोड़ा-मरोड़ा गया तथा अनेक असाधारण योगदान करने वाले नेताओं को हाशिए पर या अंधेरे में धकेल दिया गया। अनेकानेक अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान की अनदेखी इसका उदाहरण है। 1995 में कांग्रेस सरकार ने अपने सांसद मणि शंकर अय्यर के अनुरोध पर प्रख्यात कनाट प्लेस का नाम बदल कर 'राजीव चौक' तथा कनाट सर्कस का नाम 'इंदिरा चौक' कर दिया था। 2004 में पेट्रोलियम मंत्री के रूप में अय्यर ने अंडमान व निकोबर द्वीप के सेलुलर जेल परिसर से 'हिंदुत्ववादी' विचारक विनायक दामोदर सावरकर की पट्टिका हटवा दी थी। निष्पक्ष व तटस्थ दृष्टिकोण से देखें तो कुछ राजनेताओं में नाम बदल कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने या अपनी विचारधारा फैलाने की इच्छा हो सकती है। देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद 'गुलाम मानसिकता' के बचे-खुचे प्रतीकों को हटाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान का स्वागत किया जाना चाहिए। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि कांग्रेस या अन्य अनेक क्षेत्रीय पार्टियों की तरह भाजपा कोई 'वंशवादी' पार्टी नहीं है, इसलिए उसके द्वारा किए जाने वाले पुनः नामकरण में किसी खास 'परिवार' या 'व्यक्ति' के महिमामंडन का सवाल ही नहीं उठता है। नाम परिवर्तन के मामलों पर विपक्ष द्वारा उठाए सवालों या आपत्तियों का भाजपा नेताओं ने हमेशा उपयुक्त जवाब दिया है। समय आ गया है कि अब भारत अपने अतीत व इतिहास का समग्र व निष्पक्ष मूल्यांकन करे। यह भी जरूरी है कि राजनीतिक पार्टियां 'चुनावी' या 'वोटबैंक' राजनीति से अलग हट कर राष्ट्रीय महत्व के ऐसे विषयों पर सर्वानुमति विकसित करें।



# आत्ममुग्ध यात्री की स्वप्रमाणित सफल यात्रा

**कांग्रेस भले ही अपनी पीठ ठोके लेकिन राहुल की छवि व भाजपा विरोधी खेमे में राहुल के नेतृत्व की स्वीकार्यता जैसे मुद्दों पर भारत जोड़ो यात्रा का कोई निर्णायक प्रभाव पड़ा हो, ऐसा लगता तो नहीं है।**



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक, हिन्दी पायनियर लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत से ही यह कहना शुरू कर दिया कि देश में नफरत का माहौल है। नफरत के बाजार में वह मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं। यह अलग बात है कि दस सितंबर को ही राहुल गांधी ने विवादित तमिल पादरी जार्ज पोंनैया से मुलाकात की। बतातें चलें कि जार्ज पोंनैया राष्ट्र विरोधी वक्तव्यों के लिए गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उनका कहना था कि वह जूते इसलिए पहनते हैं ये उन्हें भारत माता की गंदगी पैरों में लगने से बचाते हैं। अब यह बात तो राहुल गांधी के विवेक पर छोड़ दी जानी चाहिए कि जार्ज पोंनैया जैसे लोग मोहब्बत का पैगाम फैलाते हैं या नफरत। वैसे राहुल गांधी के राजनीतिक विवेक के नमूने पहले भी कई बार देखे जा चुके हैं लिहाजा जार्ज पोंनैया से उनकी गलबहियां अब किसी को चौंकाती नहीं।

सात सितंबर को कन्याकुमारी से जिस तरह के सम्बोधन के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई थी लगभग वैसी ही बातों के साथ 30 जनवरी को जम्मू कश्मीर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में इसका पटाक्षेप हो गया। राजनीतिक विश्लेषक इस यात्रा के तात्कालिक व दूरगामी राजनीतिक अथवा गैर राजनीतिक परिणामों के बारे में कोई राय बना पाते या किसी निष्कर्ष पर पहुंचते उसके पहले ही मंत्रमुग्ध राहुल गांधी और कांग्रेस ने यात्रा को सफल होने का प्रमाण जारी करते हुए सरकार के इससे भयभीत होने का दावा तक कर डाला।

अब इस विमर्श पर तो हंसा ही जा सकता है। कोई राजनीतिक दल अपने सर्वोच्च नेता की अगुवाई में देश के एक कोने से दूसरे कोने तक यात्रा निकाले और साथ में यह शिगूफा भी छोड़े कि यात्रा राजनीतिक अथवा चुनावी नहीं है तो इसे क्या कहा जाए और इस पर क्या किया जाए। कदाचित हंसा ही जाए। कांग्रेस का यह कहना कि यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक अथवा चुनावी नहीं था, दरअसल गुजरात व हिमाचल प्रदेश में हो रहे चुनाव की पृष्ठभूमि से प्रेरित था। उसे दोनों राज्यों में हार की आशंका थी और इसलिए उसने राहुल गांधी को चुनाव से दूर रखा। राहुल ने गुजरात में दो चुनावी सभाएं कीं और हिमाचल तो वह गए ही नहीं। गुजरात में कांग्रेस की बदतरीन हार हुई अलबत्ता हिमाचल में भाजपा से एक प्रतिशत ज्यादा वोट पाकर वह सरकार बनाने में सफल रही।

अब जबकि यात्रा समाप्त हो चुकी है इस बात में कोई शक नहीं है कि इसके दो प्रमुख उद्देश्य थे। पहला राहुल गांधी की गम्भीर राजनीतिक छवि से निजात पाना और दूसरा भाजपा विरोधी दलों में कांग्रेस की सुपीरियारिटी स्थापित करते हुए उनको दबाव में लेकर यह संदेश देना कि भाजपा के खिलाफ कोई मोर्चा या गठबंधन सिर्फ कांग्रेस और राहुल की अगुवाई में ही बन सकता है। अब इन दोनों उद्देश्यों की पूर्ति किस हद तक होगी यह तो भविष्य ही बताएगा लेकिन इसका पूर्वानुमान लगाने के लिए कुछ तथ्यों पर एक नजर डालना आवश्यक है।

राहुल गांधी की यात्रा का कोई प्रभावी दिखने वाला असर पड़ता या इसकी कोई चर्चा होती इसके पहले ही कांग्रेसियों ने एक सुविचारित रणनीति के तहत यह कहना शुरू कर दिया कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से मोदी सरकार घबरा गई है और उसकी समझ में नहीं आ रहा कि वह इसको कैसे काउंटर करे। केरल व कर्नाटक को छोड़ दें तो दक्षिण के राज्यों में कांग्रेस की हालत खस्ता ही है लेकिन कांग्रेस ने ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की गोया उसकी आंधी चलने लगी हो। वैसे किसी राजनीतिक दल के लिए खुद को आगे रखने या बताने में कोई हर्ज नहीं है और कांग्रेस का भी ऐसा करने अपेक्षित था लेकिन बहुत खूबसूरती से कांग्रेस ने यह कह कर एक और विमर्श गढ़ना शुरू कर दिया कि यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक नहीं है। राहुल गांधी ने तकरीबन पूरी यात्रा के दौरान कमोवेश उन्हीं मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जिन्हें वह लंबे समय से उठाते रहे हैं।

वह अडाणी, अम्बानी पर हमले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को विभाजनकारी संगठन बनाते हुए संवैधानिक संस्थाओं पर इसके द्वारा कब्जा किया जाना और चीन द्वारा कथित रूप से भारत की भूमि पर कब्जा किए जाने जैसे मुद्दे उठाते रहे हालांकि इनको लेकर कई बार वह स्वयं सेल्फ गोल करते दिखे खासकर जब उन्होंने कहा कि चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की। राहुल के इस बयान की चहुंओर निंदा भी हुई। जब कोई वक्तव्य विवाद उत्पन्न नहीं कर सका तो कांग्रेस ने राहुल की सुरक्षा में चूक का मुद्दा उठाया जिस पर कुछ समय चुप रहने के बाद उनकी सुरक्षा में लगी सीआरपीएफ ने कहा कि राहुल खुद ही सुरक्षा सम्बन्धी प्रोटोकॉल तोड़ते हैं। बीच बीच में कोविड प्रोटोकॉल के पालन जैसे मुद्दे भी उठे लेकिन ये जितनी तेजी से उठे उतनी तेजी से दब भी गए। शायद इनमें कोई गम्भीरता व गहराई थी ही नहीं।

अब यह तथ्य भी भलीभांति विदित है कि देश की राजनीति में कुछ ऐसे राजनीतिक दल भी हैं जो भाजपा के तो विरोधी हैं लेकिन वे कांग्रेस के झंडे तले नहीं आना चाहते। भारत यात्रा के दौरान इसकी एक बानगी तब देखने को मिली जब तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने एक रैली की जिसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल,पंजाब के सीएम भगवन्त सिंह मान, केरल के सीएम पिनाराई विजयन,सपा प्रमुख अखिलेश यादव व वामपंथी नेता शामिल हुए। जाहिर था कि भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे राहुल गांधी के लिए केसीआर का यह खामोश पैगाम था कि गैर भाजपा खेमे का नेतृत्व करने वाले और भी लोग हैं। जहां तक राहुल गांधी की गम्भीर राजनीतिक छवि का प्रश्न है तो इसके बारे में काफी कुछ लिखा पढ़ा व देखा सुना जा चुका है। यहां तक कि लोकसभा में अप्रत्याशित रूप से पीएम मोदी के गले लगना या अपने तत्कालीन साथी ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर देखकर आंख मारने जैसी घटनाएं भी लोगों ने देखी हैं। अब अगर कांग्रेसियों के इस दावे पर यकीन किया जाए कि यात्रा के लक्ष्य का राहुल की छवि से कोई लेना देना नहीं है तो राहुल गांधी यात्रा के दौरान बार बार यह क्यों कहते रहे कि भाजपा ने उनकी छवि खराब करने के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च किए हैं। जब यात्रा का छवि से कोई सम्बंध नहीं तो छवि का उल्लेख क्यों ?

होते होते भारत जोड़ो यात्रा अपने आखिरी दौर में जम्मू कश्मीर पहुंची जहां लोगों की निगाहें इस बात पर लगी थीं कि शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में समापन समारोह में कांग्रेस के बुलावे पर कौन कौन से राजनीतिक दल इसमें शिरकत करेंगे। दरअसल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से 23 दलों को समापन समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। बहरहाल आमंत्रित किए गए प्रमुख दलों की बात की जाए तो शरद पवार के नेतृत्ववाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी,ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस,लालू प्रसाद यादव की राष्ट्रीय जनता दल,नीतीश कुमार की जनता दल (यू) अखिलेश यादव की सपा, एचडी देवेगौड़ा की जनता दल(एस) मायावती की बसपा,जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोक दल जैसे दलों ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से दूरी बनाई।

अरविंद केजरीवाल, केसीआर, असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेताओं की पार्टी को तो कांग्रेस ने निमंत्रण ही नहीं दिया गया। शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला व पीडीपी की महबूबा मुफ्ती ही नजर आने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल थी। इन दोनों की अपनी मजबूरी भी है। मोदी सरकार से हद दर्जे तक चिढ़े इन दोनों नेताओं के पास कांग्रेस के पीछे खड़े रहने के सिवाय चारा ही क्या है। कुल मिलाकर कांग्रेस भले ही अपनी पीठ ठोके लेकिन राहुल की छवि व भाजपा विरोधी खेमे में राहुल के नेतृत्व की स्वीकार्यता जैसे मुद्दों पर भारत जोड़ो यात्रा का कोई निर्णायक प्रभाव पड़ा हो ऐसा लगता तो नहीं है।

# बजट में वित्तमंत्री से उम्मीदें

**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी हैं)



वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण 2024 के आम चुनाव के पहले अंतिम पूर्ण बजट पेश करने जा रही हैं। लोकरंजक भावना से खर्च के बढ़ते दबाव के बावजूद उम्मीद की जाती है कि वे अपनी व्यावहारिकता पर अडिग रहेंगी जो उनके पहले के बजटों में दिखती रही है। उम्मीद है कि वे राजकोषीय स्थिति मजबूत करने के रास्ते पर चलती रहेंगी। अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति अच्छी है, सात प्रतिशत वृद्धि दर प्राप्त हो सकती है, राजस्व प्राप्तियों में स्वस्थ प्रगति दिख रही है, जीएसटी संग्रह प्रति माह 1.5 लाख करोड़ से अधिक है तथा शेयर बाजारों में लगातार उछाल बना हुआ है। ये आयाम सरकार के लिए सकारात्मक हैं और वह राजकोषीय घाटे को 4 प्रतिशत से कम पर ला सकती है, जबकि पिछले वर्ष के बजट अनुमान में इसे 6.4 प्रतिशत रहने की आशंका थी। लेकिन कर ढांचे में कुछ विकृतियां हैं जिनको अवश्य ठीक किया जाना चाहिए। पिछले साल के बजट में इनको रेखांकित किया गया था और अब समय आ गया है कि सरकार इन पर कार्रवाई करे। इनमें से प्रमुख पूंजीगत लाभ कर का जटिल ढांचा है जो मनमाना व अस्थाई है तथा इससे बाजार प्रभावित होता है। संसाधनों के समुचित व प्रभावी आबंटन के लिए इसे तर्कसंगत बनाना जरूरी हो गया है।

विभिन्न प्रकार के निवेशों के लिए न केवल अनेक प्रकार की दरें और 'होल्डिंग पीरियड' हैं, बल्कि कुछ के साथ मुद्रास्फीति के आधार पर कर है जबकि अन्य के साथ ऐसा नहीं है। पूंजीगत लाभ कर रियल स्टेट, सोने, स्टाक, म्यूचुअल फंड व अनेक अन्य वित्तीय व गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों में पूंजी निवेश पर होने वाले मुनाफे पर लगता है। निवेशों के होल्डिंग पीरियड के आधार पर यह दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ टैक्स-एलटीसीजी या अलपकालीन पूंजीगत लाभ कर-एसटीसीजी हो सकता है। आयकर से उलट एलटीसीजी पर टैक्स दर धीरे-धीरे बदलती नहीं है। इस प्रकार सभी प्रकार के पूंजीगत लाभ पर एक ही टैक्स दर लागू होती है, फिर चाहे वह लाखों रुपयों में हो या करोड़ों रुपयों में। एलटीसीजी पर लागू होने वाली रियायतें भी अलग प्रकार की हैं और ये शर्तें ज्यादातर मनमानी स्थितियों पर निर्भर करती हैं। उदाहरणार्थ, एक घर बेच कर दूसरा घर खरीदने पर रियायत मिल सकती है, बशर्ते कि नया घर दो साल के भीतर खरीदा जाए या बिक्री के तीन साल के भीतर बनवाया जाए। स्टाक व इक्विटी म्यूचुअल फंडों पर एलटीसीजी में एक लाख रुपये की सीमा तक रियायत है, जबकि अन्य में यह लाभ उपलब्ध नहीं है। सरकार ने पहली बार वित्त वर्ष 19 के बजट में पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था में परिवर्तन किया था। उस समय सूचीबद्ध शेयरों पर एलटीसीजी पुनः लागू किया गया था।

पूंजी बाजार के लेनदेन में वृदिध होने तथा बड़ी मात्रा में संग्रह के कारण शेयर बाजार आजकल उछाल पर हैं। पूंजीगत लाभ कर के ढांचे को सरल और तार्किक बनाने से शेयर बाजार का कामकाज और सुचारु होगा तथा बढ़ेगा। एलटीसीजी की समान दरें होनी चाहिए तथा सभी एलटीसीजी को 'इंडेक्सेशन' का लाभ मिलना चाहिए। सूचीबद्ध व गैर-सूचीबद्ध शेयरों से अलग-अलग व्यवहार करने और उन पर अलग-अलग दरें लागू करने का कोई औचित्य नहीं है। कर परिसंपत्तियों के संबंध में करों की अलग-अलग दरें होने के कारण संसाधन एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में चले जाते हैं और यही बात अलग-अलग 'होल्डिंग पीरियड' के बारे में भी सही है।

काला धन सबसे अधिक रियल स्टेट क्षेत्र में लगता है और इसी कारण यहां कीमतें वास्तविक कीमतों से अधिक होती हैं। यदि हम यह व्यवस्था ठीक करना चाहते हैं तो रियल स्टेट में निवेश के लिए विशेष प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए, होल्डिंग काल को हटा देना चाहिए तथा क्षेत्र को जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत लाया जाना चाहिए। भारत में मार्च, 2020 से दिसंबर, 2022 के महामारी काल में 100 मिलियन से अधिक डीमैट खाते खोले गए थे। इनसे शेयर बातार में असली निवेशकों के आधार में भारी विस्तार हुआ था जो संपदा सृजन के लिए अतिरिक्त जोखिम उठाने को तैयार थे। शेयर बाजार गतिविधियों में में वृद्धि से प्रत्यक्ष कर संग्रह में 10 गुना बढ़ोत्तरी हुई है। इसकी भावी संभावनायें बढ़ाने के लिए पूंजीगत लाभ कर ढांचे को फौरन तार्किक बनाना जरूरी हो गया है। एलटीसीजी की थ्रेशहोल्ड सीमा को वर्तमान एक लाख की सीमा से फौरन काफी बढ़ाना जरूरी हो गया है। इससे शेयर बाजार में खुदरा निवेश प्रोत्साहित होगा। इससे प्रत्यक्ष कर संग्रह में भारी बढ़ोत्तरी होगी। यदि ये परिवर्तन वर्तमान बजट में नहीं किए जा सकें तो भी वित्त मंत्री को पूंजीगत लाभ कर ढांचे को तार्किक बनाने का अपना इरादा पूरी तरह स्पष्ट कर देना चाहिए और इसके लिए एक स्पष्ट रोडमैप पेश करना चाहिए।

दूसरा, बजट में आबंटन प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए केन्द्र-प्रायोजित योजनाओं को तुरन्त तार्किक बनाया जाना चाहिए। वर्तमान समय में अनेक योजनायें अंतर्निहित लोकरंजक पूर्वाग्रहों के कारण चलाई जा रही हैं, जबकि ये आर्थिक रूप से अक्षम हैं। उनसे कम संसाधनों की बरबादी होती है तथा अवसर खोते हैं। इन योजनाओं के विस्तार की भी प्रवृत्ति होती है। इनमें से कुछ योजनाओं के बारे में फौरन कठोर निर्णय ले कर इनको तार्किक बनाया जाना चाहिए। इन योजनाओं को कुछ 'छतरी योजनाओं' के अंतर्गत समेकित करने का काम सरकार अतीत में करती रही है, लेकिन इनका समुचित कनवर्जेंस व विलय संभव नहीं हो सका है जिससे संसाधनों की बरबादी रोकने में ज्यादा सहायता नहीं मिली है।

सभी पूर्व वित्त आयोगों ने इस बारे में चेतावनी दी है। नवीनतम 15वें वित्त आयोग ने कहा था, 'हमने केन्द्र-प्रायोजित योअनाओं तथा केन्द्रीय क्षेत्र योजनाओं के विस्तार पर गौर किया है। इनको जारी रखने की प्रवृत्ति है और इनके नतीजों का मूल्यांकन नहीं किया जाता है। हमें उम्मीद है कि केन्द्र सरकार वित्त वर्ष 2020-21 का प्रयोग ऐसी योजनाओं की समीक्षा के लिए करेगी तथा इसके बाद इनको कुछ प्रमुख क्षेत्रों तक सीमित करने के साथ ही उपयुक्त राष्ट्रव्यापी हस्तक्षेप किए जाएंगे। हमारे दृष्टिकोण से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कुछ इच्छित क्षेत्रों में न्यूनतम स्तर के खर्च से मानव विकास व ढांचागत विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जाए। इससे केन्द्र सरकार के राजस्व पर भारी दबाव में भी कमी आएगी तथा वह अपने राजकोषीय क्षेत्र में रह कर उच्च पूंजीगत खर्च करने की स्थिति में आ जाएगी।' लेकिन विडंबना है कि सरकार ने अभी केन्द्र-प्रायोजित योजनाओं की समुचित समीक्षा नहीं की है। इनकी समुचित समीक्षा करने तथा इसके आधार पर उचित निर्णय लेने से करदाताओं का और ज्यादा पैसा पूंजीगत निवेश पर लगाया जा सकेगा। इसके साथ ही ऐसे कदमों से सरकार का अनुत्पादक खर्च भी घटेगा।

वित्त वर्ष 20 के बजट में आयकर कानून की धारा 115बीएसी के अंतर्गत आयकर आंकलन की दुहरी व्यवस्था बनाई गई थी जिसका कोई औचित्य नहीं है। 5, 10, 15, 20, 25 व 30 प्रतिशत की छः दरों के साथ यह व्यवस्था बहुत जटिल है, जबकि पूर्व की टैक्स व्यवस्था में रियायतों के साथ केवल तीन दरें थीं। रियायतों या बिना रियायतों के केवल एक टैक्स व्यवस्था होनी चाहिए। वैकल्पिक कर व्यवस्था से लोगों में उत्साह नहीं पैदा हुआ है। यदि वित्त मंत्री सचमुच इसे लागू करने के प्रति गंभीर हैं तो उनको इसे इतना सरल बनाना चाहिए कि करदाता नई व्यवस्था में बिना चार्टर्ड एकाउंटेंटों की सहायता के अपने रिटर्न स्वयं भर सकें। वर्तमान रियायतों का विकल्प सोचते समय इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए कि उच्च मुद्रास्फीति अब आम बात हो गई है और इसके जल्दी घटने की संभावना नहीं है। इसका कारण खासकर यह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के कोई संकेत नहीं हैं। ऐसे में टैक्स स्लैबों को मुद्रास्फीति के अनुकूल इस तरह निर्धारित किया जाना चाहिए जिससे आम आदमी की आर्थिक समस्यायें थोड़ी कम हो सकें।

## आप की बात

### हरित बॉण्ड

**देश** के पहले हरित बॉण्ड्स ने बाजार में प्रवेश कर लिया है। इन बॉण्ड्स के जरिए 400 अरब रुपये जुटाए जाएंगे और यह फंड पर्यावरण के लिए काम करने वाली परियोजनाओं को दिया जाएगा। बाजार के जानकार इन ग्रीन बांड्स की बिकवाली को लेकर संशय में हैं। संभवतः इनसे मिलने वाला लाभ अन्य बांडों की तुलना में अधिक आकर्षक न हो। लेकिन यह प्रयास बेहतर पर्यावरण बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम जरूर है। केंद्र के सामने चालू वित्त वर्ष में 31 मार्च तक 160 अरब रुपये का फंड जुटाने की चुनौती है। इन ग्रीन बॉन्ड के बारे में सभी आम निवेशकों में जागरुकता पैदा करने की जरूरत सबसे पहले है। इस कोष के माध्यम से सौर ऊर्जा परियोजनाओं को अधिक से अधिक वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही पवन ऊर्जा परियोजनाओं, लघु पनबिजली परियोजनाओं और न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन वाली परियोजनाओं को धन उपलब्ध कराया जाएगा। हालांकि, हरित ऊर्जा को लेकर केंद्र का यह एक सकारात्मक कदम है, पर बांड बिक्री की चुनौती सामान्य निवेशकों को हरित ऊर्जा के महत्व को समझाना है। इस पर्यावरण-हितैषी पहल का व्यापक स्वागत किया जाना चाहिए जिसमें सारी जनता सहयोग कर सकती है।

**दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

### परेशान पायलट

**राजस्थान** में सचिन पायलट की लगातार अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट को बार-बार आश्वासन दे रहा है कि उन्हें उचित मान सम्मान मिलेगा। प्रदेश की राजनीति में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मगर कांग्रेस आलाकमान द्वारा पायलट को ताकतवर बनाने की दिशा में अभी तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो पाई है। इससे सचिन पायलट का भी धीरज जवाब देने लगा है। इसीलिए वह एक बार फिर मुखर होकर बयान देने लगे हैं। वे राजस्थान में जाट बहुल नागौर, हनुमानगढ़, झुंझुनू, पाली व जयपुर में बड़ी-बड़ी जनसभाएं कर अप्रत्यक्ष रूप से गहलोत सरकार पर निशाना साध रहें हैं। पायलट की मीटिंगो में हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहें हैं। हर जगह पायलट ने बेरोजगारों, युवाओं, किसानों, दलितों व पीड़ितों के पक्ष में बातें रखकर गहलोत सरकार को घेरने का काम किया है। इससे गहलोत के हाथ पांव फूल गए। उन्होने अपने मंत्रियों को तुरंत प्रदेश के दौरे पर रवाना कर जन समस्याओं को सुलझाने के निर्देश दिए हैं। देखना होगा कि गहलोत-पायलट टकराव का क्या नतीजा निकलता है।

**रमेश सर्राफ,** धमोरा

### भारत जोड़ो यात्रा

**भारत** जोड़ो यात्रा के समापन के पहले राहुल गांधी ने श्रीनगर के लाल चौक में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद जम्मू.कश्मीर में कानून एवं व्यवस्था को लेकर जो प्रश्न उठाए वे इसलिए हास्यास्पद हैं क्योंकि यदि स्थितियां अच्छी नहीं होतीं तो वह वहां पर तिरंगा नहीं फहरा सकते थे। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का साहसिक फैसला लेने के बाद ऐसे अनेक कदम उठाए गए जिनमें आतंकियों और अलगाववादियों का दुस्साहस टूटा। बदले हुए वातावरण के कारण ही कांग्रेस कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा कर सकी। कांग्रेस को इसका आकलन करना चाहिए कि इससे उसे हासिल क्या हुआ? इस यात्रा के जरिए कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एकजुट करने का उद्देश्य भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। राहुल गांधी ने अनुच्छेद 370 की वापसी की बात भी कही, जबकि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और अब कांग्रेस से पल्ला झाड़ चुके गुलाम नबी आजाद साफ-साफ कह चुके हैं कि अब कोई ताकत जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस नहीं ला सकती है। कांग्रेस को यह असलियत अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए।

**सदन जी,** पटना

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**स्वामी प्रसाद मौर्य** लगातार 'हिंदू धर्म', 'हिंदू आस्था' व रामचरितमानस पर हमले कर रहे हैं।

– **सिद्धार्थ नाथ सिंह**
भाजपा नेता



**यदि** महंत मेरा सिर या जुबान काटने की बात करें तो क्या वे आतंकी व कसाई नहीं हैं?

– **स्वामी प्रसाद मौर्य**
समाजवादी पार्टी नेता



**हम** नाबालिग लड़कियों को मां बनाने वाले हजारों लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।

– **हिमंता बिस्वा सर्मा**
असम के मुख्यमंत्री

# जनसंख्या के सापेक्ष कनेक्शन बढ़ाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, वाराणसी




**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में वाराणसी शहर में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि जनसंख्या के सापेक्ष जल कनेक्शन कम हैं, इसको और बढ़ाया जाए। उन्होंने जल कनेक्शन प्रक्रिया को एकदम सरल तथा प्रक्रिया को 1 पन्ने में समेटने को कहा ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी घरों तक पहुंच सुनिश्चित कराने तथा राजस्व घाटे को कम करने के लिए जल और विद्युत कनेक्शन की स्थिति पुनः रिव्यू करने की जरूरत है। उन्होंने शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए किसी ट्रैफिक एक्सपर्ट एजेंसी को हायर करने का सुझाव दिया ताकि एजेंसी द्वारा स्थायी समाधान सुझाया जा सके। रोपवे समयबद्ध प्रोजेक्ट है इसलिए इसके काम को तेजी से पूरा करने पर ध्यान दिया जाये। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को होटलों में फायर सुरक्षा उपकरण स्थापित कराने एवं सभी मानक पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

इससे पूर्व बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अनेक बिंदुओं पर हुई कार्यवाही के बारे में अवगत कराया गया जिसमें मुख्य रूप से घाटों से संबंधित मुद्दे उचित साफ सफाई, चेंजिंग रूम, संकेतक तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का उचित प्रबंध इत्यादि शामिल थे। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर तथा रेलवे स्टेशन पर पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र स्थापित करने संबंधित प्रगति के बारे में मुख्य सचिव को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त बैठक में 5 फरवरी को मनाई जाने वाली संत रविदास जयंती की तैयारियों की भी समीक्षा हुई तथा संत रविदास मंदिर प्रोजेक्ट जिसमें लंगर हाल, म्युजियम, पार्क इत्यादि की वर्तमान प्रगति का प्रस्तुतिकरण भी मुख्य सचिव ने देखा। बैठक में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, एडीजी राम कुमार, जिलाधिकारी एस राजलिंगम, ट्रैफिक, नगर निगम, जल निगम, जलकल, लोनिवि, बिजली विभाग, रेलवे इत्यादि से संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कृषि उपज को बढ़ावा देने के साथ ही निर्यात को करेंगे प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास, पूंजी निवेश, रोजगार सृजन एवं स्टेक होल्डर के आय में वृद्धि की सम्भावनाओं के दृष्टिगत उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2022 क्रियान्वित की जाएगी। इसके पहले उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2017 लागू थी।

उन्होंने बताया कि नीति का उद्देश्य राज्य में कृषि उपज के प्रसंस्करण को बढ़ाना और अन्य राज्यों और देशों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को प्रोत्साहित करना है। यह नीति के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग नोडल विभाग होगा और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय नोडल एजेंसी होगी। मौर्य ने कहा कि प्रदेश के कृषकों को उनकी आय का उचित एवं लाभकारी मूल्य दिलाने, कच्चे उत्पादों का मूल्य संवर्धन, प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करना, उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य पर प्रसंस्कृत उत्पाद सुलभ कराना, रोजगार के नये अवसर सृजित करना, उपलब्ध मानव शक्ति की क्षमता एवं कौशल में वृद्धि करना तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मानव शक्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप्र प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2022 को क्रियान्वित किया जाना है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2022 में विभिन्न नीतिगत प्रोत्साहनों की व्यवस्था की गयी है। इसके तहत 12.5 एकड़ से अधिक भूमि खरीदने की अनुमति, गैर कृषि उपयोग घोषणा के लिए शुल्क से छूट परियोजनाएं परियोजना स्थल में आने वाली सरकारी भूमि के विनिमय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए भू उपयोग परिवर्तन के लिए 10 हजार रुपए के प्रतीकात्मक शुल्क, बाहरी विकास के लिए 50 हजार रुपए के प्रतीकात्मक शुल्क, स्टाम्प शुल्क से छूट, प्रसंस्करण के लिए राज्य के बाहर से लायी गयी कृषि उपज पर मण्डी शुल्क और उपकर से छूट, प्रसंस्करण इकाइयों को सीधे बेचे जाने वाले कृषि उत्पाद के लिए मण्डी शुल्क और उपकर से छूट, प्रसंस्करण इकाइयों को बिजली आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर सब्सिडीए निर्यात के लिए परिवहन सब्सिडी आदि का प्राविधान है। निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश आर के तोमर ने बताया कि नीति के तहत राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के सम्बन्ध में संयंत्र, मशीनरी और तकनीकी सिविल कार्य पर किए गए व्यय का 35 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान अधिकतम सीमा 05 करोड़ रुपए तक दिया जाना है। नीति में सूक्ष्म एवं लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों एवं रीफर वीकल्स/मोबाइल प्री-कूलिंग वैन के लिए ब्याज उपदान की व्यवस्था की गई है। नीति के तहत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए प्रशिक्षण, शिविरों का आयोजन किया जायेगा। विभाग राज्य में खाद्य प्रसंस्करण में अनुभव तथा पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थानों और कॉलेजों को सूचीबद्ध करेगा और नीति के तहत प्राप्त परियोजनाओं, प्रस्ताव के मूल्यांकन किए कार्यों का सत्यापन का कार्य करेगा।

## सीएम ने पुण्यतिथि पर बापू को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने जीपीओ स्थित बापू की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। स्कूली बच्चों ने वैष्णव जन समेत कई भजन प्रस्तुत किए। राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पित रहे राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिमा के समक्ष कुछ देर बैठकर बच्चों के भजनों को भी सुना। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। सीएम योगीआदित्यनाथ ने ट्वीट कर भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। ट्वीट में सीएम ने कहा कि बापू के समग्र चिंतन में मनुष्यता, स्वतंत्रता एवं समरसता का अवाहन है। उनकी शिक्षाएं रामराज्य और विश्व शांति की संकल्पना की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

## निर्माण कार्यों में नई तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दे रहा पीडब्लूडी: जितिन प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों में नई तकनीकी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। निर्माण कार्यों में समयावधि के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत विभाग द्वारा स्टेट लेवल कमेटी एवं क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण के लिए नियमित रूप से निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण व टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है।

जितिन प्रसाद ने बताया कि नई तकनीक के प्रयोग में उप्र अग्रणी रहा है। विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों को ससमय, गुणवत्तायुक्त एवं पारदर्शी बनाये जाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग द्वारा सूचना एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल विकसित किए गए हैं। विभाग द्वारा निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के लिए प्रहरी पोर्टल, शासन से धन की मांग तथा धन के आवंटन के लिए विश्वकर्मा पोर्टल, ग्रामीण मार्गों के आगणन गठन से लेकर स्वीकृति तक की प्रक्रिया एस्टिमेटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से की जा रही है। जितिन प्रसाद ने बताया कि उपलब्ध बजट के अनुसार मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण की प्राथमिकता, क्षतिग्रस्त मार्गों के नवीनीकरण तथा विशेष मरम्मत एवं नदियों पर सेतुओं की स्वीकृति की प्राथमिकता तय करने के लिए श्रृष्टि 2.0 पोर्टल का विकास कराया जा रहा है।

## बर्ड एंड नेचर फेस्टिवल के 'लोगो' का अनावरण

- पर्यटन मंत्री ने 1090 चौराहे से प्राणि उद्यान तक वाकाथन रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा प्राकृतिक जलस्त्रोत जैसे-नदी, तालाब, पोखर आदि में मानव के लगातार बढ़ते हस्तक्षेप के कारण जलचर एवं पशु-पक्षी कम होते जा रहे हैं। पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिए पोखर एवं तालाबों को पुनर्जीवित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई दशक पहले गावों में पक्षियों की भरमार रहती थी लेकिन लगातार प्राकृतिक छेड़छाड़ के कारण इनकी संख्या लागातार घटती जा रही है। मनुष्य के अस्तित्व के लिए प्राकृतिक संरक्षण जरूरी है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सोमवार को राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ स्थित वन विभाग के अरण्य भवन के सभागार में बर्ड फेस्टिवल के 'लोगो' के अनावरण एवं उसके थीम के बारे में मीडिया को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव काल के दौरान राज्य सरकार प्राकृतिक संरक्षण के लिए गांव में स्थित तालाबों का सौन्दर्यीकरण एवं संरक्षण करा रही है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पक्षियों के संरक्षण के लिए एनजीटी और पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गाइड लाइन्स जारी की गई है। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों के प्रयोग एवं बढ़ते प्रदूषण के कारण पक्षियों की कई दुलर्भ प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर पहुंच गयीं हैं।

उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ लोगों का जुड़ाव हो सके इसके लिए हर स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में प्रकृतिक क्षेत्रों को क्षति पहुंचाये बगैर इको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इको टूरिज्म बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में 10 विभागों को जोड़कर पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने की रणनीति बनाई गई है। उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक वातावरण सृजित कर पंचकर्म (आयुष) के साथ जोड़कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि केरल की भांति उत्तर प्रदेश में भी पंचकर्म को बढ़ावा दिया जायेगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता संजीव दुबे, महानिदेशक वन चन्द्र प्रकाश गोयल, इको-टूरिज्म बोर्ड के निदेशक प्रखर मिश्रा के अलावा मुकेश सिंह, इण्डो अमेरिका चेम्बर ऑफ कामर्स के चेयरमैन उपस्थित थे। इसके पूर्व आज प्रातः 7:45 बजे 1090 चौराहे से प्राणि उद्यान तक बर्ड एण्ड नेचर फेस्टिवल-2023 प्री-इवेंट वाकाथन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 से अधिक लोग शामिल थे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## स्नातक-शिक्षक की 5 सीटों पर पड़े वोट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में स्नातक-शिक्षक की 5 रिक्त सीटों पर मतदान सोमवार को समाप्त हो गया। मतदान सुबह आठ बजे से लेकर शाम चार बजे तक चला इस दौरान मुरादाबाद में वोटिंग के दौरान पोलिंग बूथ पर भाजपा ब्लॉक प्रमुख और सपा महानगर अध्यक्ष भिड़ गए। ये विवाद मुरादाबाद के खंड विकास कार्यालय पर बने बूथ पर हुआ। समाजवादी पार्टी के नेताओं का आरोप है कि पोलिंग बूथ पर सपा के पोलिंग एजेंटों को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने खदेड़कर भाजपा-सपा नेताओं को पोलिंग बूथ से बाहर कर दिया। हंगामा कर रहे सपा नेता की स्कॉर्पियो को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। शाहजहांपुर में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वोट डाला। उन्होंने कहा कि 5 सीटों के इस चुनाव में भाजपा को हर सीट पर विजय मिलने वाली है। शिक्षकों की बेहतरी के लिए असली काम सिर्फ भाजपा प्रत्याशी ही कर सकते हैं। पिछले चुनाव में जीतकर आए प्रत्याशियों ने इसको साबित भी किया है। सबसे अधिक कानपुर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 68.93 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि गोरखुपर-फैजाबाद स्नातक खंड निर्वाचन क्षेत्र में 43.19 प्रतिशत, कानपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 40.93 प्रतिशत, बरेली-मुरादाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 53.72 प्रतिशत और इलाहाबाद-झांसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 75.86 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना दो फरवरी को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी रत्नेश सिंह ने बताया कि निर्वाचन गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक से निर्वाचित सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह, कानपुर खण्ड स्नातक से निर्वाचित सदस्य अरूण पाठक, बरेली-मुरादाबाद खण्ड स्नातक से निर्वाचित सदस्य डॉ जय पाल सिंह व्यस्त तथा इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक से निर्वाचित सदस्य सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं कानपुर खण्ड शिक्षक से निर्वाचित सदस्य राजबहादुर सिंह चन्देल का कार्यकाल 12 फरवरी को समाप्त होने के कारण उक्त मतदान हुआ।

## बोर्ड ने डीजीपी से की 5124 मुख्य आरक्षियों को दारोगा पद प्रोन्नत किए जाने की संस्तुति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने नागरिक पुलिस के 5124 मुख्य आरक्षियों को उप निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्रदान किए जाने की संस्तुति डीजीपी से की है। बोर्ड के अनुसार उप निरीक्षक नागरिक पुलिस की भर्ती/ चयन वर्ष 2022 की 5159 रिक्त पदों पर अनुपयुक्तों को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा चयन के लिए डीजीपी द्वारा 30 दिसंबर 2022 को रिक्तियों का उपलब्ध कराया गया। इन रिक्तियों को भरे जाने के लिए विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक 17 जनवरी 2023 से 30 जनवरी 2023 तक बोर्ड में आयोजित की गई। विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा चयन वर्ष 2022 के लिए 5126 मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रोन्नति के लिए उपयुक्त पाया गया। इसके अलावा 30 कार्मिकों की प्रोन्नति के सम्बन्ध विभागीय प्रोन्नति समिति की संस्तुतियां मुहरबन्द लिफाफे में रखी गईं तथा तीन कर्मी के सेवाभिलेख अपूर्ण होने के कारण सम्बन्धित चयन वर्ष में उनके लिए रिक्ति सुरक्षित रखते हुए प्रकरण स्थगित रखा गया है। तद्नुसार विभागीय प्रोन्नति समिति की संस्तुतियां 30 जनवरी 2023 को डीजीपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई हैं।

## भाजपा सरकार को जातिगत जनगणना से लगता है डर

- नेता विरोधी दल ने कहा, सदन में उठाएंगे मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों और दलितों की विरोधी है। भाजपा सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती है। इस सरकार को जातिगत जनगणना से डर लगता है। भाजपा पिछड़ा वर्ग, दलित वर्ग व शोषित वर्ग को हक और सम्मान नहीं देना चाहती है। जातीय जनगणना का मामला हम सदन में उठाएंगे।

यादव ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी बहुत बढ़ गयी है। आज जनता महंगाई से त्रस्त है। डीजल, पेट्रोल और गैस के दाम पहले से ही आसमान छू रहे हैं। अब गेहूं, आटा और इससे बने उत्पादों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफ ल साबित हुई है। भाजपा महंगाईऔर बेरोजगारी पर बात नहीं करती है। बेलगाम मंहगाई से लोगों का बजट बिगड़ गया है। आटा, तेल, चावल, सब्जी सब कुछ महंगा हो गया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन करना मुश्किल हो गया है। नेता विरोधी दल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां पूंजीपतियों और अमीरों का हित साधने की है। गरीब और मध्यम वर्ग भाजपा के एजेण्डे में नहीं है। गलत आर्थिक नीतियों के चलते आज देश के कई आर्थिक संस्थाएं संकट में पड़ गई है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। शेयर मार्केट लगातार गिर रहा है।

### भाजपा पर लगाया एमएलसी चुनाव को प्रभावित करने का आरोप, जांच की मांग

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि आज विधान परिषद खंड स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए हो रहे मतदान को भाजपा ने प्रभावित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा राज में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्भव नहीं रह गया है। मतदान केन्द्रों में भाजपा के नेताओं की धांधली रोकने में पुलिस प्रशासन का दिलचस्पी न लेना लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। अखिलेश ने कहा कि विधान परिषद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र बरेली-मुरादाबाद के जनपद बदायूं के बूथ नगरपालिका परिषद बिल्सी पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता चेतन यादव को मतदान अधिकारी ने बूथ एजेंट बनाने से यह कहकर मना कर दिया कि आप तो यादव हो इसलिए आपको एजेंट नहीं बनाया जा सकता है। विधान परिषद के लिए शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र इलाहाबाद-झांसी के जनपद जालौन में मतदान केन्द्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज स्टेशन रोड, उरई पर भाजपा नेता, पूर्व सांसद घनश्याम अनुरागी द्वारा पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से मतदान में गड़बड़ी की गई है। झांसी-इलाहाबाद शिक्षक खंड में चित्रकूट के पहाड़ी ब्लाक के प्रमुख सुनील द्विवेदी ने मतदान को प्रभावित किया है। अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग से मांग की है कि भाजपा और पुलिस प्रशासन द्वारा विधान परिषद खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान में की अनियमितता की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करे ताकि भविष्य में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके।

## गांधी दुनिया की महानतम विभूतियों में थे सबसे महत्वपूर्ण: नकुल दुबे

- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मौन रखकर दी गई राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महात्मा गांधी का योगदान सबसे अहम रहा। जनवरी 1915 में गांधी जी दक्षिण अफ्रीका से भारत आए थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में भी शोषण, अन्याय एवं रंगभेद के विरुद्ध सत्याग्रह आंदोलन किया था। महात्मा गांधी भारत ही नहीं दुनिया की महानतम विभूतियों में सबसे महत्वपूर्ण हैं। महात्मा गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह देश गांधी का है, और यहां हमेशा उन्हीं के विचार ही प्रासंगिक रहेंगे। दुबे सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दो मिनट का मौन रखकर कांग्रेसजनों द्वारा श्रदासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद जफर अली नकवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि आज ही के दिन 1948 में भारत माता के महान सपूत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को गोलियों से छलनी कर दिया गया।

### यात्रा के समापन पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में फहराया गया तिरंगा

**लखनऊ।** भारत जोड़ो यात्रा के समापन अवसर पर श्रीनगर में राहुल गांधी के कांग्रेस मुख्यालय पर झंडा फहराने के क्रम में सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर भी प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने तिरंगा झंडा फहराया। इस मौके पर राष्ट्रगीत से कार्यक्रम का शुभारंभ एवं राष्ट्रगान से समापन किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश दुनिया की सबसे बड़ी यात्रा राहुल गांधी ने देश में नफरत के माहौल को समाप्त करने के लिए 'वसुधैव कुटुम्बकम' की विचारधारा के साथ की। भाजपा एवं आरएसएस द्वारा जिस तरह से देश की महान परंपरा और आपसी सौहार्द के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, लोगों में नफरत एवं डर का माहौल पैदा किया जा रहा है।

## दोस्ती तोड़ने पर फेंका था युवक पर तेजाब

**लखनऊ।** लखनऊ में घर में घुसकर युवक पर तेजाब फेकने वाला उसका ही मित्र निकला। जिससे उसके आठ साल से घनिष्ठ संबंध थे। आरोपी दोस्त ने पुलिस को बताया कि वह पीड़ित के संबंध तोड़ने और फोन पर बात न करने से परेशान था। जिसके चलते घटना को अंजाम दिया। डीसीपी पूर्वी हृदेश कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी दोस्त और उसके साथी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। घटना के अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## यूपी में पहली बार अप्रैल में होंगे नेशनल स्तर पर स्कूल गेम्स

### पहली बार एसजीएफआई की कमॉन यूपी के हाथ में आने के बाद दिखेगी ओलंपिक की झलक

- ओलंपिक गेम्स के साथ पारंपरिक गेम्स भी होंगे शामिल

सतीश सिंह। लखनऊ



**इस** बार यूपी एक नहीं दो नहीं बल्कि एक साथ- एक सत्र में तीन रिकार्ड बनाने जा रहा है। पहले रिकार्ड के रूप में जहां प्रमुख सचिव बेसिक, माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार जहां स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसजीएफआई) के हॉल ही में अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। वहीं पहली बार एक साथ- एक राज्य से दो मेम्बर निर्वाचित हुए हैं। इनमें प्रमुख सचिव के अलावा कार्यसमिति के सदस्य के रूप में संयुक्त निदेशक भगवती सिंह शामिल है। ऐसे में एसजीएफआई की कमॉन यूपी के हाथ में आने के बाद यूपी में पहली बार नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। यह गेम्स अप्रैल माह में आयोजित होगा।

वर्ष 1954 में एसजीएफआई के गठन के बाद से अभी तक यूपी में स्कूल स्तर के नेशनल गेम्स नहीं हुए हैं। जबकि एसजीएफआई को खेल मंत्रालय के साथ ओलंपिक संघ की मान्यता मिली हुई है। यूपी में नेशनल गेम्स के आयोजन को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कराई जा रही है। इस गेम्स में राज्य स्तरीय चैंपियन टीमें हिस्सा लेंगी। प्रमुख सचिव दीपक कुमार का कहना है कि खेल मंत्रालय से मान्यता के लिए कार्यसमिति की सूची भेजी गयी है। जैसे ही सूची आ जायेगी। हम गेम्स के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर देंगे। जिससे अप्रैल से लेकर जून तक गेम्स सम्पन्न कराये जा सकें। बता दें कि नेशनल स्तर के गेम्स में ओलंपिक संघ द्वारा 21 खेलों को मान्यता दी गयी है। जिनमें एथलेटिक्स, स्विमिंग, जूड़ो, वॉलीबाल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, शूटिंग, बॉस्केटबॉल, टेनिस, फुटबॉल, रेसलिंग, आर्चरी, फेनसिंग, जिम्नास्टिक, हॉकी, ताइक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, साइक्लिंग, कराटे शामिल हैं। इनके अलावा नेशनल स्तर के गेम्स में योगासन, खोखो, कबड्डी, मल्लखंभ, चेस, कलारीपयट्टू, गटका शामिल है।

**तीन साल बाद होंगे नेशनल गेम्स:** एसजीएफआई की तरफ से तीन साल बाद नेशनल गेम्स कराया जा रहा है। इस बारे में संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा भगवती सिंह का कहना है कि इधर कोरोना के चलते गेम्स नहीं हो सके हैं। जिसके चलते तीन साल बाद इन खेलों का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि यह गेम्स अलग-अलग राज्यों में सम्पन्न कराया जायेगा। इसमें 36 राज्यों (केन्द्रशासित को मिलाकर) के बच्चे प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगे।

**कार्य समिति लगायेगी तिथि पर मोहर:** अप्रैल में प्रस्तावित गेम्स को लेकर उन्होंने बताया कि खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कार्यसमिति को मान्यता मिलने के बाद राज्यों के साथ बैठक कर गेम्स कराने की तिथि फाइनल की जायेगी। बता दें कि एसजीएफआई का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों को खेल सुविधाएं, मैदान और उपकरण प्रदान करना। स्कूलों में विशेष खेल शिक्षक और कोच उपलब्ध कराना और नियुक्त करना जो स्कूलों में खेल टीमों के प्रशिक्षण के लिए जिम्मेदार होंगे। क्षेत्रीय स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर जैसे विभिन्न स्तर के खेल और खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना। अच्छे खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण और कोचिंग शिविर आयोजित करना। खेल शिक्षकों और कोचों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर, पाठ्यक्रम, सेमिनार, रिफ्रेशर पाठ्यक्रम आयोजित करना।

विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अच्छे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करना और छात्रवृत्ति प्रदान करना। अच्छे खिलाड़ी छात्रों को इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भेजना आदि है।

## समाधान पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

- 1 से 15 फरवरी तक सुबह 8 से रात 8 बजे तक यह अभियान कैंप लगाकर चलाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को शक्ति भवन में विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा अभियान की लॉन्चिंग की। यह अभियान पूरे प्रदेश के सभी विद्युत उपकेंद्रों पर 1 से 15 फरवरी तक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक कैंप लगाकर चलाया जाएगा।

इस दौरान विद्युत कर्मी प्रत्येक गांव मोहल्ले में भी जाकर उपभोक्ताओं से मिलकर उनका सही मोबाइल नंबर प्राप्त करेंगे। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि सभी उपभोक्ता विभाग की इस व्यवस्था का हिस्सा बने और अपना सही संपर्क नंबर व ईमेल आईडी देकर विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने में सहयोग प्रदान करें। ऊर्जा मंत्री ने टेक्नोलॉजी का उपयोग कर विद्युत उपभोक्ताओं को टेलीकॉम कंपनियों की तरह बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रत्येक उपभोक्ता का मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी प्राप्त करने तथा इसे विभागीय सिस्टम में अपलोड कर व्यवस्थित रूप से संचालित करने को कहा जिससे कि उपभोक्ताओं को समय पर विद्युत संबंधी कोई भी जानकारी दी जा सके और उनकी किसी भी समस्या के समाधान के लिए सीधे उनसे वार्ता किया जा सके। इस व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश की लगभग 25 करोड़ आबादी में 5 करोड़ परिवार हैं जिसमें 20 प्रतिशत कमर्शियल उपभोक्ता है। इस दृष्टि से हमारे प्रदेश में मात्र 3.25 करोड़ उपभोक्ता होना पर्याप्त नहीं बल्कि यह आंकड़ा 6 से 7 करोड़ उपभोक्ताओ का होना चाहिए। प्रदेश सरकार चाहती है कि जो भी परिवार विद्युत् का उपयोग कर रहा है और उपभोक्ता नहीं है। वह भी अभियान के दौरान नियमपूर्वक विद्युत उपभोक्ता बन जाए। अभियान के दौरान डेढ़ करोड़ परिवारों को बनाया जायेगा उपभोक्ता। साथ ही जो भी वर्तमान में उपभोक्ता है या आगे बनेंगे उन सभी का संपर्क नंबर विभाग के पास हों इसके प्रयास हों।

# पूरा जनपद ले बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संकल्पः अजय मिश्र

## ● केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खीरी में** 'बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं' के अंतर्गत दहेज उन्मूलन, बाल.विवाह रोकनेए लैंगिक समानता के लिए संदेशों का प्रचार.प्रसार करनेए इसे जीवन में उतारने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में हस्ताक्षर अभियान चलाए जिसका शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने स्वयं हस्ताक्षर कर किया।

अभियान में विधायक योगेश वर्माए विनोद शंकर अवस्थीए मंजू त्यागीए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंहए सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजयए अमरीश सिंहए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल सिंहए एडीएम संजय सिंह सहित करीब दो दर्जन जिला स्तरीय अधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान में प्रमुखता से प्रतिभाग करते हुए न केवल हस्ताक्षर किए बल्कि बेटियों के लिए अपने संदेश भी लिखें। कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने किया।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करेंगे। बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करेंगे। कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायेंगे।

समुचित पोषण एवं गरिमामय व सशक्त जीवन प्रदान करने में सहायक होंगे और इस प्रतिज्ञा के साथ बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान में सम्मिलित होते हुए अपना समर्थन प्रदान करते हैं।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**बरेली।** मानसिक रूप से तनावग्रस्त चल रहे एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला पंजाब पुरा निवासी 20 वर्षीय कपिल पुत्र राजेंद्र रस्तोगी कि आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि कपिल एक कपड़े की दुकान पर काम करता था और पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था उसने रविवार शाम को घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर घर के लोग उसे पहले एक स्थानीय अस्पताल ले गए लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तब उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहांपहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न



**बरेला।** मुरादाबाद स्नातक एमएलसी चुनाव चल रहा है । बरेली और मुरादाबाद मंडल के सभी 9 जिलों में सुबह 8 बजे से वोटिंग शुरू हुई। वहीं शाम पांच बजे तक चलेगी । जहां शाम पांच बजे वोटर लाइन में लगे रहते हैं तो वोटिंग का समय लाइन में में शामिल वोटरों की वोट पड़ने तक बढ़ाया जायेगा। सभी जिलों में चुनाव को लेकर आचार संहिता का पालन कराने के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गये हैं। कमिश्नर रैली संयुक्ता समद्दार ने सभी 9 जिलों के डीएम को सुरक्षा और मतदान निष्पक्षता संबंधी कई निर्देश दिए हैं।बरेली और मुरादाबाद मंडल के 9 जिलों में एक लाख 72 हजार वोटर हैं। जहां सबसे ज्यादा वोटर मुरादाबाद में है। 9 जिलों की मतदाता संख्या 24,296 बदायूँ में 14,748, शाहजहांपुर में 13,320, पीलीभीत में 8,955 रामपुर में 12,248, अमरोहा (जेपी नगर) में 22,797, बिजनौर में 30,652, मुरादाबाद में 32098, सम्भल में 13181 कुल 172297 कुल वोटर है।बरेली और मुरादाबाद खंड में 246 बूथ है। चुनाव शांतिपूर्ण मतदान शुरू हुआ। सभी जिले में 8रू00 बजे से शाम 4रू00 बजे तक चुनाव चला बरेली जिले में 36 बूथ हैं।बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीना और आईजी डॉ राकेश कुमार ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को सुरक्षा संबंधी कड़े निर्देश दिए हैं।आदर्श आचार सहिंता का प्रत्येक दशा में अनुपालन किया जाये तथा अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। चुनाव में कुल 10 प्रत्याशी हैं। भाजपा ने मौजूदा एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त को मैदान में उतारा है। वहीं सपा से शिव प्रताप सिंह यादव मैदान में हैं।

## क्विक न्यूज

### चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद, दो गिरफ्तार

**बरेली।** अलग-अलग स्थान से चोरी की गई मोटरसाइकिल लोकेशन दो ऑटो लिफ्टर को पुलिस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव जेड निवासी मुन्ने शाह पुत्र नौबत शाहऔर उसके भाई रऊफशाह को पुलिस ने बीती रात अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई चार मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया बताया जाता है कि उन्होंने फरीदपुर औ पास के क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी की थी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज थी जिसके चलते पुलिस चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी और आज दो ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।

### स्कूटी से गिरे युवक को ट्रक ने कुचला

**बरेली।** दोस्त के साथ स्कूटी पर जा रहे युवक की रास्ते में ही स्कूटी फिसलने के जमीन पर गिरने के बाद ट्रक से कुचल कर मौत हो गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बदायूं के चूना मंडी निवासी 22 वर्षीय शादाब की आज दोपहर बरेली में लाल फाटक स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसका दोस्त अर्सलान बाल-बाल बच गया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि शादाब आज अपने दोस्त अर्सलान के साथ स्कूटी से किसी काम से बरेली आने के लिए घर से चला था लेकिन जब उनकी स्कूटी बरेली के लाल फाटक के पास पेट्रोल पंप के सामने पहुंची तभी अचानक सड़क पर फिसल गई और उस पर बैठा शादाब जमीन पर गिर पड़ा इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसको कुचल दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई उसके साथ स्कूटी पर सवार अर्सलान ने घटना की जानकारी उसके घरवालों को दी कुछ देर बाद सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया उसके चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरी का बिजली का तार बरामद, 6 चोर गिरफ्तार

**बरेली।** अलग-अलग स्थानों से चोरी किए गए लाखों के बिजली के तार के साथ पुलिस ने छह चोरों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा उनके पास से अवैध हथियार भी बरामद किए गए। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव अटा कायस्थान में नहर के पास एक छोटे हाथी में लाद कर ले जाए जा रहे लाखो के बिजली के तार व अन्य उपकरण के साथ पुलिस ने आज भोजीपुरा थाना क्षेत्र के बैकुंठापुर निवासी नन्हे खा पुत्र तुल्लन,अली नगर निवासी हसमत खां पुत्र रहमत खां, अभयपुर केशोपुर निवासी आबिद खां पुत्र उस्मान खा, अलीनगर के ही रहमत खा पुत्र अन्नू खा, हाफिज गंज थाना क्षेत्र के रिठौरा कस्बा के गांव जाटव पुरा निवासी नजीर पुत्र मोहम्मद अहमद, सीबी गंज थाने के गांव खड़ऊआ निवासी विक्रम कुमार उर्फ विक्की पुत्र बेचेलाल को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने तलाशी के दौरान गिरफ्तार किए गए चोरों के पास से 35000 रुपए नगद, 17 लाख का चोरी किया गया तार व तार को काटने के औजार भी बरामद हुए गिरफ्तार किए हसमत से एक तमंचा व कारतूस, आबिद के पास से चाकू, नासिर के पास एक मोटरसाइकिल, बरामद किए जिस टेंपो पर तार लाद कर ले जाया जा रहा था वह नाजिर का था पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए चोरों ने बताया कि उनके गैंग का मास्टरमाइंड नन्ने है सभी लोग पेड़ों के पास से गुजर रहे बिजली के तारों को तोड़ने के लिए पेड़ों को काटकर तारों पर गिरा देते थे और फिर खंभों को खींचकर ले जाने के बाद तार व कंडक्टर आदि चोरी कर लेते थे 8 दिन पहले उन्होंने बैकुंठापुर के जंगल में, 4 दिन पहले मनहेरा गांव के जंगल में, दो दिन पहले भगवंतापुर के जंगल में उन्होंने बिजली का तार चोरी किया था उन्होंने बताया कि चोरी किया गया तार विक्रम के हाथों बेचते थे और कुछ तार उन्होंने उसके हाथ पहले ही भेज दिया है गिरफ्तार किए गए सभी चोरों को पुलिस ने जेल भेजा।

# प्रमुख के पति ने ब्लाक में कार्यरत लिपिक को पीटा

## ● मेडिकल कॉलेज में भर्ती, नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

**संडीला( हरदोई )।** ब्लाक प्रमुख पति ने ब्लाक कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक को जमकर पीटा। घायल लिपिक को मेडिकल कॉलेज हरदोई में भर्ती कराया गया है।

घटना संडीला ब्लाक में रविवार की रात की है। ब्लाक कार्यालय में कार्यरत लिपिक मोहित कुमार दुबे जो प्रधानमंत्री आवास योजना का पटल देखते हैं, वे रात के समय कार्यालय में बैठकर प्रधानमंत्री आवास योजना की फीडिंग कर रहे थे। तभी उनके साथ ब्लाक प्रमुख पति ने जमकर मारपीट की। मोहित दुबे के अनुसार वे ब्लाक कार्यालय में बैठकर कार्य कर रहे थे तभी ब्लाक प्रमुख पति वहां पर आए और उनसे प्रधानमंत्री आवास योजना की रुकी किश्तों के तत्काल भुगतान कराने के लिए कहा। इस पर उन्होंनें कहा कि आप इस संबंध में बीडीओ साहब से बात कर लें। खण्ड विकास अधिकारी से उन्होंनें फोन पर बात की जिसपर खण्ड विकास अधिकारी ने उनसे सोमवार को भुगतान होने की बात कही। पीड़ित मोहित दुबे के अनुसार बस इसी बात पर वे नाराज़ हो गए, उनका फोन उठाकर पटक दिया और उनकी पिटाई करने लगे। इसपर वे कार्यालय से शोर मचाते हुए भागे और किसी प्रकार से अपनी जान बचाई और अधिकारियों को सूचना देकर हरदोई पहुंचे, जहां उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। चूंकि मामला सत्तापक्ष से जुड़ा है इसलिए अभी तक इस प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी होने तक से इनकार कर रही है। उधर सूत्रों का कथन है कि इस प्रकरण को लेकर कर्मचारियों में व्यापक आक्रोश है और कर्मचारियों की बैठक आहूत की गयी है। उधर इस घटना के संबंध में प्रतिक्रिया प्राप्त करने हेतु ब्लाक प्रमुख पति के मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया।

## शहीदों की याद में खीरी में रखा दो मिनट का मौन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**गत वर्षों** की भांति इस वर्ष भी शहीद दिवस पर सोमवार को पूरे जिले में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद मे मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी।

जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंहए डिप्टी कलेक्टर विधेशए डा अविनाशए अन्य अफसरोंए कर्मचारियों के साथ भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में पूर्वाह्न 11 बजे दो मिनट का मौन रखाएशहीदों को श्रद्धांजलि दी।

वही सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने विकास भवनए सभी विभागाध्यक्ष ने अपने अधीन कार्यालयों में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में अधीनस्थों के साथ 02 मिनट का मौन रखा। वही शैक्षिक संस्थाओं में शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन धारण किया गया।

# हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शुरुआत

**बरेली।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में चौकी चौराहा स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा पार्क से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई। उसके बाद यात्रा कम्पनी बाग होते हुए सैटेलाइट चौराहा, नरकटिया रोड होते हुए नरकटिया पुलिस चौकी होते हुए मोहनपुर होते हुए ठिरिया नगर पंचायत के चेयरमैन पद के आवेदक प्रत्याशी हाजी मोहम्मद उवैस खान के कार्यालय पर समाप्त हुई यात्री लगभग 16 किलोमीटर तक चले ।यात्रा की शुरुआत से पहले शाहमत गंज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर एक बैठक हुई जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।जिसका संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंडित राज शर्मा जी ने किया।बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि भारत जोड़ो



यात्रा का दूसरा पहलू हाथ से हाथ जोड़ो अभियान है जिसके माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घर घर पहुंचना है और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद माननीय राहुल गांधी जी का संदेश पत्र देना है ।महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शहर के सभी वार्डों में चलाया जायेगा । वार्डों में सम्मेलन होगे पदयात्रा निकाली जाएगी और माननीय राहुल गांधी जी के सन्देश पत्र को धर धर पहुंचाया जायेगा हाथ से हाथ जोड़ अभियान भारत जोड़ो यात्रा की अपार सफलता के संदेशों को घर घर तक पहुंचाने का एक महा अभियान है जिसके माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से सीधे संवाद बनाएंगे साथ ही भाजापा मोदी सरकार की विफलताओं को जन ?विरोधी नीतियों को लोगों को अवगत करायेगे भाजापा की मोदी सरकार ने सत्ता में आने से पहले क्या क्या वादे किये थे जो आज सब हवा हवाई साबित हुए हैं।

# पेज एक का शेष

## हंगामेदार होगा...

का निर्णय लिया जा सकता है। सरकार 31 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेगी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को वित्त वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा और दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दौरान कुल 27 बैठकें होंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और वित्त विधेयक पर मंजूरी लेना सरकार की प्राथमिकता होगी। सर्वदलीय बैठक के बाद, सरकार ने कहा कि वह बजट सत्र के दौरान नियमों के तहत हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है। सरकार ने संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए विपक्ष का समर्थन मांगा। सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, सदन के नेता पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन संसद भवन परिसर में आयोजित बैठक में उपस्थित थे। जोशी ने कहा कि सरकार हमेशा हर विषय पर चर्चा को लेकर सकारात्मक रही है, लेकिन वह नियमों के तहत और अध्यक्ष की अनुमति से होनी चाहिए। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, टीआरएस नेताओं समेत विपक्षी दलों के अधिकांश शीर्ष नेता उपस्थित थे। हालांकि, सोमवार को श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के समापन समारोह में जाने के कारण राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी बैठक में उपस्थित नहीं थे। कांग्रेस चीन और अदाणी समूह से जुड़े बड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए शिवसेना जैसे अन्य विपक्षी दलों को शामिल कर रही है, तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों ने महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था, केंद्र-राज्य संबंध आदि से संबंधित मुद्दों पर सरकार को घेरने की मंशा जताई है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने अडानी समूह द्वारा कथित स्टॉक हेरफेर और समूह की कंपनियों के शेयरों में एलआईसी और एसबीआई फंड के ओवरएक्सपोजर की सेबी जांच का मुद्दा उठाने का फैसला किया है। टीएमसी ने सत्र के दौरान केंद्र-राज्य संबंधों और बीबीसी के विवादास्पद वृत्तचित्र की पृष्ठभूमि में सेंसरशिप के मुद्दे को उठाने पर जोर दिया है। बीआरएस और डीएमके जैसी पार्टियां अपने शासित राज्यों में राज्यपालों की कार्यप्रणाली का मुद्दा उठाएंगी। वाईएसआर कांग्रेस और राजद भी देश भर में जाति आधारित आर्थिक जनगणना की मांग उठाने की तैयारी कर रही हैं।

## सर्वदलीय बैठक...

संजय सिंह, द्रमुक के टी आर बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, अन्नाद्रमुक के थम्बीदुरै, शिवसेना से प्रियंका चतुर्वेदी आदि शामिल हुए। समझा जाता है कि बैठक में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा सहित द्रमुक, वाम दलों आदि ने अदाणी समूह से जुड़ा मुद्दा उठाया और संसद सत्र के दौरान इस पर चर्चा कराने की मांग की। राजद के मनोज झा और आप के संजय सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने अदाणी समूह में काफी धन निवेश किया है, लाखों की संख्या में लोगों का करोड़ों रूपया इसमें लगा है। झा ने कहा, सरकार की ओर से इस पर कोई बयान नहीं आया है। इस पर चर्चा होनी चाहिए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि संसद में विपक्षी दलों को समय दिया जाना चाहिए और सदन का कामकाज केवल विधेयक पारित कराने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने राज्यों के साथ राजस्व की हिस्सेदारी में केंद्र द्वारा कथित तौर पर पक्षपात करने का आरोप लगाया और महंगाई एवं बेरोजगारी पर चिंता जताई। सूत्रों ने बताया कि टीआरएस विभिन्न मुद्दों पर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करने के लिए कुछ विपक्षी दलों से सम्पर्क कर रही है। इसके साथ ही सर्वदलीय बैठक में युवाजन श्रमिक रायतु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआर कांग्रेस) ने राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित आर्थिक गणना कराने की मांग की। पार्टी ने कहा कि पिछड़े वर्गों की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी जरूरी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि सामाजिक एवं विकास सूचकांक में कौन सा वर्ग पीछे है। वाईएसआर कांग्रेस के विजयसाई रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा कि देश की आबादी में पिछड़े वर्गों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है और राष्ट्रव्यापी जाति आधारित आर्थिक गणना से इन वर्गो की आर्थिक स्थिति का पता लगाने में मदद मिलेगी। समझा जाता है कि बैठक के दौरान इस विषय पर आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस को जदयू, राजद का समर्थन मिला। जदयू और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भी जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की। बिहार में जदयू और राजद महागठबंधन सरकार ने राज्य स्तर पर जाति आधारित गणना शुरू कराई है। रेड्डी ने कहा कि उनकी पार्टी ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराना सुनिश्चित करने की भी मांग की है। बैठक में महिला आरक्षण विधेयक संबंधी मांग का तेलंगाना राष्ट्र पार्टी (टीआरएस), तृणमूल कांग्रेस, बीजू जनता दल ने भी समर्थन किया। बीजद के सस्मित पात्रा ने कहा कि इस सत्र में महिला आरक्षण विधेयक प्राथमिकता रहेगा, हम इस विधेयक को पारित कराने की मांग करते रहे हैं और इस मुद्दे पर समान विचारों वाली पार्टियों के साथ आम सहमति बनाएंगे।

## अदाणी समूह...

सोमवार को दिन में कारोबार से की गई है। अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 22.77 प्रतिशत, एसीसी में 20.32 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज में 19.51 प्रतिशत, अडाणी विल्मर में 14.25 प्रतिशत, अदाणी पावर में 14.24 प्रतिशत और एनडीटीवी में 14.22 प्रतिशत की गिरावट आई है। गणतंत्र दिवस पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहे थे। अदाणी समूह ने अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के जवाब में रविवार को 413 पृष्ठ की प्रतिक्रिया जारी की थी। इसके बाद सोमवार को हिंडनबर्ग ने अपने आरोपों पर कायम रहते हुए कहा कि अदाणी समूह धोखाधड़ी को राष्ट्रवाद से ढंक नहीं सकता। अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 20 प्रतिशत तक टूटे थे। समूह की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 4.17 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई थी। अदाणी समूह की कंपनियों को कर्ज और निवेश की वजह से बैंक शेयर और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयर में भी गिरावट आई है। तीन दिन में बैंक ऑफ बड़ौदा का शेयर 13 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 10.77 प्रतिशत और एलआईसी का 8.90 प्रतिशत टूटा है।

## पाकिस्तान में...

में पिछले साल अगस्त में मार दिए गए उसके भाई की मौत का बदला है। इस प्रतिबंधित संगठन ने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाते हुए अतीत में कई आत्मघाती हमले किए हैं। उसे पाकिस्तान तालिबान नाम से भी जाना जाता है। पेशावर के पुलिस अधीक्षक (जांच) शाहजाद कौकब ने मीडिया को बताया कि जब नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में वह दाखिल ही हुए थे तभी यह धमाका हुआ लेकिन सौभाग्य से उनकी जान बच गई। उनका कार्यालय मस्जिद के समीप ही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट से मस्जिद का एक हिस्सा ढ़ह गया और माना जाता है कि कई लोग उसके मलबे के नीचे दबे हैं। उनके अनुसार बम हमलावर पुलिस लाइन्स के अंदर, चार स्तरीय सुरक्षा वाली मस्जिद में घुस गया। कैपिटल सिटी पुलिस अफसर (पेशावर) मुहम्मद इजाज खान का हवाला देते हुए डॉन अखबार ने खबर दी कि कई जवान मलबे के नीचे दबे हैं तथा बचावकर्मी उन्हें बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। खान ने बताया कि धमाके के समय इलाके में 300-400 पुलिस अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि सुरक्षा चूक हुई है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यह कहते हुए इस हमले की कड़ी निंदा की कि इस घटना के पीछे जिन हमलावरों का हाथ है, उनका इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, आतंकवादी उन लोगों को निशाना बनाकर डर पैदा करना चाहते हैं जो पाकिस्तान की रक्षा करने का कर्तव्य निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विस्फोट में मारे गए लोगों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने कहा, समूचा राष्ट्र आतंकवाद की इस बुराई के विरूद्ध लड़ाई में एकजुट है। शरीफ ने कहा कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुकाबला करने के लिए समग्र रणनीति अपनाई जाएगी तथा संघीय सरकार प्रांतों को उनकी आतंकवाद विरोधी क्षमता को बढ़ाने में मदद करेगी। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी यह कहते हुए इस हमले की निंदा की कि स्थानीय और आम चुनाव से पहले आतंकवादी घटनाओं का साफ मतलब है। खैबर पख्तून के गवर्नर हाजी गुलाम अली ने विस्फोट की निंदा की और लोगों से घायलों के वास्ते रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह पुलिस के प्रति बहुत बड़ी मेहरबानी होगी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को पेशावर के लेडी रीडिंग अस्पताल ले जाया जा रहा है। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि उनमें 13 की हालत नाजुक है। पेशावर के अस्पतालों में आपात स्थिति की घोषणा कर दी गई है। अस्पताल प्रशासन ने लोगों से रक्तदान करने की अपील की है। पेशावर में विस्फोट के बाद इस्लामाबाद समेत बड़े शहरों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस्लामाबाद में आने -जाने वाले सभी मार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और महत्वपूर्णस्थानों एवं भवनों पर अचूक निशानेबाज (स्नीपर्स) तैनात किए गए हैं। कार्यवाहक मुख्यमंत्री आजम खान ने हमले की निंदा की है और प्रभावितों के प्रति संवेदना जताई है।

## बीबीसी डाक्यूमेंट्री...

प्रतिबंध लगाने के केंद्र के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करते हुए आरोप लगाया कि यह दुर्भावनापूर्ण, मनमाना और असंवैधानिक है। जनहित याचिका में उच्चतम न्यायालय से बीबीसी के वृत्तचित्र - पहले और दूसरे भाग - पर गौर करने तथा उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है जो 2002 के गुजरात दंगों में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से शामिल थे और उसके लिए जिम्मेदार थे। शर्मा ने कहा कि अपनी जनहित याचिका में उन्होंने एक संवैधानिक सवाल उठाया है और उच्चतम न्यायालय को यह फैसला लेना है कि नागरिकों के पास 2002 के गुजरात दंगों पर खबरें, तथ्य तथा रिपोर्ट देखने के लिए अनुच्छेद 19 (1)(2) के तहत अधिकार है या नहीं। उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के 21 जनवरी 2023 के आदेश को रद्द करने का अनुरोध करते हुए इसे गैरकानूनी, दुर्भावनापूर्ण, मनमाना तथा असंवैधानिक बताया। याचिका में दावा किया गया है कि बीबीसी के वृत्तचित्र में रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्य हैं जो सबूत भी हैं और इनका पीड़ितों को न्याय दिलाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 21 जनवरी को विवादास्पद बीबीसी वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन के लिंक साझा करने वाले कई यू ट्यूब वीडियो और ट्विटर पोस्ट को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए थे।

## रेप मामले...

से बंधक बनाने से जुड़ी धारा में दोषी ठहराया। विवादित बाबा फिलहाल बलात्कार के अन्य मामले में राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद है। सूरत की रहने वाली एक महिला ने अक्टूबर 2013 में आसाराम और सात अन्य के खिलाफ बलात्कार और अवैध तरीके से कैद रखने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। एक आरोपी की मुकदमा लंबित रहने के दौरान मौत हो गई। जुलाई 2014 में मामले में आरोप पत्र दायर किया गया था।

## धर्मांतरण संबंधित...

उच्च न्यायालय में इस तरह की कम से कम पांच याचिकाएं थीं जबकि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में सात, गुजरात और झारखंड उच्च न्यायालयों में दो-दो, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में तीन और कर्नाटक एवं उत्तराखंड उच्च न्यायालय में एक-एक याचिकाएं थीं। इससे पहले, न्यायमूर्ति एमआर शाह की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने कहा था कि धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर अटॉर्नी जनरल की सहायता मांगी थी।

## केंद्र ने...

फायदा उठाकर भारी धन इकट्ठा करने का दोषी है। गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव ब्रह्म शंकर द्वारा दाखिल एक हलफनामे में कहा गया, मैं बताना चाहता हूं कि याचिकाकर्ता सार्वजनिक हित में कार्य करने का दावा करता है लेकिन वह लोक हितों को परे रखकर अन्य उद्देश्यों के लिए विषयों को चुनता है। हलफनामे में कहा गया, मैं कहना चाहता हूं कि न्यायिक कार्यवाही की एक श्रृंखला से, अब यह स्थापित हो गया है कि याचिकाकर्ता नंबर। कुछ चुनिंदा राजनीतिक हित के इशारे पर अपने दो पदाधिकारियों के माध्यम से अपने नाम का इस्तेमाल करने की अनुमति देता है और इस तरह की गतिविधि से कमाई भी करता है।

## गोरखनाथ मंदिर...

इसके शोधकर्ताओं डा एडविन बेकर तथा डा बेट्रिराइस डि ग्राफके प्रति आभार भी व्यक्त किया है। एटीएस के वरिष्ठ लोक अभियोजक नागेन्द्र गोस्वामी, के मुताबिक लोन वुल्फ अटैक शैली आतंकवाद का नया चेहरा बनकर उभरा है। यह काउंटर टेररिज्म के लिए नई चुनौतियां प्रस्तुत कर रहा है। उल्लेखनीय है कि चार अप्रैल 2022 को इस मामले की एफआईआर विनय कुमार मिश्र ने थाना गोरखनाथ में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील एमके सिंह व एलके दीक्षित के मुताबिक एक दिन पहले मुल्जिम ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी के जवान अनिल कुमार पासवान पर अचानक बांके से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। उनका असलहा भी छीनने का प्रयास किया। उनका राइफल सड़क पर गिर गया। उन्हें बचाने के लिए दूसरा जवान आया तो जान से मारने की नियत से उस पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने घायल जवान व उनके राइफल को उठाया। इस दौरान बांका लहराते हुए व नारा.ए.तकबीर, अल्ला.हू.अकबर का नारा लगाते हुए पीएसी पोस्ट की ओर दौड़ा। इससे लोगों में अफरा.तफरी मच गई। इसके हाथ पर एक बड़े बांस से प्रहार किया गया। इसके हाथ से बांका गिर गया। फिर आवश्यक बल प्रयोग कर इसे पकड़ लिया गया। इसके पास से अन्य वस्तुओं के अलावा उर्दू भाषा में लिखी हुई एक धार्मिक किताब भी बरामद हुई थी। विवेचना के दौरान हासिल साक्ष्यो के आधार पर इस मामले की जांच एटीएस को सौंप दी गई। 25 अप्रैल, 2022 को विशेष अदालत में पेश कर एटीएस ने इसका न्यायिक व पुलिस कस्टडी रिमांड भी हासिल किया था। विवेचना के पश्चात इसके खिलाफआरोप पत्र दाखिल किया। नौ माह से कम समय में सुनवाई पूरी कर विशेष अदालत ने मुल्जिम अब्बास को दोषी करार दिया और अपना फैसला सुनाया।

## कांग्रेस या...

राजनीतिक मकसद के लिए नहीं है। इसका उद्देश्य देश के उदार और धर्मनिरपेक्ष लोकाचार को बचाना है। हमारा लक्ष्य उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है जो इस देश की नींव को चोट पहुंचाना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और संघ इस लोकाचार पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने भगवान शिव और इस्लाम से जोड़ते हुए कश्मीरियत को देश की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताया और जम्मू-कश्मीर को अपने बुजुर्गों का घर बताया। कुल 14 राज्यों और 75 जिलों को पार करते हुए कश्मीर पहुंची यात्रा की समाप्ति पर आयोजित समारोह के लिए कांग्रेस ने करीब 20 दलों को न्योता भेजा था। हालांकि रैली में नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला, पीडीपी से महबूबा मुफ्ती, डीएमके से सांसद तिरुचि शिवा, बसपा से श्याम सिंह यादव समेत झामुमो, सीपीआई, आरएसपी, वीसीके और आईयूएमएल के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। यह स्पष्ट नहीं हुआ कि बसपा नेता श्याम सिंह ने पार्टी की ओर से भेजे गए थे या निजी हैसियत ने उन्होंने समारोह में शिरकत की। जनसभा में शामिल होने से पहले राहुल अपनी बहन प्रियंका के साथ मौलाना आजाद रोड स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय भी गए, जहां पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। रैली के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के शीर्ष नेताओं को जम्मू-कश्मीर में उनकी तरह यात्रा करने की चुनौती भी और कहा कि वे ऐसा कभी नहीं करेंगे, क्योंकि वे डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं गारंटी दे सकता हूं कि कोई भी भाजपा नेता जम्मू-कश्मीर में इस तरह नहीं चल सकता। वे ऐसा नहीं करेंगे, इसलिए नहीं कि उन्हें अनुमति नहीं दी जाएगी, बल्कि इसलिए कि वे डरे हुए हैं। बेहद संतुलित और भावुक भाषण में उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य प्रियजनों की मौत की घोषणा करने वाले फोन कॉल को समाप्त करना है। चाहे वह एक सैनिक हो, सीआरपीएफ का जवान हो या कोई कश्मीरी हो, किसी के साथ भी हिंसा नहीं होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने राहुल गांधी से देश के पश्चिम से पूर्व की ओर एक और यात्रा करने को कहा।

## चाहे मेरी...

के जवान का परिवार समझेगा, पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों का परिवार समझेगा और कश्मीरी समझेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की वादी में कदम रखते ही उन्हें सलाह दी गई थी कि उन पर हमला हो सकता है। इसलिए पैदल न चलकर गाड़ी में चला जाए, लेकिन मैंने फैसला किया कि मैं अपने घर और अपने लोगों के साथ पैदल चलूंगा। मुझसे नफरत करने वालों को मेरी सफेद शर्ट का रंग बदलकर लाल करने का मौका क्यों नहीं देना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि कश्मीर के लोगों ने मुझे हथगोले नहीं दिए, उन्होंने दिल खोलकर मुझ पर प्यार लुटाया।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 जनवरी 2023



# प्रादेशिक संवर्ग के अधिकारियों को तत्काल करें कार्यमुक्त

● आयुक्त ग्राम्य विकास ने सूबे के नौ जिलाधिकारियों को लिखा कड़ा पत्र ● कार्यमुक्त न करने पर मान लिये जायेंगे स्वतः कार्यमुक्त, काम नहीं तो वेतन नहीं का सिद्धांत भी होगा लागू ● पीडी डीआरडीए महेंद्र कुमार चौबे भी शामिल तबादला रोकवानें को डीएम से लिखवा चुके है डीओ



**फतेहपुर।** लगभग दस माह पूर्व स्थानांतरित महेन्द्र प्रसाद चौबे परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) समेत सूबे के दस प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के अधिकारियों के स्थानांतरण मामले में शासन ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। सभी जिला अधिकारियों से इन्हें तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश दिये गये है। इतना ही नहीं कार्यमुक्त न करने पर इन्हें स्वत: कार्यमुक्त माना जायेगा। इतना ही नहीं, काम नहीं तो वेतन नहीं का सिद्धांत भी लागू होगा।

ग्राम्य विकास उप्र के आयुक्त जीएस प्रियदर्शी द्वारा पत्र संख्या-170/स्था. प्र./2022/लखनऊ/ 27 जनवरी 2023 को श्रेणी-1 के अधिकारियों को कार्यमुक्त किये जाने के संबंध में कड़ा पत्र जिला अधिकारी गाजियाबाद, संभल, श्रावस्ती, बलरामपुर, फतेहपुर, कानपुर नगर, आजमगढ़ एवं सोनभद्र को भेजकर कड़ा रुख अख्तियार किया है। अधिकारियों की निरंकुशता की पोल खोलने वाले इस पत्र में आयुक्त ग्राम्य विकास ने संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके जनपद में प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के अधिकारियों को अन्यत्र जनपद में स्थानांतरित किया गया है, परन्तु अभी तक इन अधिकारियों को कार्यमुक्त नहीं किया गया है। आयुक्त ग्राम्य विकास ने इस बाबत कड़ा रुख अख्तियार करते हुए सभी संबंधित डीएम को निर्देश दिया है कि उक्त अधिकारियों को आज ही कार्यमुक्त कर दें। उक्त अधिकारियों को कार्यमुक्त न करने की स्थिति में 28/01/2023 के अपरान्ह से इन्हें स्वत: कार्यमुक्त समझा जायेगा एवं वर्तमान जनपद में कार्यरत नहीं माना जायेगा। 30/01/2023 से स्थानांतरित जनपद में योगदान करने की अवधि तक काम नहीं तो वेतन नहीं सिद्धांत लागू होगा। आयुक्त उक्त अधिकारियों का ज्वाइनिंग टाइम स्थानांतरित जनपद में योगदान के उपरान्त ही अनुमन्य होगा।

पूर्व में शासन स्तर से प्रदीप नारायण दीक्षित परियोजना निदेशक गाजियाबाद को जिला विकास अधिकारी कानपुर नगर, रामायण सिंह यादव उपायुक्त (स्वत: रोजगार) संभल को उपायुक्त (श्रम रोजगार) आगरा, रमेश चन्द्र परियोजना निदेशक संभल को उपायुक्त (श्रम रोजगार) कानपुर नगर, बलवन्त सिंह उपायुक्त (श्रम रोजगार) संभल को उपायुक्त (स्वत: रोजगार) बरेली, रवींद्र कुमार चतुर्वेदी उपायुक्त (स्वत: रोजगार) श्रावस्ती को उपायुक्त (श्रम रोजगार) चंदौली, सूबेदार सिंह यादव उपायुक्त (श्रम रोजगार) बलरामपुर को उपायुक्त (स्वत: रोजगार) बुलन्दशहर, महेन्द्र प्रसाद चौबे परियोजना निदेशक (डीआरडीए) फतेहपुर को उपायुक्त (श्रम रोजगार) हमीरपुर, राम कृपाल चौधरी परियोजना निदेशक कानपुर नगर को उपायुक्त (श्रम रोजगार) हमीरपुर, कुमुदेंद्र कलाकार सिंह परियोजना निदेशक आजमगढ़ को परियोजना निदेशक कानपुर नगर एवं राम शिरोमणि परियोजना निदेशक सोनभद्र को परियोजना निदेशक कौशांबी स्थानांतरित किया गया था किन्तु इन अधिकारियों ने शासन के आदेश को दरकिनार कर इस आदेश को तवज्जो नहीं दिया और स्थानांतरित जनपद नहीं गये। यहाँ पर यह भी खासा महत्वपूर्ण है कि आखिर क्यों संबंधित जनपद के जिला अधिकारियों ने इन अधिकारियों को कार्यमुक्त नहीं किया! क्या इसे शासन के आदेश की अवहेलना नहीं माना जाना चाहिए! खबर है इन स्थानांतरित अधिकारियों में से कइयों का स्थानातंरण रोकने के लिये डीएम ने शासन को अर्धशासकीय पत्र भी लिखे।

# एमएलसी चुनावः 2734 मतदाताओं ने डाले वोट

● प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में कैद



**फतेहपुर।** उप्र विधान परिषद द्विवार्षिक इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन का मतदान सोमवार को जिले के चौदह मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। निर्धारित समय से मतदान प्रक्रिया शुरू कराई गई जो शाम चार बजे तक चली। 3254 मतदाओं में 2734 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले का मतदान प्रतिशत 84 प्रतिशत रहा। डीएम-एसपी समेत संबंधित सीओ व अन्य पुलिस कर्मी मतदान केंद्रों का जायजा लेते रहे। मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना स्थल के लिए रवाना कर दिया गया।

इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी से बाबूलाल तिवारी व सपा से डा. एसपी सिंह पटेल के अलावा अन्य प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन भाजपा व सपा प्रत्याशी के बीच ही सीधा मुकाबला है। मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने पहले ही कमर कस ली थी। 14 मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां निर्धारित समय पर पहुंच गई थीं। प्रात: आठ बजे से सभी बूथों पर मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई। मतदाताओं की तलाशी लेकर उन्हें केंद्र पर प्रवेश दिया गया। प्रथम वरीयता क्रम में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह के समय मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइनें दिखाई दीं लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा लाइन घटती चली गई और निर्धारित समय चार बजे तक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करा दी गई। चार बजे के बाद आये मतदाताओं को वापस कर दिया गया। कार्मिकों ने सभी मत पेटियों को सील करके कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना स्थल के लिए रवाना कर दिया। जिले में कुल 2830 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिससे जिले का मतदान प्रतिशत 84 प्रतिशत रहा। डीएम श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मतदेय स्थल राजकीय इंटर कॉलेज फतेहपुर भाग संख्या-48, तहसील परिसर खागा भाग संख्या-59, ब्लॉक परिसर विजयीपुर भाग संख्या-60, क्षेत्र पंचायत कार्यालय धाता भाग संख्या-62 एवं तेलियानी ब्लॉक भाग संख्या-51 का जायजा लिया।

## मत्स्य विभाग के तालाबों से हटाये जायेंगे 55 अतिक्रमणकारी

**चित्रकूट।** जिला प्रशासन ने 55 घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। ग्रामीणों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह का समय घर खाली करने को दिया है। ये नोटिस 20-25 दिन पहले जारी की गई है। अब फिर से नोटिस चस्पा कर एक सप्ताह का समय दिया गया है। सोमवार को जिले में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन का बुलडोजर लगातार गरज रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही के लिए खासे सक्रिय दिख रहे हैं। इधर, ग्रामीणों ने कहा, वे 70 वर्षों से यहां रह रहे हैं। प्रशासन उन्हें हटाता है तो उनके रहने की व्यवस्था करे। इस पूरे मामले में इस साथ 55 घरों में बुलडोजर चलाने की तैयारी है। जिला प्रशासन पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन तानाशाही ढंग अपनाकर घर खाली करा रहा है। दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि मत्स्य विभाग की जमीन पर 55 लोग अवैध ढंग से काबिज हैं।

# कानपुर देहात महोत्सव में जनपदवासी करें बढ़-चढ़कर प्रतिभागः डीएम

● पद्मश्री मालनी अवस्थी पद्मश्री कैलास खेर, डॉ. कुमार विश्वास, वन्दना मिश्रा आदि की उपस्थिति से कानपुर देहात महोत्सव होगा सुसज्जित

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात महोत्सव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध नजर आ रहा है, इसी क्रम में जनपद की सीमाओं से लेकर जनपद के विभिन्न भागों में इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करने के लिए होर्डिंग्स व स्टैंडी लगायी जा रही हैं, साथ ही सुदूर क्षेत्रों में कानपुर देहात महोत्सव के बारे में लोगों को जानकारी देने हेतु एलईडी, डुग्गी, मुनादी व पीएएस के साथ ही रेडियो, एफएम का सहारा लिया जा रहा है। यह कार्यक्रम कानपुर देहात की जनता की भावनाओं और उनकी सांस्कृतिक पहचान को प्रतिबद्धता के साथ प्रदर्शित करता है, साथ ही कानपुर देहात की विकास यात्रा जो देहात से शुरू हुई थी आज वह ग्रेटर कानपुर बनने की ओर अग्रसर है, इन उपलब्धियों को विशेषताओं को मंचीय स्वरूप प्रदान करने हेतु कानपुर देहात महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी नेहा जैन ने अपने नागरिकों से अपील की है कि इस आयोजन में बढ़-चढ़कर समस्त नागरिक अपनी भागेदारी सुनिश्चित करें, जिससे इस आयोजन की सफलता और उद्देश्य दोनों को पूरा किया जा सके। उन्होंने नागरिकों की जानकारी हेतु बताया कि जनपद में यह कार्यक्रम 06 फरवरी 2023 से 12 फरवरी 2023 तक आयोजित किया जाना है, जिसमें सुबह के समय विभागीय कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को शासन की योजनाओं से रूबरू करते हुए उनके मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

# हस्तनिर्मित कागज उद्योग को विकसित कराने के होंगे ठोस उपायः डा. घनश्याम अनुरागी

**कालपी (जालौन)।** कालपी का हस्तनिर्मित कागज उद्योग का तीव्र गति से विकास हो, इसके लिए आने वाली समस्याओं का निराकरण कराने हेतु जनपद के कद्दावर नेता जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी से कागज उद्यमियों का विशेष प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पर मिलकर विस्तृत चर्चा की। हस्तनिर्मित कागज उद्योग के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी ने चर्चा दौरान बताया कि कागज उद्योग को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ओ डी ओ पी योजना में शामिल करके विशेष प्रोत्साहन देने के निर्णय लिए गए थे लेकिन शासन की मंशा के अनुरूप अभी बहुत कार्य होने बाकी हैं जिसमें प्रमुख रुप से विद्युत दरों में 50 फीसदी की छूट तथा जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने तथा उत्पादित कागज की बिक्री के विशेष उपाय शासन को करने चाहिए तभी विकास हो पावेगा। हस्त निर्मित कागज उद्योग द्वारा उत्पादित कागज को बनाने हेतु



हाथ कागज उद्यमियों की समस्यासें सुनते जिला पंचायत अध्यक्ष।

परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से लगभग 5 हजार श्रमिक कार्य करते हैं। इतनी संख्या में रोजी-रोटी देने का कार्य जनपद जालौन में अन्य किसी जगह नहीं होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष अनुरागी ने तत्काल उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान से फोन पर बात करके उनसे आग्रह किया कि आप कालपी आकर कागज उद्यमियों की समस्याओं को सुनें तथा उनसे निराकरण के उपाय करने का अनुरोध किया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कालपी आने की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कालपी में अति शीघ्र सीटीपी लगवाने की भी बात कही उन्होंने कहा कि हमारी जिलाधिकारी चांदनी सिंह एवं मैं स्वयं इस कार्य को संपन्न कराने हेतु तत्परता से प्रयास कर रहे हैं इसका एस्टीमेट भी बन गया है और नगरी जल निगम झांसी द्वारा इस कार्य को संपन्न कराना है। उद्यमियों द्वारा दिए गए मांग पत्र में वर्णित प्रमुख मांगों के लिए जिला स्तर से शासन स्तर तक वह सभी उपाय मैं करूंगा जिससे कागज उद्योग की तरक्की हो।

## क्विक न्यूज

### खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी बाइक में लगी आग, युवक की मौत

**उरई (जालौन)।** चुर्खी कोतवाली क्षेत्र में जालौन रोड पर जा बाइक बाबई के समीप पेट्रोल टैंक के पास रोड पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। जिसमें बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें आग लग गई। हादसे में युवक बुरी तरह घायल हो गया, और उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चुर्खी के ग्राम बाबई में पेट्रोल पंप पर मटर खरीद का काम चल रहा है। जिसको लेकर पेट्रोल पंप पर लगे कांटे पर मटर खरीद को लेकर जालौन चुर्खी रोड पर दोनों ओर ट्रैक्टरों के लंबी-लंबी कतारें लगी हुई है। जिसके चलते जालौन- चुर्खी रोड पूरी तरह से बाधित है। बताया गया कि इसी दौरान चुर्खी के ग्राम सतरहजु निवासी कमलेश कुमार पुत्र कुवर पाल अपनी बाइक से जालौन जा रहा था। तभी वह बाबई पेट्रोल पंप के पास खड़ी मटर से लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें आग लग गई। हादसे मे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और वह भी बाइक में लगी आग की चपेट में आ गया। हादसा देखकर स्थानीय लोग मौके पर दौड़ पड़े और उन्होंने किसी तरह आग पर काबू पाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### डीएम-एसपी ने देखी एमएलसी चुनाव के मतदान की व्यवस्थाएं

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2023 इलाहाबाद झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल निष्पक्ष तथा शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। सोमवार को इलाहाबाद झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने को डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी वृन्दा शुक्ला ने कर्वी ब्लाक के चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के बूथों का निरीक्षण कर मतदान में लगे कर्मियों तथा जोनल/सेक्टर मजिस्टेªटों से कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सकुशल मतदान सम्पन्न करायें। उन्होंने विकासखण्ड पहाडी एवं तुलसी इंटर कालेज राजापुर का भी निरीक्षण कर मतदान केन्द्र की व्यवस्थायें देखी। उन्होंने बताया कि शाम चार बजे तक 89.5 फीसदी मतदान हुआ है।

### एमएलसी चुनाव सम्पन्न, डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण

**खागा (फतेहपुर)।** उप्र विधान परिषद इलाहाबाद झांसी शिक्षक एमएलसी निर्वाचन वर्ष 2022-23 में तहसील क्षेत्र के चार अलग अलग स्थानों पर शिक्षा खंड एम एल सी चुनाव अधिकारियों की चुस्त दुरुस्त व्यवस्थाओ के बीच शांतिपूर्ण तरीके से उपजिलाधिकारी मनीष कुमार व क्षेत्राधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने घूम घूम कर निरीक्षण करते रहे। खागा तहसील क्षेत्र के चारों स्थानों पर शिक्षा खंड एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न की जानकारी बताते हुए तहसीलदार ईवेंद्र कुमार ने बताया कि हथगाम ब्लॉक में 270 मतदाताओं में 170 पुरुष व 34 महिलाओं ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें कुल वोटर महिला, पुरुष में 224 मतदाताओं ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खागा तहसील परिसर के सभागार कक्ष में कुछ वोटर 289 में 232 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। धाता में 168 वोटरों में 138, वही विजयीपुर ब्लाक में 102 वोटरों में 94 मतदाताओं ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र के चारों मतदान केंद्र में पुलिस की चुस्त दुरुस्त व्यवस्थाओ के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न कराया गया। वही जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने तहसील क्षेत्र में हो रहे शिक्षक एमएलसी चुनाव का निरीक्षण करते हुए बताया कि तहसील के चारों केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

### लोक अदालत में निपटाए ज्यादा से ज्यादा लघु वादः जिला जज

**चित्रकूट।** जनपद न्यायालय में सोमवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई। जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने अधिकारियों को 8 से 10 फरवरी तक आयोजित की जाने वाली विशेष लोक अदालत में छोटे अपराधों के ज्यादा से ज्यादा निस्तारण करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर पेटी ऑफेंसेस (लघु अपराध संबंधी) विशेष लोक अदालत आठ, नौ और 10 फरवरी को होनी है। राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को आयोजित की जा रही है। इस संबंध में जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई। जनपद न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारियों को पेटी ऑफेंस विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक नोटिस जारी कर उन मुकदमों को चिह्नित करने के निर्देश दिए जिनका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। नोडल अधिकारी लोक अदालत अपर जिला जज दीप नारायण तिवारी ने सभी न्यायिक अधिकारियों को आगामी लोक अदालत के लिए अधिक से अधिक संख्या में लघु अपराध, शमनीय, ई चालान, अंतिम आख्या व एनआई एक्ट के वादों को चिन्हित कर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

### नया प्लान लॉन्च

**लखनऊ।** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज अपने मॉड्यूलर स्वास्थ्य बीमा प्रोडक्ट श्माई हेल्थ केयर प्लानश् के लॉन्चिंग की घोषणा की। श्माई हेल्थ केयर प्लानश् एक अम्ब्रेला प्रोडक्ट के रूप में दर्ज किया गया है जिसके तहत कस्टमाइज किए जा सकने वाले पैकेज पेश किए जाते हैं। यह ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार उन्हें कवर चुनने और इसे चुनने में लचीलापन ;फ्लेक्सिबिलिटीद्धए उन्हें अपनी स्वयं की स्वास्थ्य देखभाल प्लान तैयार करने की सहूलियत देता है जिसके आधार पर पॉलिसी के लिए प्रीमियम निर्धारित किया जाता है। कंपनी ने अंब्रेला प्रोडक्ट के तहत प्लान 1 की घोषणा की है जिसमें अनिवार्य और वैकल्पिक कवरेज शामिल हैं।एमडी और सीईओ श्री तपन सिंघल ने कहाए श्हमारा देश अपनी विविधता के लिए जाना जाता है जहां हर व्यक्ति की अलग अलग जरूरतें हैं।

### दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को दी विनम्र श्रद्धांजलि

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण, उप जिलाधिकारी न्यायिक कर्वी राम जन्म यादव आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में पुलिस कार्यालय में कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### रामपुरा बूथ पर 81 मतदाताओं ने डाले वोट

**रामपुरा।** विकास खंड रामपुरा में बने बूथ संख्या 100 पर कुल 90 मतदाताओं, जिनमे 8 महिला व 82 पुरुष को अपना मतदान करना था, में से 81 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान में पीठासीन अधिकारी सत्यम त्रिपाठी, सेक्टर मजिस्ट्रेट ओम प्रकाश द्विवेदी के साथ सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम रहा। मतदान प्रकिया शातिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# घर के अंदर सो रहे व्यापारी की धारदार हथियार से हत्या

**बिंदकी (फतेहपुर)।** घर के अंदर सो रहे व्यापारी की धारदार हथियार से निर्मम हत्या हो जाने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी व सीओ ने भी मौका मुआयना कर जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला महाजनी गली निवासी अमित गुप्ता 36 वर्ष अपनी पत्नी पूनम पुत्र अर्पित पुत्री काजल उर्फ परी व मां माधुरी के साथ रहते हैं। सोमवार की आधी रात घर के अंदर धारदार हथियार से उनकी निर्मम हत्या कर दी गयी। घटना की जानकारी मृतक के पुत्र अर्पित ने नीचे के कमरे में सो रही अपनी दादी को दी। मृतक की मां ने ऊपर के कमरे में जाकर देखा तो पुत्र मरा पड़ा था और बहू के हाथ पैर बंधे पड़े थे। घटना की जानकारी महिला ने रात को पड़ोसियों को दी। जिन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंच कर जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी एसपी को दी। सूचना मिलते ही एसपी राजेश कुमार सिंह व सीओ परशुराम त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की। पुलिस युवक के जिंदा होने के शक पर उसे सीएचसी लायी। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां माधुरी ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व उसके पति की बीमारी के चलते मौत हो गयी थी। पति के बाद बेटा ही जीने का सहारा था। उसने बताया कि बेटा मुम्बई में पावर लूम धागा बनाने की फैक्ट्री लगाए है। मंगलवार को ही पुत्र मुंबई से आया था और रविवार को बहु आयी थी। मौके पर पहुंचे एसपी ने गहनता से जानकारी हासिल कर घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिए है। रात में ही फोरेंसिक टीम व सर्विलांस टीम आ गयी और घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं।

# विधायक के उद्घाटन करने के आधा घंटे के अंदर ही फेल हो गई हेल्थ एटीएम मशीन

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** इस समय सरकारी काम की चाल और हर काम में हो रहे कमीशन खोरी के खेल की पोल, आज कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाई गई हेल्थ एटीएम मशीन के उद्घाटन अवसर के लगभग आधा घंटे के अंदर ही खुल गई। जन सामान्य की सुविधा के लिए इस अस्पताल में लगाई गई मशीन का उद्घाटन कराने के लिए अपना दल एस की क्षेत्रीय विधायक सुरभि गंगवार को बुलाया गया था। सजे -धजे काउंटर पर स्थापित हेल्थ एटीएम मशीन का उद्घाटन विधायक सुरभि गंगवार तथा सीएमओ अवनींद्र कुमार ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं की विशेषताएं गिनाते हुए किया।

इसके बाद इस मशीन से काम लेने की बारी आई तो कुछ लोगों के टेस्ट के बाद ही मशीन फेल हो गई । बमुश्किल 1 घंटे भी काम न करने वाली मशीन का जब उद्घाटन हुआ तो वहां लोग काफी खुश थे। लेकिन जैसे ही पता चला कि मशीन ने काम करना बंद कर दिया। तो वहां मौजूद जरूरतमंद तथा अन्य लोग कहने लगे कि कहां से चलेगी मशीन, खेल तो कमीशन का है।

लोगों की लगी भीड़ तो वहां पहुंचे अपना दल एस युवा जिलाध्यक्ष ने कहा कि नहीं कर पा रहे हैं मशीन ऑपरेट। एक घंटा तक इंतजार करने के बाद बताया गया कि ऑपरेटर ने मशीन चालू करने का काफी प्रयास किया लेकिन मशीन ही नहीं चल रही है। इस मशीन में लोगों की सुविधानुसार ब्लड टेस्ट ई एंटी टेस्ट, कोलेस्ट्रॉल टेस्ट, टेंपरेचर टेस्ट, अल्कोहल टेस्ट, ब्लड प्रेशर टेस्ट के अलावा ग्लूकोस टेस्ट हीमोग्लोबिन टेस्ट आदि टेस्ट होंगे। जिसके लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सरवर इकबाल द्वारा पूरी तैयारी की गई थी।

उद्घाटन होने के बाद लगभग 7 से 8 मरीजों का टेस्ट भी हुआ। इसके तुरंत बाद ही मशीन अनइनस्टॉल हो गई। इसके थोड़ी देर के बाद अपना दल एस के युवा जिलाध्यक्ष अजीत पटेल अपने साथियों के साथ हेल्थ एटीएम मशीन की हकीकत जानने के लिए पहुंचे तो पता चला कि मशीन चलाने के लिए जो दो ऑपरेटर नियुक्त किए गए हैं। वह मौके पर नहीं हैं।

काफी देर इधर-उधर खोजने के बाद पता चला कि वह अपनी लैब में बैठकर काम कर रहे हैं। एटीएम मशीन ओपीडी में लगाई गई है। काफी कहने सुनने के बाद एल टी लगभग एक घंटा के बाद मौके पर पहुंचे और उन्होंने उन्हीं के सामने हेल्थ एटीएम मशीन चालू की, लेकिन मशीन चालू ना हो सकी। काफी देर तक वे एल टी मशीन चालू करने के लिए मशक्कत करते रहे। किंतु कामयाब नहीं हो सके। जिससे वहां लगी भीड़ में से लोगों द्वारा कहा गया कि यह भी मशीन सिर्फ एक दिखावा है। अब इस मशीन को पैक कर के रख दिया जाएगा और कुछ दिन बाद सरकारी अस्पताल में इसका नामोनिशान तक नहीं मिलेगा।

## कालपी में कड़ी सुरक्षा के बीच 99 मतदाताओं ने वोट डाले

**कालपी।** प्रयागराज-झांसी शिक्षक खंड विधान परिषद सदस्य पद के चुनाव में मतदान को लेकर कालपी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 83 प्रतिशत यानी 99 शिक्षक मतदाताओं के द्वारा वोट डाले। डीएम,एसपी समेत उच्च अधिकारियों ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। नगर पालिका कार्यालय के मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी आशीष कटियार तथा सहायक पीठासीन अधिकारी रामकुमार राजपूत की मौजूदगी में सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ। पालिका भवन के मतदान केंद्र में 119 शिक्षक मतदाताओं को हिस्सा लेना था। लेकिन 99 शिक्षक मतदाताओं में अपने वोट डालें। दोपहर करीब ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध् उप जिलाधिकारी कालपी अभिषेक कुमार आईएएस, क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी के साथ जिलाधिकारी चांदनी सिंह तथा पुलिस अधीक्षक ईराज राजा पालिका भवन स्थित मतदान केंद्र में पहुंचे।

# वृहद गौशालाओं के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजें : जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश के संरक्षण तथा भरण-पोषण के आदि के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों मानिकपुर, मऊ, कर्वी को निर्देशित किया कि जो बृहद गौशाला बनना है उसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दे। ध्यान रखें कि वृहद गौशाला के लिए रास्ता का भी ध्यान रखें उन्होंने कहा कि तीनों अधिशासी अधिकारी प्रस्ताव बनाकर शासन को जल्द से जल्द भेज दें। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि जितनी गौशालाएं संचालित हैं उनमें अन्ना गोवंशों को संरक्षित कराएं तथा चारा, भूषा, पेयजल आपूर्ति, विद्युत, ठंड से बचाव, अलाव आदि सभी व्यवस्थाएं होनी चाहिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जो पत्रावली भरण पोषण की भुगतान के लिए लंबित है उनका तत्काल भुगतान कराएं। देख लें जैसे ही माह खत्म हो तो पत्रावली बनाकर भुगतान कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशाला में एक रजिस्टर रहे और प्रतिदिन का उसमें लेखा जोखा अंकित किया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि भरण पोषण में धनराशि कम हो तो शासन से मांग किया जाए। डीएम ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि ठंड का मौसम चल रहा है। गौशालाओं में ठंड से बचने के लिए त्रिपाल, पॉलिथीन, सेड आदि व्यवस्था सुनिश्चित कराएं इसके लिए सचिव व प्रधानों को निर्देश जारी करें और ठंड में पौष्टिक चारा भी उपलब्ध कराएं। कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी व नगर निकाय के अधिकारी यह सुनिश्चित करा लें, नहीं तो आप लोग कार्यवाही के लिए तैयार रहें। सभी गौशालाओं में रजिस्टर रखें और पशुओं की संख्या अंकित होनी चाहिए। सभी खंड विकास अधिकारी पशु चिकित्सक अधिकारी इसे सुनिश्चित करें । इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी श्री आरके त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुभाष चंद्र व पशु चिकित्सा अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक एमएलसी चुनाव में जनपद में 82.6 फीसदी हुआ मतदान

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2023 इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन (एमएलसी) को सकुशल, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की जनपद में हो रहे मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगातार नजर बनी रही। मतदान शुरू होते ही कालपी, कदौरा आदि क्षेत्र के बूथों की स्थिति का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। भ्रमण के दौरान पीठासीन अधिकारी से मतदान की कुशलता की जानकारी लेते रहे साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए गए। जनपद में प्रशासनिक व पुलिस की तत्परता से चुनाव निष्पक्ष स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान जनपद में उप्र विधान परिषद झांसी-इलाहाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन मतदान 82.6 प्रतिशत रहा।

# डीएम ने की विकास कार्यों के प्रगति की गहन समीक्षा, दिए अहम निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कायाकल्प अभियान, मनरेगा कार्य अमृत सरोवर, खेल मैदान व ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापना एवं एस एल डब्ल्यू एम के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कायाकल्प के अंतर्गत आने वाले 19 पैरामीटर के बिंदु, पीने का पानी, बाउंड्री वॉल व गेट आदि की समीक्षा बिंदुवार हुई। उन्होंने स्कूल फर्नीचर के संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि जहां कम बच्चे हैं वहां 25/25 की लिस्ट बनाकर सभी खंड विकास अधिकारियों से समन्वय बनाकर कराएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य 10 दिन में प्रमुखता से कराएं। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के बाउंड्री वॉल व गेट के संबंध में कहा कि गेट अच्छा बनना चाहिए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पीने के पानी के संबंध में उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के द्वारा जो पाइप लाइन बिछाई जा रही है उनके जेई व एई से समन्वय बनाकर पाइप लाइन स्कूल में पहुंचाएं जहां सम्भव हो जिससे बच्चों को पानी पीने की समस्या न हो, उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि प्रधानाध्यापकों को कहे कि इसमें समन्वय बनाकर कार्य कराएं नहीं तो उनके



निर्देश देते डीएम।

खिलाफ कार्रवाई होगी। खेल के मैदान को सही कराएं तथा रास्ता के अगल-बगल में फूल पत्तियां भी लगवाएं और इसकी रंगाई पुताई कराकर कैंपस में लाइटिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सीडीओ अमृतपाल कौर, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी,बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिषाशी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव मानिकपुर आशीष वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अमेरिका के शीर्ष नेतृत्व से अहम वार्ता करेंगे डोभाल

**भाषा। वाशिंगटन**

**अधिकारियों, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के बाद यह वार्ता भारत-अमेरिका संबंधों में अगला बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकती है**



**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल इनीशिएटिव फॉर क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) पर पहली उच्च-स्तरीय बैठक के तहत अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन सहित शीर्ष अमेरिकी नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बातचीत करेंगे।

अधिकारियों, शिक्षाविदों और उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के बाद यह वार्ता भारत-अमेरिका संबंधों में अगला, बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकती है। डोभाल आईसीईटी के लिए सोमवार को वाशिंगटन पहुंचेंगे। महत्वाकांक्षी आईसीईटी बैठक के एजेंडे को लेकर दोनों देशों के अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी 31 जनवरी को व्हाइट हाउस में दोनों पक्षों के बीच बैठक की समाप्ति के बाद दिए जाने की संभावना है। भारत और अमेरिका को उम्मीद है कि यह बैठक दोनों देशों के कॉरपोरेट क्षेत्रों के बीच एक विश्वसनीय भागीदार पारिस्थितिकी तंत्र के विकास की नींव रखेगी, ताकि स्टार्टअप की संस्कृति से फल-फूल रही सार्वजनिक-निजी साझेदारी पर जोर देने वाले दोनों देश वैज्ञानिक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तानाशाही हुकूमतों के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। मई 2022 में तोक्यो में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की द्विपक्षीय मुलाकात के बाद जारी एक संयुक्त बयान में पहली बार आईसीईटी का जिक्र किया गया था। डोभाल असामान्य रूप से बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका पहुंच रहे हैं, जिसमें सचिव स्तर के पांच अधिकारी और उन भारतीय कंपनियों का कॉरपोरेट नेतृत्व शामिल है, जो भारत में कुछ अत्याधुनिक अनुसंधान कर रहे हैं। एनएसए के साथ अमेरिका जाने वाले सचिव स्तर के पांच अधिकारियों में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ, प्रधानमंत्री के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद, रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार जी सतीश रेड्डी, दूरसंचार विभाग के सचिव के राजाराम और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के महानिदेशक समीर वी कामत शामिल हैं। आईसीईटी के तहत दोनों देशों ने सहयोग के छह क्षेत्रों की पहचान की है। दोनों देशों के बीच सहयोग सह-विकास और सह-उत्पादन के सिद्धांत पर आधारित होगा, जिसे धीरे-धीरे क्वाड (अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान का रणनीतिक समूह), फिर नाटो (उत्तर एटलांटिक संधि संगठन) और फिर यूरोप और बाकी दुनिया में विस्तारित किया जाएगा। इसका मकसद बाकी दुनिया को ऐसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां प्रौद्योगिकियां प्रौद्योगिकियां प्रदान करना है, जो तुलनात्मक रूप से काफी सस्ती हों। भारत और अमेरिका ने आईसीईटी के तहत सहयोग के लिए जिन छह क्षेत्रों की पहचान की है, उनमें वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास, क्वांटम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमता), रक्षा नवाचार, अंतरिक्ष तथा 6जी और सेमीकंडक्टर जैसी उन्नत संचार पद्धतियां शामिल हैं।

## शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने प्रचंड से की मुलाकात, एक अरब डॉलर निवेश का वादा

**काठमांडू।** अमेरिका की एक शीर्ष राजनयिक ने सोमवार को द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत करने के लिए नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। राजनयिक ने नेपाल में अगले पांच साल में एक अरब डॉलर के निवेश का वादा भी किया। अमेरिका में राजनीतिक मामलों की उप मंत्री विक्टोरिया नूलैंड दो दिवसीय दौरे के तहत रविवार को काठमांडू पहुंचीं। जो बाइडन के अलावा दो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों बराक ओबामा और जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के कार्यकाल में भी अनुभवी राजनयिक नूलैंड कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुकी हैं। प्रचंड के पिछले साल 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री बनने के बाद वह नेपाल की यात्रा करने वालीं अब तक की सबसे वरिष्ठ विदेशी पदाधिकारी हैं। नूलैंड ने यहां बालुवातार में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर प्रचंड से मुलाकात की। प्रधानमंत्री सचिवालय के सूत्रों के मुताबिक बैठक के दौरान द्विपक्षीय हितों से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया कि इस मौके पर प्रधानमंत्री ने नेपाल में विकास के प्रयास में सहयोग के लिए अमेरिकी सरकार की सराहना की।

### चीन को आधुनिक चिप हासिल करने से रोकने की मुहिम

## जापान और नीदरलैंड का अमेरिका से करार

**एजेंसी। वाशिंगटन**

**जापान** और नीदरलैंड ने आधुनिक कम्प्यूटर चिप बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री हासिल करने से चीन को रोकने के लिए अमेरिका के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते की जानकारी रखने वाले व्यक्ति ने यह सूचना दी लेकिन उसने अपनी पहचान उजागर करने से इनकार कर दिया क्योंकि इस समझौते की अभी तक औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि तीनों पक्ष कब समझौते की घोषणा करेंगे। व्हाइट हाउस ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने आधुनिक चिप हासिल करने से चीन को रोकने के लिए अक्टूबर में निर्यात नियंत्रण लागू किया था। बाइडन प्रशासन का कहना है कि आधुनिक चिप का इस्तेमाल हथियार बनाने, मानवाधिकार उल्लंघन करने तथा उसके सैन्य साजो सामान की गति तथा सटीकता में सुधार करने के लिए किया जा सकता है।

चीन ने इस पर आक्रामक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि व्यापार पाबंदियों से आपूर्ति श्रृंखला तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था की बहाली बाधित होगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने इस महीने की शुरुआत में कहा था, हम उम्मीद करते हैं कि संबंधित देश सही कदम उठाएंगे और बहुपक्षीय व्यापार शासन बनाए रखने तथा वैश्विक औद्योगिक एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता की रक्षा के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे। इससे उनके दीर्घकालीन हितों की भी रक्षा होगी। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने शुक्रवार को कहा कि पुर्तगाल तथा जापान के अधिकारी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान की अगुवाई वाली वार्ता के लिए वाशिंगटन में थे। किर्बी ने कहा कि इस बैठक में उभरती प्रौद्योगिकियों की सुरक्षा करने, यूक्रेन की मदद करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या सेमीकंडक्टर तकनीक पर निर्यात नियंत्रण कड़ा करने पर कोई समझौता किया गया या नहीं। इस महीने बाइडन ने निर्यात नियंत्रण मजबूत करने के लिए जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा तथा पुर्तगाल के प्रधानमंत्री मार्क रुत से अलग से मुलाकात की थी। नीदरलैंड की सेमीकंडक्टर उत्पादन उपकरण की प्रमुख निर्माता कंपनी एएसएमएल ने रविवार को बताया कि उसे समझौते की कोई जानकारी नहीं है। एएसएमएल ऐसी मशीनों की दुनिया की इकलौती निर्माता कंपनी है जो आधुनिक सेमीकंडक्टर चिप बनाने के लिए अत्यधिक पराबैंगनी लिथोग्राफी का इस्तेमाल करती है। पुर्तगाल सरकार ने 2019 के बाद से ही चीन को उपकरण का निर्यात करने से रोका हुआ है लेकिन कंपनी फिर भी चीन को कम गुणवत्ता के लिथोग्राफी उपकरण भेजती रही है।

## पुतिन ने मुझे मिसाइल हमले की दी थी धमकी

**भाषा। लंदन**



**ब्रिटेन** के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने दावा किया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से ठीक पहले एक असमान्य फोन कॉल में उन्हें एक मिसाइल हमले की धमकी दी थी। उस वक्त ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे जॉनसन ने बताया है कि पुतिन ने उनसे कहा था कि इसमें सिर्फ एक मिनट लगेगा। दरअसल, जॉनसन ने पिछले साल फोन पर हुई बातचीत के दौरान युद्ध के खिलाफ आगाह करते हुए कहा था कि इसके विनाशकारी परिणाम होंगे। बीबीसी के एक वृत्तचित्र पुतिन वर्सेज द वेस्ट (पुतिन बनाम पश्चिम) में बातचीत के विवरण का खुलासा किया गया है। इसे सोमवार को प्रसारित किया जाएगा। वृत्तचित्र पुतिन की विश्व के नेताओं के साथ बातचीत पर आधारित है। जॉनसन ने कथित तौर पर पुतिन को चेतावनी दी थी कि यूक्रेन के साथ एक टकराव पश्चिमी देशों द्वारा प्रतिबंध लगाने का मार्ग प्रशस्त करेगा तथा रूस की सीमा पर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के और भी सैनिकों की तैनाती होगी। उन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति को यह कह कर रूसी सैन्य कार्वाई का प्रतिरोध करने की कोशिश की थी कि यूक्रेन निकट भविष्य में नाटो में शामिल नहीं होगा। जॉनसन ने बीबीसी से कहा, उन्होंने मुझे धमकी दी और कहा कि बोरिस, मैं आपको नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता, लेकिन मिसाइल से या इस तरह की किसी और चीज से इसमें (हमले में) सिर्फ एक मिनट का वक्त लगेगा। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे लगता है कि जिस शांत भाव के साथ वह बोल रहे थे ...वह बातचीत के लिए उन्हें सहमत करने की मेरी कोशिशों से महज खेलने की थी। बीबीसी ने यह उल्लेख किया कि उस समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री कार्यालय और रूसी राष्ट्रपति कार्यालय ने इस बातचीत का कोई संदर्भ नहीं दिया। बीबीसी के वृत्तचित्र में यह भी खुलासा किया गया है कि ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने इस आश्वासन के साथ फरवरी 2022 में मास्को से रवाना हुए थे कि यूक्रेन पर रूस हमला नहीं करेगा, लेकिन उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष जानते थे कि यह एक झूठ है। वालेस ने बीबीसी से कहा, मुझे लगता है कि यह इस बारे में था कि मैं(पुतिन) ताकतवर हूं।

## बेनिन बस हादसे में 22 लोगों की मौत

**कोटोनोऊ (बेनिन)।** पश्चिमी अफ्रीकी देश बेनिन में एक बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है जबकि दो दर्जन लोग घायल हो गए हैं। सरकार ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

बेनिन के संचार विभाग के निदेशक ने फेसबुक पर पोस्ट किया है कि दुर्घटना रविवार को दासा-जोउमे कस्बे के पास हुई और हादसे के तुरंत बाद बचावकर्मियों को मौके पर भेजा गया। निदेशक ने कहा कि यह बहुत दुखद है और सरकार पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना ने हमें फिर से याद दिलाया है कि हमारी सड़कों पर सुरक्षा लगातार चुनौती बनी हुई है और लोगों की सुरक्षा के लिए और कड़े कदम उठाने की जरूरत है। पीड़ितों के रिश्तेदारों को सूचनाएं मुहैया कराने के लिए विशेष प्रकोष्ठ बनाया गया है। दुर्घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। प्रशासन ने बताया कि दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## जापान में हिमस्खलन की चपेट में आए दो विदेशी नागरिक बरामद

**टोक्यो।** मध्य जापान के एक मशहूर स्की स्थल पर हिमस्खलन की चपेट में आए दो विदेशी नागरिकों का पता लगा लिया गया हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी उनकी मौत की पुष्टि नहीं की है। नगानो प्रीफेक्चरल पुलिस ने बताया कि माउंट हाकुबा नोरीकुरा में रविवार दोपहर को हिमस्खलन की चपेट में आए पांच विदेशी नागरिकों में ए दोनों भी शामिल थे।

**खोया-पाया**

मैं, योगेंद्र शर्मा पुत्रश्री एस.सी.शर्मा, निवासी फ्लैट नं. जी.एफ.-41, नीलम विहार सहकारी अवास समिति लिमिटेड सैक्टर 14, कौशाम्बी, गाजियाबाद, (यू.पी.) ब्यान करता हूं कि मैंने नीलम विहार सहकारी अवास समिति लिमिटेड सैक्टर 14, कौशाम्बी, गाजियाबाद द्वारा जारी अंशदान प्रमाण पत्र संख्या: 67 दिनांक 11.07.1998, आवंटन पत्र-सदस्यता संख्या: 67 दिनांक 11.07.1998 और वोटर आईडी कार्ड संख्या GKM8339558 जोकि योगेंद्र शर्मा के नाम हैं यह सभी दस्तावेज खो गये हैं, यदि यह मिल जाते हैं, तो कृप्या '9871094490' पर मुझसे सम्पर्क करें। **प्रार्थी**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. ICICI Bank Limited that (1) Mrs. Indu Chopra, (2) Mr. Rajiv Khanna, (3) Mr. Ravi Khanna, (4) Mr. Sunil Khanna (as legal heirs of deceased Mrs. Krishna Khanna & Mr. Om Prakash Khanna). (5) Mrs. Neeru Khanna (by virtue of Relinquishment deed for 1/5th share after demise of late Mr. Anil Khanna) are joint owners of Society Flat Bearing No. A-121, on Second Floor, situated at Hil Cooperative Group Housing Society Ltd, built on Plot No. 17, Sector-13, Rohini, Delhi, the said property, and have inherited the property after the death of Mrs. Krishna Khanna, who acquired the said property by virtue of conveyance deed dated 29.03.2016. All persons are hereby informed that above mentioned owners wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री विजय पाल और श्रीमती संतरा देवी ने ग्राम विनय नगर, तहसील खेकड़ा, जिला बागपत, यूपी में स्थित आवासीय प्लॉट एरिया परिमाप 390(320+70)वर्ग गज, खसरा नंबर 166 में से, बिक्री विलेख दिनांक 07.05.2014, उक्त संपत्ति के संबंध में श्री राजबीर सिंह द्वारा श्री विजयपाल के पक्ष में निष्पादित(एरिया परिमाप 320वर्ग गज), दस्तावेज सं.1584, पुस्तक सं.1, खंड सं.1228, पृष्ठ 311-332, एसआर-खेकड़ा में दिनांक 07.05.2014 को विधिवत पंजीकृत, और मूल, बिक्री विलेख दिनांक 02.02.2008 श्री राजबीर सिंह द्वारा श्रीमती संतरा देवी के पक्ष में निष्पादित(एरिया परिमाप 70वर्ग गज), दस्तावेज सं. 402, पुस्तक सं.1, खंड सं.256 पृष्ठ 281-290, एसआर-खेकड़ा में दिनांक 04.02.2008 को विधिवत पंजीकृत के माध्यम से मालिक हैं सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एसएचएफएल), शाखा गाजियाबाद के द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। उक्त संपत्ति से संबंधित मूल, बिक्री विलेख दिनांक 02.02.2008 श्री राजबीर सिंह द्वारा श्रीमती संतरा देवी के पक्ष में निष्पादित(एरिया परिमाप 70 वर्ग गज), दस्तावेज सं.402, पुस्तक सं.1, खंड सं.256 पृष्ठ 281-290, एसआर-खेकड़ा में दिनांक 04.02.2008 को विधिवत पंजीकृत, को खो दिया है श्री प्रमोद कुमार द्वारा दिनांक 25.01.2023 को अपराध शाखा दिल्ली पुलिस में एलआर सं. 84477/2023 को उपरोक्त संपत्ति की खो जाने की प्राथमिकी दर्ज किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई दावा है, तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिनों के भीतर संपत्ति के मूल दस्तावेजों के साथ नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि इस संबंध में कोई दावा या विवाद उक्त संपत्ति में नहीं हैं।

**श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता**
**एसजी एसोसिएटस (लॉ फर्म)**
**यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा यूपी 201301, ईमेल: sgassociatespl@gmail.com**
**फोन : 7011172764, 8130200837**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of ICICI Bank that Mr. Pankaj Kohli is owner of Flat Bearing No. 1-B, on First Floor, Category-HIG, in the layout plan of Ravi Co-operative Group Housing Society Ltd, known as Raavi Apartments, Built on Plot No. 01, Bodella Phase-I, Vikas Puri, New Delhi (the said property) by virtue of registered Gift Deed dated 12.06.2020 registration No. 6889, executed by Mrs. Prem Lata Kohli, who was owner of the said property by virtue of conveyance deed dated 06.04.2011, All persons are hereby informed that above mentioned property is on First floor as per Gift Deed dated 12.06.2020, and the owner Mr. Pankaj Kohli want to take Loan from ICICI Bank Ltd., against the said property if any body has any objection/s upon the ownership of Mr. Pankaj Kohli over the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक फ्रीहोल्ड आवासीय प्लाट जिसका रकबा 250 वर्गगज यानि 209.025 वर्गमीटर खसरा नं०-833, स्थित बनवारी नगर, ग्राम सिहानी, परगना लोनी, तहसील व जिला गाजियाबाद, उ० प्र० का है। उक्त प्लाट के हम श्री विनोद त्यागी पुत्र श्री रघुवीर त्यागी व मनन त्यागी पुत्र श्री संजय त्यागी खतौनी से मालिक व काबिज है। हम श्री विनोद त्यागी पुत्र श्री रघुवीर त्यागी व मनन त्यागी पुत्र श्री संजय त्यागी उक्त प्लाट की रजिस्ट्री श्री लोकेश कुमार पुत्र श्री जय प्रकाश शर्मा के नाम कर रहे है तथा उक्त सम्पत्ति पर वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स कॉरपोरेशन लि० द्वारा होम लोन लिया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति, निकाय कॉर्पोरेट, सरकारी/गैर-सरकारी प्राधिकरण/या कोई अन्य सार्वजनिक निजी बैंक (संस्था) आदि को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी या वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स कॉरपोरेशन लि० सैकिण्ड फ्लोर, कमर्सियल मॉर्केट, संजय विहार आवास विकास, अपोजिट प्राचीन शिव मंदिर, हापुड - 245101 उ० प्र० को लिखित में आपत्ति दे सकता है। इसके बाद इस पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अरूण गोस्वामी (एडवोकेट)**
चैम्बर नं० 119, प्रथम तल, मेन रोड, तहसील कम्पाउंड, गाजियाबाद मो. 9997806112

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **Mrs. Pawan Tyagi W/o Mr. Neerja Kumar Tyagi** who had acquired the **RESIDENTIAL HOUSE NO. 77, (WITH ROOF/RIGHTS) LAND AREA MEASURING 186 SQ. YARDS i.e. 155.51 SQ. METERS, OUT OF KHASRA NO. 618, SITUATED AT HARVANSH NAGAR IN THE VILLAGE GHUKNA, PARGANA LONI, TEHSIL & DISTT. GHAZIABAD (U.P.)** from **Mrs. Santosh W/o Late Mr. Rohtash through Gift Deed (in Blood Relation) dated 21.11.2022**, vide 12647, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** However, **Sale Deed dated 12.07.1967** has been lost and not available. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301; Contact # 0120-4269379

## इजराइली सेना ने फलस्तीनी व्यक्ति की हत्या की

**तेल अवीव।** इजराइली सैनिकों ने वेस्ट बैंक के एक अशांत शहर में सोमवार को एक फलस्तीनी व्यक्ति की हत्या कर दी। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इस क्षेत्र में बढ़ती हिंसा के बीच रक्तपात की यह एक नई घटना है और खासकर ऐसे समय हुई है, जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन क्षेत्र के दौरे पर हैं।फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हेब्रॉन शहर में नस्सीम अबू फौदा (26) नामक एक फलस्तीनी की हत्या कर दी गई। इस शहर में इजराइली सेना और फलस्तीनियों के बीच अक्सर झड़पें हुआ करती हैं इजराइली सेना ने कहा कि सैनिकों ने तेजी से आगे बढ़ रही एक संदिग्ध कार को रोकने को कहा, लेकिन फिर भी वह एक सैनिक की ओर बढ़ी, जिसपर सैनिकों ने गोलियां चला दीं।




## इंडोनेशियाई मुसलमानों ने स्वीडन में कुरान की बे-अदबी का विरोध किया

**भाषा। जकार्ता**

**स्वीडन** और नीदरलैंड में धुर-दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं द्वारा हाल ही में इस्लाम के पवित्र ग्रंथ की बे-अदबी किए जाने की निंदा करते हुए सैकड़ों इंडोनेशियाई मुसलमानों ने यहां भारी सुरक्षा वाले स्वीडिश दूतावास तक मार्च किया। इस्लामी झंडा लहरा रहे करीब 300 प्रदर्शनकारियों ने जकार्ता के एक प्रमुख मार्ग पर प्रदर्शन किया और स्वीडन, डेनमार्क और नीदरलैंड के झंडों के साथ इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता रासमस पलुदान के चित्रों को रौंद दिया और उनमें आग लगा दी। अधिकारियों ने दूतावास की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया था और पुलिस एवं सेना के 200 से अधिक जवानों को इमारत के अंदर और आसपास तैनात किया गया था। इसके साथ ही इलाके में बैरिकेड भी लगा दिए गए थे। पिछले दिनों, घोर दक्षिणपंथी कार्यकर्ता पलुदान ने स्टॉकहोम में तुर्किए के दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था और कुरान के साथ बे-अदबी की थी। बाद में इसी तरह की एक घटना नीदरलैंड में भी हुई। इन घटनाओं से दुनिया भर के लाखों मुसलमान नाराज हो गए और दुनिया में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया सहित कई देशों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान जनमत संग्रह को लेकर झगड़े, भारत ने चिंता जताई

**मेलबर्न।** मेलबर्न में तथा-कथित पंजाब स्वतंत्रता जनमत संग्रह के दौरान खालिस्तानी कार्यकर्ताओं और भारत-समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच दो जगहों पर हुए झगड़ों में दो लोग घायल हो गए जबकि कई सिखों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया सरकार को देश में खालिस्तानी अलगाववादियों की भारत-विरोधी गतिविधियों और देश के विभिन्न हिस्सों में हिन्दू मंदिरों में तोड़फोड़ पर रोक लगाने के लिए कह चुका है। कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने 26 जनवरी को जारी बयान में बेहद कड़े शब्दों में कहा है, पिछले कुछ समय से स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) और ऑस्ट्रेलिया से बाहर के अन्य संगठनों की शह और उकसावे पर ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थक तत्व अपनी गतिविधियां तेज कर रहे हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, K.J. Mathew alias Mathew K. John s/o Late Sh. P.C. John R/o Flat No. 7, Group-2, Pocket-C, DDA Janta Flat, Hastsal, Uttam Nagar, New Delhi-59 have changed my name to Kunnumpurath John Mathew for all future purposes.

PD(90256)A

## तुर्किए, स्वीडन से पहले फिनलैंड को नाटो का सदस्य बनाने के पक्ष में

**अंकारा (तुर्किए)।** तुर्किए के विदेश मंत्री मेव्लुट कैवुसोग्लु ने कहा है कि स्वीडन से पहले फिनलैंड की नाटो सदस्यता को उनका देश मंजूरी दे सकता है बशर्ते कि यह सैन्य गठबंधन (नाटो) एवं दोनों नॉर्डिक देश इस पर सहमत हों। उन्होंने फिनलैंड के आवेदन को स्वीडन के आवेदन की तुलना में कम समस्याकारी बताया। तुर्किए स्वीडन पर उन संगठनों पर कार्वाई करने के लिए ठोस कदम उठाने में विफल रहने का आरोप लगाता रहा है जिन्हें वह आतंकवादी संगठन मानता है। हाल ही में वह स्टॉकहोम और कोपेनहेगन में तुर्किए दूतावास के बाहर कुरान जलाए जाने संबंधी प्रदर्शन से बहुत नाराज हुआ था। एक इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता ने यह हरकत की थी जिसके पास स्वीडन एवं डेनमार्क की नागरिकता है।कैवुसोग्लु ने कहा, हम मानते हैं कि यदि नाटो और ए देश ऐसा कोई निर्णय लेते हैं तो हम (फिनलैंड की कोशिश का) देश ऐसा कोई निर्णय लेते हैं तो हम (फिनलैंड की कोशिश का) अलग से मूल्यांकन कर सकते हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद स्वीडन और फिनलैंड ने अपना सैन्य निर्गुट रूख त्यागते हुए नाटो का सदस्य बनने के लिए संयुक्त रुप से आवेदन दिया था। किसी भी नए सदस्य को शामिल करने के लिए नाटो में सर्वसम्मति की जरूरत होती है लेकिन तुर्किए स्वीडन और फिनलैंड की दावेदारी की अनुमोदन प्रक्रिया में अपनी संसद में देरी कर रहा है।

## 24 और रनअवे फेम अभिनेत्री एनी वर्शिंग का कैंसर से निधन

**लॉस एंजिलिस।** वेब सीरीज 24 मे एफबीआई एजेंट रिनी वॉकर का दमदार किरदार निभाने वाली अमेरिकी अभिनेत्री एनी वर्शिंग का रविवार को निधन हो गया। वह 45 साल की थी।वर्शिंग के प्रवक्ता ने बताया कि अभिनेत्री ने रविवार को सुबह लॉस एंजिलिस मे अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ति थी। हालांकि, प्रवक्ता ने यह स्पष्ट नही किया कि उन्हे कौन-सा कैंसर था। वर्शिंग को वीडियो गेम द लास्ट ऑफ अस के किरदार टेस को आवाज देने के लिए भी जाना था। वीडियो गेम के निर्माता नील ड्रक्मैन ने अभिनेत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, हमने एक शानदार कलाकार और खूबसूरत इनसान को खो दिया। मेरा दिल टूट गया है। मेरी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ है। मिसौरी के सेंट लुइस मे पली-बढ़ी वर्शिंग ने अपने दो दशक लंबे अभिनय करियर में दर्जनों टेलीविजन कार्यक्रम मे काम किया।

## इजराइल व फलस्तीन संयम बरतें: ब्लिंकन

**काहिरा।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को इजराइल और फलस्तीन से संयम बरतने और तनाव को दूर करने की अपील की। उनकी यह अपील इलाके में हिंसा की बढ़ी घटनाओं के बीच आई है। यरुशलम और पश्चिमी तट की दो दिवसीय यात्रा से ठीक कुछ घंटे पहले मिस्र की राजधानी कहिरा में संवाददाताओं से बातचीत में ब्लिंकन ने कहा कि पिछले सप्ताह हिंसक घटनाओं में वृद्धि के बाद दोनों पक्षों के लिए अनिवार्य है कि वे तनाव दूर करने के लिए मिलकर काम करें।

मिस्र के विदेश मंत्री समेह शर्की के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ब्लिंकन ने कहा, हम सभी पक्षकारों को शांति के लिए प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने कहा, इसमें दो राय नहीं है कि यह मुश्किल समय है। ब्लिंकन ने इजराइल के खिलाफ सैन्य हमले की अमेरिकी निंदा को दोहराते हुए रेखांकित किया कि हम समग्र रूप से निर्दोष नागरिकों की मौत पर खेद व्यक्त करते हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह हिंसा का नया दौर तब शुरू हुआ जब इजराइली सेना ने पश्चिमी तट के शहर जेनिन में छापेमारी की कार्वाई की जिसमें 10 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर चरमपंथी थे। वहीं एक फलस्तीनी ने पूर्वी यरुशलम की यहूदी बस्ती पर हमला कर सात इजराइलियों की हत्या कर दी।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लक्ष्मी देवी/अमित कुमार/ LBGHZ00004250132 | फ्लैट नंबर-654, छठी मंज़िल, ब्लॉक (गंगा) टाइप एमआईजी-1, टॉवर- गंगा, महागुन पुरम, एनएच 24, ग्राम महरौली, गाजियाबाद/ जनवरी 25, 2023 | सितम्बर 26, 2022 रु. 24,66,390/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 31, 2023**
**स्थान : दिल्ली**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज कुमार ग्रोवर/ अंजलि/ LBZMO00002009140 | फ्लैट नंबर जी-11, 7वीं मंजिल, पाम हाइट्स गैलेक्सी डेवलपर्स, सेक्टर-125, न्यू सनी एन्क्लेव, एयर फोर्स नेवल हाउसिंग सोसाइटी, मोहाली के पीछे, पंजाब/ जनवरी 25, 2023 | अगस्त 22, 2022 रु. 39,28,959/- | मोहाली/ गुड़गाँव |
| 2. | मनोज कुमार ग्रोवर/ अंजलि/ LBZMO00002009640 | फ्लैट नंबर जी-12, 7वीं मंजिल पाम हाइट्स गैलेक्सी डेवलपर्स, सेक्टर-125 न्यू सनी एन्क्लेव एयर फोर्स नेवल हाउसिंग सोसाइटी मोहाली के पीछे, पंजाब/ जनवरी 25, 2023 | अगस्त 22, 2022 रु. 39,28,911/- | मोहाली/ गुड़गाँव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 31, 2023**
**स्थान : गुड़गाँव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# शाह ने कहा अपनी भाषा के कमतर होने की मानसिकता से बाहर आना होगा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी भाषा के कमतर होने की मानसिकता से बाहर आने के महत्व को रेखांकित करते हुए सोमवार को कहा कि बच्चे मातृभाषा में ही बेहतर ढंग से सोच सकते हैं और नई शिक्षा नीति में मातृभाषा को महत्व दिया गया है। शाह ने अमर उजाला की अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति के लिए चयनित विद्यार्थियों को यहां अक्षय ऊर्जा भवन में संबोधित करते हुए कहा, विदेशी भाषा पढ़िए, यह व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी है। लेकिन अपनी भाषा कमतर है या पिछड़ी हुई है, इस मानसिकता से बाहर आना है। अगर हम अपनी भाषा को आगे बढ़ाते हैं तो यह हमें आगे बढ़ने में सहायक होगी।

अखबार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार शाह ने कहा कि इतिहास की किताबों के दायरे से बाहर जाकर पढ़ेंगे तो मालूम पड़ेगा कि हमारा देश हर क्षेत्र में दुनिया में सर्वोच्च स्थान पर था तथा नवाचार, अनुसंधान एवं विकास और यहां तक कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में भी हमारा देश दुनिया में सबसे उपर था। गृह मंत्री ने कहा कि आज के बच्चों के मन में होता है कि वे दुनिया के विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में जाकर पढ़ाई करें। नालंदा, तक्षशिला व विक्रमादित्य विवि ने पूरी दुनिया में ज्ञान के क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया था। शून्य की खोज आर्यभट्ट ने की थी, रोग का निदान सबसे पहले चरक संहिता में बताया गया और सुश्रुत ने भी शरीर के विज्ञान की बारीकियों को दुनिया के सामने रखा।

शाह ने कहा कि पिछले 75 साल में सभी सरकारों ने देश को आगे बढ़ाया, लेकिन 2014 से इन आठ सालों के बीच न सिर्फ देश के आगे बढ़ने की गति तेज हुई बल्कि आम लोगों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के काम भी हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जब भारत आजादी की शताब्दी मना रहा होगा तब वह विश्व में हर क्षेत्र में सबसे आगे होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के युवाओं के लिए विश्व के युवाओं के साथ प्रतिस्पर्धा के सारे मंच तैयार कर दिए हैं और अब उन्हें खुद को तैयार करना है। उन्होंने कहा कि वे खुद को तैयार करें और पूरा विश्व स्वागत करने को तैयार है।

# अडाणी समूह की कंपनियों में एलआईसी के लगे हैं 36,475 करोड़ रुपए

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय जीवन** बीमा निगम (एलआईसी) ने सोमवार को कहा कि अडाणी समूह के बॉन्ड और इक्विटी में उसके 36,474.78 करोड़ रुपए लगे हैं और यह राशि बीमा कंपनी के कुल निवेश का एक फीसदी से भी कम है। एलआईसी की प्रबंधन के अधीन कुल परिसंपत्ति सितंबर 2022 तक 41.66 लाख करोड़ रुपए से अधिक थी। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में अडाणी समूह पर लगाए गए आरोपों के बाद से समूह की कंपनियों के शेयर लगातार टूट रहे हैं। इसी को ध्यान में रखकर देश की सबसे बड़ी घरेलू संस्थागत निवेशक एलआईसी ने यह खुलासा किया है।

एलआईसी ने ट्वीट किया, अडाणी समूह की कंपनियों में इक्विटी और बॉन्ड के तहत आज तक हमारा कुल निवेश 36,474.78 करोड़ रुपए है। यह 31 दिसंबर, 2022 तक 35,917.31 करोड़ रुपए था। समूह की कंपनियों में बीते कुछ वर्षों में खरीदी गई इन इक्विटी का कुल खरीद मूल्य 30,127 करोड़ रुपए है और 27 जनवरी 2023 को बाजार बंद होने के वक्त इनका बाजार मूल्य 56,142 करोड़ रुपए था। अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियां हैं।

एलआईसी ने विभिन्न कंपनियों में उसकी हिस्सेदारी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बीमा कंपनी ने बताया कि उसके पास अडाणी समूह की जो भी ऋण प्रतिभूतियाँ हैं उनका क्रेडिट रेटिंग एए है। अडाणी एंटरप्राइजेज के 20,000 करोड़ रुपए के एफपीओ में एलआईसी ने एंकर निवेशक के तौर पर 9,15,748 शेयरों की खरीद के लिए 300 करोड़ रुपए का निवेश किया। कंपनी में उसकी पहले से 4.23 फीसदी हिस्सेदारी है।



अगरतला में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री व भाजपा नेता माणिक साहा पर्चा भरने से पहले मन्दिर में पूजा अर्चना करते हुए।

# भाजपा त्रिपुरा में अगली सरकार अपने दम पर बनाएगी: हिमंत

**अगरतला।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि भाजपा त्रिपुरा में 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने दम पर अगली सरकार बनाएगी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन टाउन बोर्डोवाली सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर शर्मा और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह भी उनके साथ थे। शर्मा ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी राज्य में विजई होगी, क्योंकि भाजपा नीत सरकार के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर के इस राज्य में विकास हुआ है। भाजपा पिछले पांच वर्षों के दौरान हुए विकास के कारण अपने दम पर त्रिपुरा में अगली सरकार बनाएगी। भाजपा ने राज्य की एकता और विकास एवं लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। शर्मा ने कहा, त्रिपुरा में हुए विकास, देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने और मुख्यमंत्री के चेहरे के आधार पर विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली बार की तरह भाजपा का आईपीएफटी के साथ गठबंधन है, क्योंकि वह एक पुरानी सहयोगी है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए शर्मा ने दावा किया कांग्रेस पूरे देश में नहीं है, जबकि माकपा दुनिया में कहीं नहीं है। दोनों दलों को शून्य करार देते हुए यदि हम दो शून्य जोड़ते हैं तो जोड़ भी शून्य होगा। साहा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आज मैंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और संबित पात्रा की उपस्थिति में टाउन बोर्डोवाली सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले हजारों कार्यकर्ता मेरे साथ थे। मुझे यकीन है कि भाजपा शानदार जीत हासिल करेगी।

## अगले चुनाव में चिंतामणि और कोलार में होगा बदलाव: मुख्यमंत्री बोम्मई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की लहर होगी और यह चिंतामणि और कोलार सीटों के रास्ते बदलाव लाएगी। इन दोनों सीटों को क्रमश : कांग्रेस और जनता दल (सेकुलर) का गढ़ माना जाता है। बोम्मई कर्नाटक के पूर्व मंत्री के एम कृष्णा रेड्डी के बेटे शेखर रेड्डी और उनकी बेटी वाणी कृष्णारेड्डी को भाजपा में शामिल कराने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। कृष्णा रेड्डी का बेटा और बेटी कांग्रेस नेता थे और उन्होंने भाजपा राज्य मुख्यालय जगन्नाथ भवन में अपने समर्थकों के साथ भगवा दल का दामन थामा। पार्टी नेताओं और भगवा दल में शामिल हुए नए लोगों को संबोधित करते हुए बोम्मई ने कहा, भाजपा सांसद एस मुनिस्वामी के साथ बदलाव शुरू हो गया है। कोलार और चिंतामणि में महत्वपूर्ण बदलाव तय है।

# भाजपा से हाथ मिलाने के बजाय मरना पसंद करूंगा : नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि वह भाजपा से हाथ मिलाने के बजाय मरना पसंद करेंगे। उनकी यह टिप्पणी तब आई है, जब भाजपा ने फैसला किया है कि जनता दल (यूनाइटेड) के अलोकप्रिय नेता से फिर से गठबंधन करने का कोई सवाल ही नहीं है। कुमार ने यह टिप्पणी उत्तर बिहार के दरगंभा में प्रदेश भाजपा की दो दिवसीय राज्य कार्यकारिणी की बैठक में किए गए फैसले के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर की। कुमार ने यहां पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा, मर जाना कबूल है, लेकिन उनके साथ जाना हमको कभी कबूल नहीं है, यह याद रखिए।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित एक समारोह से इतर भाजपा को 2010 के विधानसभा चुनाव समेत उनके नेतृत्व में मिली शानदार सफलता की याद दिलाई। साल 2010 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 91 सीट पर जीत हासिल की थी, जो राज्य में उसका सबसे अच्छा प्रदर्शन था। जद(यू) नेता ने भाजपा को यह भी याद दिलाया कि गठबंधन में रहते हुए उसे मुस्लिमों समेत उनके सभी समर्थकों के वोट मिलते थे, जो भाजपा की हिंदुत्व की विचारधारा को लेकर हमेशा सतर्क रहे हैं। आज के दिन बापू की हत्या हुई थी। और उनकी हत्या उन लोगों ने की थी, जिन्हें मुस्लिमों की रक्षा करने की उनकी प्रतिबद्धता से दिक्कत थी।

कुमार ने यह भी कहा कि 2013 में भाजपा से नाता तोड़ने के बाद उन्होंने 2017 में फिर से भाजपा से गठबंधन करके भूल की थी। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा, उनके पिता (राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद) के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए। कुछ सामने नहीं आया। भाजपा एक बार फिर मुझ पर हाथ मिलाने का दबाव बनाया। अब वे इन लोगों को फिर से दूसरे मामलों में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। समाजवादी नेता ने कहा, जब 2020 में हमारी पार्टी को उनसे कम सीट मिली थी, तो मैंने मुख्यमंत्री बनने से इनकार कर दिया था। हमारे मतदाताओं ने उनका समर्थन किया, जिससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिली। उन्होंने फिर से कमान संभालने का मुझ पर दबाव बनाया, लेकिन मेरी पार्टी में, चुनावों में उनकी संदिग्ध भूमिका को लेकर नाराजगी बढ़ रही थी और मैंने रास्ते अलग करने का निर्णय लिया। भाजपा द्वारा आदतन विश्वासघाती बताए जाने वाले कुमार ने यह भी दावा किया कि उनके गठबंधन की सफलता के चरम पर भी भाजपा का जद(यू) के प्रति रवैया सही नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया, 2010 में उन्हें पांच या छह जगहों पर चुनाव लड़ने के लिए जेएमएम जैसे दल मिले, जिनके चुनाव चिह्न हमारी पार्टी से मिलते-जुलते थे, ताकि हमारे मतदाता भ्रमित हो जाएं।

## क्विक न्यूज

### अजमेर दरगाह में खादिमो और बरेलवी संप्रदाय के अनुयायियों के बीच हाथापाई हुई

**जयपुर।** अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह के उर्स के दौरान अजमेर दरगाह के खादिमों और इस्लाम के बरेलवी संप्रदाय के अनुयायियों के बीच रविवार तड़के हाथापाई हो गई। दरगाह थानाधिकारी अमर सिंह ने बताया कि झगड़े की वजह दरगाह के अंदर बरेलवी संप्रदाय के लोगों द्वारा नारेबाजी करना था। अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नही की गई है। घटना के बाद भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। खादिमों के संगठन द्वारा कोई नारा नही लगाए जाने का स्पष्ट संदेश दिए जाने के बावजूद बरेलवी संप्रदाय के सदस्यो ने नारा लगाया, जिसके कारण रविवार तड़के लगभग तीन बजे दरगाह मे शाहजहानी मस्जिद के पास हाथापाई हुई। विवाद में शामिल नही होने वाले बड़ी संख्या में आम श्रद्धालु भी वहां मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि करीब आधे घंटे तक हंगामे की स्थिति बनी रही। बरेली मे जन्मे आला अजरत का महिमामंडन करने के लिए नारा लगाया गया था। खादिमों के संगठन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि ऐसा कोई नारा नही लगाया जाएगा, लेकिन इसके बावजूद ऐसा किया गया जिससे खादिमो ने वहां बरेलवी संप्रदाय के लोगों को पीटा।

### जगन मोहन को दिल्ली ले जा रहे विमान में तकनीकी गड़बड़ी आई, उड़ान को विजयवाड़ा हवाई अड्डा लौटना पड़ा

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी को दिल्ली ले जा रहे एक सरकारी विमान के उड़ान भरने के करीब 24 मिनट बाद उसमे तकनीकी गड़बड़ी आ गई, जिसके चलते उसे (विमान को) यहां गन्नवरम हवाई अड्डे पर वापस लाया गया। एक सरकारी बयान में यह जनकारी दी गई है। मुख्यमंत्री वैश्विक निवेशक सम्मेलन की तैयारियो को लेकर बुलाई गई बैठक मे शामिल होने के लिए राष्ट्रीय राजधानी जा रहे थे। मुख्यमंत्री और उनकी टीम के साथ विमान ने शाम पांच बजकर तीन पर दिल्ली के लिए उड़ान भरी। कुछ ही देर बाद पायलट ने विमान मे तकनीकी गड़बड़ी पाई और उड़ान वापस लाई गई। विजयवाड़ा-दिल्ली उड़ान शाम पांच कर 27 मिनट पर पार्किंग बे पर लौट आई। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री अपने तेदेपल्ली आवास पहुंच गए हैं। बयान में कहा गया है कि अधिकारी मुख्यमंत्री की दिल्ली यात्रा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं।

### लक्षद्वीप के लोकसभा उपचुनाव पर रोक लगाने का फैसला

**नई दिल्ली।** केरल उच्च न्यायालय द्वारा हत्या के प्रयास के मामले में मौजूदा सांसद मोहम्मद फैजल की दोषसिद्धि और सजा की तामील को निलंबित करने के बाद निर्वाचन आयोग ने लक्षद्वीप का लोकसभा उपचुनाव रोक दिया। आयोग ने उपचुनाव कराने की घोषणा की थी और यह 27 फरवरी को होना था। सत्र अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के आधार पर फैजल को अयोग्य ठहराए जाने के बाद उपचुनाव की घोषणा की गई थी। फैजल ने उस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने उनकी दोषसिद्धि और सजा की तामील पर रोक लगा दी। मामले पर विचार करने और केरल के उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के संबंध में...आयोग ने उपचुनाव को रोकने और उपचुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करने को स्थगित करने का फैसला किया है।

### रामबन में फंसे तीन पर्यटकों को पुलिस ने बचाया

**रामबन/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले मे भारी बर्फबारी मे फंसे उत्तर प्रदेश के तीन पर्यटकों को पुलिस ने सोमवार को बचा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नत्थाटॉप-सनासर रोड पर नत्थाटॉप के पास कुछ पर्यटकों के बर्फबारी में फंस जाने की सूचना पर एक पुलिस टीम वहां पहुंची और अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि भारी बर्फबारी के बीच पुलिस दल मौके पर पहुंचा और तीनों पर्यटकों को सुरक्षित बचा लिया गया।

### कोर्ट ने सांसद नवनीत राणा, उनके पिता पर जुर्माना लगाया

**मुंबई।** यहां की एक अदालत ने सोमवार को लोकसभा सदस्य नवनीत राणा और उनके पिता के खिलाफ फर्जी जाति प्रमाण-पत्र मामले की सुनवाई स्थगित करने की मांग करने पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया। कई बार तलब किए जाने के बावजूद अदालत मे पेश नही होने के लिए अदालत ने अमरावती की सांसद के पिता को भगोड़ा घोषित किया। राणा और उनके पिता पर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेज बनाने का आरोप है, क्योंकि अमरावती सीट अनुसूचित जाति के उम्मीदवारो के लिए आरक्षित है। राणा के वकील के एक सहायक ने यह कहते हुए स्थगन की मांग की कि उनके वरिष्ठ एक मामले की सुनवाई के सिलसिले मे हैदराबाद की अदालत में है। इसके बाद अदालत ने वकील को फटकार लगाई और प्रतएक आरोपी पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया। मजिस्ट्रेट ने गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद राणा के पिता के कभी अदालत मे पेश नही होने पर उन्हे भगोड़ा करार दिया। मुंबई मे दर्ज शिकायत के अनुसार, राणा और उसके पिता ने जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कथित तौर पर जाली दस्तावेज बनाए थे, क्योंकि अमरावती सीट अनुसूचित जाति के उम्मीदवारो के लिए आरक्षित है।

## महादई नदी मुद्दे पर समझौता नहीं करेगी गोवा सरकार: मुख्यमंत्री सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को कहा कि महादई मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा और उनकी सरकार नदी के बहाव को मोड़ने से रोकने के लिए काम कर रही है। गोवा में विपक्षी दलों ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री सावंत का इस्तीफा मांगा था। शाह ने कहा था कि कर्नाटक और गोवा के बीच महादई नदी जल विवाद को सुलझा लिया गया है। गोवा और पड़ोसी राज्य कर्नाटक के बीच कई वर्षों से नदी के पानी के बंटवारे को लेकर विवाद है। कर्नाटक द्वारा महादई की सहायक नदियों कलसा और बंडुरी पर बांध के निर्माण के जरिए उसके बहाव का रुख अपनी तरफ मोड़ने की योजना को लेकर गोवा और कर्नाटक में विवाद गहरा गया है। गोवा अकसर कर्नाटक पर एकतरफा तरीके से मामले में बढ़ने का आरोप लगाता है। कर्नाटक में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा था कि महादई नदी जल विवाद को सुलझा लिया गया है।

# मोदी सरकार की चीन नीति डीडीएलजे- डिनाइ डिस्ट्रैक्ट, लाइ एंड जस्टिफाइ है : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार की विफल चीन नीति और दशकों में भारत के सबसे बड़े क्षेत्रीय नुकसान को छिपाने के उसके प्रयास को कितने भी आडंबर के बावजूद छिपाया नहीं जा सकता। इस मुद्दे पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के हालिया बयान को लेकर उन पर पलटवार करते हुए मुख्य विपक्षी दल ने यह टिप्पणी की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक बयान में लद्दाख में चीनियों से निपटने की सरकार की नीति को डीडीएलजे-डिनाइ, डिस्ट्रैक्ट, लाइ एंड जस्टिफाइ (इनकार, ध्यान भटकाना, झूठ बोलना और न्यायोचित ठहराना) करार दिया और कहा कि जयशंकर की टिप्पणी पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी पर एक निहायत घटिया बयान है।

जयशंकर ने शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि कुछ लोग जानबूझकर चीन मुद्दे को लेकर गलत खबरें फैला रहे हैं। उनकी टिप्पणियों को गांधी पर कटाक्ष के रूप में देखा गया। कांग्रेस महासचिव व संचार प्रमुख रमेश ने कहा, कोई भी आडंबर इस तथ्य को छिपा नहीं सकता है कि (नरेन्द्र) मोदी सरकार ने दशकों में भारत के सबसे बड़े क्षेत्रीय नुकसान को छिपाने की कोशिश की है, जो कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा (चीनी) राष्ट्रपति शी (जिनपिंग) को लुभाने के बाद हुआ है। उन्होंने कहा, हम सुझाव देते हैं कि विदेश मंत्री जयशंकर और सरकार चीनी सैनिकों को डेपसांग और डेमचोक से बाहर निकालने की कोशिश में अधिक समय दें और अपनी अक्षमता के लिए विपक्ष को दोष देने में कम।

उन्होंने कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कांग्रेस पर हमला करने वाली हालिया टिप्पणी मोदी सरकार की विफल चीन नीति से ध्यान हटाने का नवीनतम प्रयास है, सबसे हालिया रहस्योद्घाटन यह है कि मई 2020 के बाद से, भारत ने लद्दाख में 65 में से 26 गश्त बिंदुओं तक पहुंच खो दी है। उन्होंने कहा कि 1962 की 2020 से कोई तुलना नहीं है, जब भारत ने अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए चीन के साथ युद्ध लड़ा था, जबकि हालिया मामले में भारत ने चीनी आक्रामकता को शुरूआती ना नुकुर के बाद स्वीकार किया, जिसके बाद डिसइंगेजमेंट (वापसी) हुआ, जिसमें भारत ने हजारों वर्ग किलोमीटर तक पहुंच खो दी है। कांग्रेस नेता ने 2017 में चीनी राजदूत से मिलने के लिए गांधी पर मंत्री जयशंकर की टिप्पणी पर कहा कि अमेरिका में ओबामा प्रशासन के दौरान राजदूत रहे व्यक्ति की ओर से इस प्रकार की टिप्पणी किया जाना विडम्बनापूर्ण है। उन्होंने सवाल किया , क्या विपक्षी नेता व्यापार, निवेश और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण देशों के राजनयिकों से मिलने के हकदार नहीं हैं ?

# राजस्थान में सर्वाधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक कालेज

**भाषा।** नई दिल्ली

देश में सबसे अधिक विश्वविद्यालय राजस्थान (92) में है और सर्वाधिक कालेज उत्तर प्रदेश (8,114) में हैं। शिक्षा मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) 2020-21 से यह जानकारी मिली है। मंत्रालय इस प्रकार से उच्च शिक्षा का अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2011 से करा रहा है जिसके दायरे में देश के उच्च शिक्षण संस्थान आते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, देश में पंजीकृत विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों की कुल संख्या।,113 तथा कॉलेजों की संख्या 43,796 है जबकि स्वचालित संस्थानों की संख्या 11,296 है।

इसमें कहा गया है कि वर्ष 2019-20 की तुलना में 2020-21 के दौरान, विश्वविद्यालयों की संख्या में 70 की वृद्धि हुई है और कॉलेजों की संख्या में 1,453 का इजाफा हुआ है। देश में सर्वाधिक विश्वविद्यालय राजस्थान (92), उत्तर प्रदेश (84) और गुजरात (83) में हैं। वहीं, कॉलेजों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात शीर्ष आठ राज्य हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान 2014-15 में 75 की तुलना में 2020-21 में 149 हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में कालेजों की संख्या 8,114 दर्ज की गई और प्रति एक लाख आबादी पर 32 कालेज थे। इसी प्रकार से कालेजों की संख्या के हिसाब से महाराष्ट्र का दूसरा स्थान है जहां 4,532 कालेज है और प्रति एक लाख आबादी पर 34 कालेज हैं। कर्नाटक में 3,694 कालेज हैं और प्रति एक लाख आबादी पर 62 कालेज हैं। राजस्थान में 3,694 कालेज हैं और प्रति एक लाख आबादी पर 40 कालेज हैं। वहीं तमिलनाडु में 2,667 कालेज हैं और प्रति एक लाख आबादी पर 40 कालेज हैं।

# गोधरा ट्रेन अग्निकांड: न्यायालय ने कुछ दोषियों की जमानत याचिकाओं पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड के मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कुछ दोषियों की जमानत याचिकाओं पर गुजरात सरकार से सोमवार को जवाब मांगा। गुजरात सरकार की ओर से इस मामले में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि यह केवल पथराव का मामला नहीं था, क्योंकि दोषियों ने साबरमती एक्सप्रेस की एक बोगी को बंद कर दिया था, जिससे ट्रेन में सवार कई यात्रियों की मौत हो गई। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला भी थे। सॉलिसिटर जनरल ने कहा, कुछ दोषी कह रहे हैं कि उनका रोल सिर्फ पथराव का था। लेकिन जब आप किसी बोगी को बाहर से बंद करते हैं, उसमें आग लगाते हैं और फिर पथराव करते हैं, यह सिर्फ पथराव नहीं है।

पीठ ने मेहता से कहा, ठीक है, आप इसकी जांच करें। हम (जमानत याचिकाओं) को दो हफ्ते बाद सूचीबद्ध करेंगे। दोषियों की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि राज्य सरकार ने कुछ दोषियों के मामलों में अपील दायर की है जिनकी मौत की सजा को गुजरात उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास में बदल दिया था। इसके बाद अदालत ने अब्दुल रहमान धंतिया उर्फ कनकत्तो, अब्दुल सत्तार इब्राहिम गद्दी असला और अन्य की जमानत याचिकाओं पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने 15 दिसंबर को 2002 के गोधरा ट्रेन में आग लगाने के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे फारूक को यह कहते हुए जमानत दे दी थी कि वह 17 साल से जेल में है। सॉलिसिटर जनरल ने अपराध को सबसे जघन्य बताते हुए याचिका का विरोध किया था जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित 59 लोगों की जलकर मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, दमकल गाड़ियों पर भी पत्थर फेंके गए। मेहता ने जमानत याचिकाओं के बजाय दोषियों की अपीलों पर जल्द से जल्द सुनवाई की का अनुरोध किया।

कई दोषियों की सजा के खिलाफ अपील उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं। फारूक समेत कई अन्य को साबरमती एक्सप्रेस के एक डिब्बे पर पथराव करने का दोषी ठहराया गया था। गुजरात के गोधरा में 27 फरवरी, 2002 को ट्रेन के एस-6 कोच में आग लगाए जाने से 59 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद राज्य में दंगे भड़क उठे थे। उच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2017 के अपने फैसले में गोधरा ट्रेन कोच जलाने के मामले में 11 दोषियों को दी गई मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। उच्च न्यायालय 20 अन्य दोषियों को दी गई उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा था।

# नब दास का पार्थिव शरीर गृह नगर पहुंचने पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी

**झारसुगुड़ा (ओडिशा)।** पश्चिमी ओडिशा के लोकप्रिय नेता नब किशोर दास का पार्थिव शरीर भुवनेश्वर से यहां लाए जाने पर सोमवार को हजारों लोगों ने उन्हें अश्रुपूर्ण अंतिम विदाई दी। एक दिन पहले एक पुलिस अधिकारी ने दास की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिले में कई दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। स्थानीय लोगों ने दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर को ले जाने वाले रथ पर फूल बरसाए, जो झारसुगुड़ा शहर की सड़कों से होते हुए उनके घर जा रहा था। दास का रविवार को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें ब्रजराजनगर में एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) ने गोली मार दी थी, जहां वह एक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। माना जा रहा है कि एएसआई मानसिक विकार से पीड़ित है।

नब दास अमर रहे जैसे नारे गूंज रहे थे। नेता के कई समर्थक आरोपी को मौत की सजा देने की मांग कर रहे थे। इससे पहले, सोमवार को ओडिशा के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद दास के पार्थिव शरीर को उनके गृहनगर ले जाया गया। राज्यपाल गणेशी लाल और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दास के आवास का दौरा किया, जहां विभिन्न क्षेत्रों के लोग श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए। करीब तीन दशकों तक दास ने पश्चिमी ओडिशा में राजनीतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी।

बीजू जनता दल (बीजद) के नेता दास के बेटे विशाल और बेटी दीपाली को वहां उनके दोस्त, समर्थक, सहकर्मी और आम लोग ढांढस बंधाते रहे। ओडिशा सरकार ने दिवंगत मंत्री के सम्मान में रविवार शाम को तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की थी। दास का विभाग मंत्रिमंडल सहयोगी निरंजन पुजारी को आवंटित किया गया है।

# राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित विभिन्न नेताओं ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विभिन्न नेताओं ने सोमवार को राजघाट स्थित महात्मा गांधी के स्मारक पर राष्ट्रपिता को उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन ने चित्र के साथ अपने ट्वीट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना में शामिल हुईं। राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, मैं बापू को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं और उनके गहन विचारों को याद करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे राष्ट्र की सेवा में शहीद हुए हैं। मोदी ने कहा, उनके (महात्मा गांधी तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के) बलिदानों को कभी नहीं भुलाया जाएगा और यह, एक विकसित भारत के लिए काम करने के हमारे संकल्प को मजबूत करता रहेगा।

वहीं, उपराष्ट्रपति कार्यालय ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के हवाले से ट्वीट किया, महात्मा गांधी की पुण्यतिथि- शहीद दिवस पर उनके जीवन और उनकी विरासत का पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर हम असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान भी याद करें और एक मजबूत और एकजुट भारत के निर्माण का संकल्प लें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। बापू के विचारों ने सर्वोदय की भावना को सशक्त किया।

महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बिरला ने कहा, उनके दर्शन में सबकी भलाई निहित थी, जिससे वैश्विक स्तर पर मानवतावाद को नई दिशा मिली। उनके सिद्धांत सदा हमारा पथ प्रदर्शित करते रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, पूज्य बापू की पुण्यतिथि पर मैं उन्हें नमन करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। विश्व शांति और भारत की प्रगति का जो मार्ग उन्होंने दिखाया वह आज भी बहुत प्रासंगिक है। उनकी प्रेरणा से ही आज एक नए और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण प्रगति पर है। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया जिन्हें पूरा देश स्नेहपूर्वक बापू भी कहता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 1948 में आज ही के दिन नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजघाट पर एक सर्व धर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें महात्मा गांधी के प्रिय भजन गाए गए और उन्हें सलामी भी दी गई। इसमें कई स्कूलों के छात्र और विभिन्न वर्ग के लोगों ने भी हिस्सा लिया।

# मुरली विजय ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

भाषा। चेन्नई



लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने देश के लिए 61 टेस्ट, 17 एकदिवसीय और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। भारतीय टीम के लिए उन्होंने अपना आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिसंबर 2018 में पर्थ में टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही 2008-09 में टेस्ट में गौतम गंभीर के विकल्प के तौर पर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया है। उन्होंने 2019 के आखिर में तमिलनाडु के लिए प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए क्रिकेट में भाग लिया था। पेशेवर क्रिकेट की बात करें तो वह 2020 में इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे। विजय ने ट्विटर पर जारी बयान में कहा, आज मैं विनम्रता के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा करता हूं। इस 38 साल के खिलाड़ी ने कहा, मैं यह घोषणा करने के लिए उत्साहित हूं कि मैं क्रिकेट की दुनिया और इससे व्यावसाय से जुड़ी चीजों में नए मौकों की तलाश करूंगा। इसमें मैं उस खेल में भी भाग लेना जारी रखूंगा जिसे मैं प्यार करता हूं और नए तथा अलग माहौल में खुद को चुनौती देता रहूंगा।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि एक क्रिकेटर के रूप में यह मेरी यात्रा का अगला कदम होगा और मैं अपने जीवन में नए अध्याय की प्रतीक्षा कर रहा हूं। उन्होंने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड), टीएनसीए (तमिलनाडु क्रिकेट संघ), सीएसके (चेन्नई सुपर किंग्स) और केमप्लास्ट सनमार का धन्यवाद देते हुए कहा, मैं भारतीय क्रिकेट बोर्ड, तमिलनाडु क्रिकेट संघ, चेन्नई सुपर किंग्स और केमप्लास्ट सनमार द्वारा मुझे दिए गए अवसरों के लिए आभारी हूं। उन्होंने कहा, मैं अपनी टीम के सभी साथियों, कोचिंग सदस्य, मेंटर्स और सहयोगी स्टाफ को अपने सपने को हकीकत में बदलने में योगदान देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरे लिए आप सभी के साथ खेलना सौभाग्य की बात है। खेल के दौरान प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के बाद भी साथ देने के लिए उन्होंने अपने प्रशंसकों का शुक्रिया करते हुए कहा, मैं आप सभी के साथ बिताए पलों को हमेशा याद रखूंगा और आपका समर्थन हमेशा मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। इस खिलाड़ी ने कहा, आखिर में, मैं अपने परिवार और दोस्तों को मेरे करियर के दौरान बिना शर्त प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उनके बिना मैं यह उपलब्धि हासिल नहीं कर पाता। विजय ने 61 टेस्ट में, 38.28 की औसत से 167 के उच्चतम स्कोर के साथ 3982 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान 12 शतक और 15 अर्धशतक लगाए। उन्होंने 17 एकदिवसीय मैचों में 339 रन बनाए और सात टी20 अंतरराष्ट्रीय में 169 रन बनाए। आईपीएल में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यादगार प्रदर्शन किया।

## महिला टी20 विश्व कप विजेता टीम को सम्मानित करेंगे तेंदुलकर

भाषा। नई दिल्ली



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहला आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप जीतने वाली भारत की अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम को बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सम्मानित करेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने ट्वीट किया, बेहद खुशी के साथ मैं यह साझा कर रहा हूं कि भारत रत्न सचिन तेंदुलकर और बीसीसीआई के पदाधिकारी भारत की विजेता अंडर-19 टीम को एक फरवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े छह बजे सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा, युवा क्रिकेटरों ने भारत को गौरवांवित किया है और हम उनकी उपलब्धियों को सम्मान देंगे। शेफाली वर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर पहले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीता। महिला क्रिकेट में यह भारत का पहला आईसीसी खिताब भी है। विजेता टीम दक्षिण अफ्रीका से मंगलवार को मुंबई पहुंचेगी और फिर सम्मान समारोह के लिए बुधवार को अहमदाबाद जाएगी। सम्मान समारोह का आयोजन भारत और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमों के बीच तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के इतर किया जाएगा।

## भारतीय अंडर-19 टी-20 विश्व कप विजेता टीम, इसके कप्तान पर हरियाणा को गर्व: खट्टर

चंडीगढ़ (भाषा)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को भारतीय अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप विजेता टीम की कप्तान शेफाली वर्मा के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और कहा कि देश और राज्य को इस उपलब्धि पर गर्व है। खट्टर ने रोहतक में शेफाली के परिवार से मुलाकात की और रविवार को पहले अंडर-19 टी20 विश्व कप महिला क्रिकेट में भारत के आईसीसी खिताब जीतने पर उन्हें बधाई दी। यहां एक आधिकारिक बयान के अनुसार, खट्टर ने कहा कि यह जीत हरियाणा की एक बेटी के नेतृत्व में मिली है और यह हर हरियाणवी के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने युवा भारतीय टीम को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। मुलाकात के दौरान शेफाली वर्मा के दादा संत लाल वर्मा एवं पिता संजीव वर्मा ने मुख्यमंत्री को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भारत ने रविवार को इंग्लैंड पर सात विकेट की शानदार जीत के साथ पहला अंडर -19 विश्व कप जीता।



भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को हुए दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में मैन आफ द मैच रहे भारतीय टीम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

# भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

भाषा। ईस्ट लंदन (दक्षिण अफ्रीका)



दीप्ति शर्मा और राजेश्वरी गायकवाड़ की शानदार फिरकी गेंदबाजी से भारत ने तीन देशों की टी20 श्रृंखला के ग्रुप चरण के आखिरी मुकाबले में सोमवार को यहां वेस्टइंडीज को 37 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। दीप्ति ने चार ओवर में दो मेडन के साथ 11 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि राजेश्वरी ने चार ओवर में नौ रन देकर एक सफलता हासिल की। हरफनमौला पूजा वस्त्राकर ने चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए।

वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने पारी का आगाज करते हुए 34 रन बनाए लेकिन उनकी टीम छह विकेट पर महज 94 रन ही बना सकी। भारत ने 13.5 ओवर में दो विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें पहले ही दो फरवरी को खेले जाने वाले फाइनल का टिकट पक्का कर चुकी हैं। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने 39 गेंद में नाबाद 42 रन बनाए जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 23 गेंद में नाबाद 32 रन की आतिशी पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 54 रन की अटूट साझेदारी की। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने हरमनप्रीत के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के फैसले को सही साबित करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों पर शुरू से ही शिकंजा कसे रखा। रेणुका सिंह और शिखा पांडे से शुरुआती तीन ओवर गेंदबाजी कराने के बाद कप्तान ने गेंद दीप्ति को सौंपी और उन्होंने चौथे ओवर में बिना कोई रन दिए लगातार दो गेंद पर रशादा विलियम्स (आठ) और शमैन कैम्पबेल (शून्य) के विकेट चटकाकर कप्तान के भरोसे को बरकरार रखा। मैथ्यूज ने पांचवें ओवर में शिखा के खिलाफ दो और छठे ओवर में दीप्ति के खिलाफ एक चौका जड़ा, जिससे पावर प्ले में वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 31 रन था। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आई राजेश्वरी गायकवाड़ ने मेडन डाल कर दबाव बढ़ाने के बाद नौवें ओवर में जेनाबा जोसेफ (तीन रन) को पगबाधा किया। कम हुई रन गति को बढ़ाने के लिए मैथ्यूज ने 11वें ओवर में रेणुका के खिलाफ चौका लगाया लेकिन अगले ओवर में पूजा वस्त्राकर ने विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराकर उनकी 34 गेंद की पारी को खत्म किया। वेस्टइंडीज की टीम 12वें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ पांच रन बना सकी। जायडा जेम्स ने 16वें ओवर में शिखा के खिलाफ पारी का पहला और 18वें ओवर में दीप्ति के खिलाफ दूसरा छक्का लगाया। दीप्ति ने इससे पहले इसी ओवर में शबिका गजनबी (12) को स्टंप कराया। जायदा और आलिया ऑलेन ने आखिरी ओवर में नौ रन बटोर कर स्कोर को 90 के पार पहुंचाया। पूजा ने हालांकि आखिरी गेंद पर ऑलेन को आउट कर अपनी दूसरी सफलता हासिल की। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को दूसरे ओवर में स्मृति मंधाना (पांच) के आउट होने से झटका लगा लेकिन दूसरे छोर से जेमिमा ने जेनेलिया के खिलाफ दो चौके जड़ दबाव को हावी नहीं होने दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आई हरलीन देओल (13) ने शमिलिया कॉनेल के खिलाफ चौका जड़ा। पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 36 रन था लेकिन आठवें ओवर में मैथ्यूज की गेंद पर हरलीन मिड ऑफ में गजनबी को कैच थमा बैठी। हरमनप्रीत ने क्रीज पर कदम रखते ही चौका जड़ दिया। उन्होंने और जेमिमा ने 11वें ओवर में ऑलेन के खिलाफ दो चौके लगाए। भारतीय कप्तान ने 13वें ओवर में जायडा की लगातार गेंदों को सीमा रेखा के पार भेज टीम की जीत पक्की कर दी। हरमनप्रीत ने 23 गेंद की नाबाद पारी में चार जबकि जेमिमाह ने 39 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके लगाए।

## क्विक न्यूज

### ग्राहम अर्नाल्ड आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम के कोच फिर बने

सिडनी। ग्राहम अर्नाल्ड एक बार फिर आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम के कोच बनाए गए हैं यानी वह लगातार दूसरे फीफा विश्व कप में टीम के साथ होंगे। आस्ट्रेलिया ने पेनल्टी शूटआउट में पेरू को हराकर दोहा में हुए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। आस्ट्रेलिया ने विश्व कप में दो ग्रुप मैच जीते और अंतिम 16 में अर्जेंटीना से हार गया। अर्नाल्ड का करार विश्व कप तक ही था लेकिन फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने सोमवार को उनका करार अगले साल तक बढ़ाने का ऐलान किया। कोच ने एक बयान में कहा , मुझे आस्ट्रेलिया से प्यार है और टीम के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की ख्वाहिश है।मैं चाहता हूं कि हम अपने प्रशंसकों को खुश होने के और कई मौके दें।

### मध्यप्रदेश में शुरू होंगे खेलो इंडिया युवा खेल

भोपाल। खेलो इंडिया युवा खेलों के पांचवें सत्र का सोमवार को शाम तात्या टोपे नगर स्टेडियम पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी मे उद्घाटन करेंगे। ए खेल प्रदेश के आठ शहरों के 23 मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे और इनमे 27 खेलो मे 6000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। पहली बार क्याकिंग, केनोइंग, केनोइ स्लालोम और तलवारबाजी जैसे खेल इन खेलों का हिस्सा होंगे। चौहान ने यहां पत्रकारो से कहा , खेलो इंडिया युवा खेलो की तैयारियां पूरी हो चुकी है। हिंदुस्तान का दिल धड़का दो थीम पर अगले 13 दिन इन खेलों का आयोजन होगा। एक अधिकारी ने बताया कि शान, नीति मोहन, शिवमणि और अभिलिप्सा पांडा जैसे कलाकार इस मौके पर प्रस्तुति देंगे। खेल भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और खरगोन में आयोजित होंगे। साइक्लिंग की एक स्पर्धा दिल्ली मे होगी।

### खेलो इंडिया से जुड़ा स्पोटर्स फोर आल

नई दिल्ली। स्पोटर्स फोर आल ने अगले पांच साल के लिए खेलो इंडिया युवा खेलो के साथ करार किया है। इस साझेदारी के तहत एसएफए अगले पांच साल में 12 करोड़ 50 लाख रूपए का निवेश करेगा। एसएफए के संस्थापक ऋषिकेश जोशी ने कहा , प्रौद्योगिकी आधारित हमारे प्लेटफॉर्म की जमीनी स्तर की विभिन्न स्पर्धाओं के बाद हम खेलो इंडिया के साथ जुड़कर काफी खुश है। भारत मे जमीनी स्तर पर खेले जाने वाले सभी खेलों का मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करने की क्वायद मे सरकार ने खेलो इंडिया की शुरूआत की। खेलो इंडिया युवा खेलों का पांचवां सत्र मध्यप्रदेश मे सोमवार से शुरू हुआ।

### आस्ट्रेलिया श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे पंत, भरत, उपेंद्र और किशन में होगी

नई दिल्ली। कार दुर्घटना के बाद ऋषभ पंत के लिगामेंट टीयर के बारे में स्थिति स्पष्ट नही हुई है लेकिन अगर बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्रों की माने तो वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला मे नही खेल पाएंगे। पंत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से लंबे समय तक बाहर हो सकते है और इस समय कोई भी तारीख बताना जल्दबाजी होगी। नई चयन समिति के लिए बॉर्डर गावस्कर ट्राफी के लिए दो विकेटकीपर बल्लेबाजो का चयन सबसे बड़ी चुनौतियो में से एक होगा। भारतीय टेस्ट विकेटकीपर के स्थान के लिए अचानक दौड़ शुरू हो जाएगी और यह देखना दिलचस्प होगा कि नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला में खेलने के लिए तीन खिलाड़ियों केएस भरत, भारत के दूसरे विकेटकीपर उपेंद्र यादव और सफेद गेंद के विशेषज्ञ ईशान किशन में से किसे चुना जाता है। पंत शुक्रवार की सुबह दिल्ली से रूड़की जाते हुए अपनी मर्सीडिज कार पर नियंत्रण खो बैठे थे जिससे यह डिवाइडर से टकरा गई। उनका मैक्स देहरादून मे इलाज चल रहा है। हालांकि एक्स-रे और सीटी स्कैन की रिपोर्ट मे कोई फ्रेक्चर, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी मे कोई चोट नही आई है। लेकिन उनके घुटने और टखने मे कई लिगामेंट टीयर (लिगामेंट फटना) के कारण वह निश्चित रूप से काफी समय तक बाहर रहेंगे ओर यह समय दो से छह महीने के बीच हो सकता है जो लिगामेंट टीयर के ग्रेड पर निर्भर करता है।



दुबई डेजर्ट क्लासिक जीतने के बाद उत्तरी आयरलैंड के रोरी मेक्लरॉय अपनी ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए।

## महिला क्रिकेटर हरनमप्रीत प्यूमा इंडिया की ब्रांड दूत बनीं



नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को खेल सामग्री बनाने वाले ब्रांड प्यूमा इंडिया ने अपना ब्रांड दूत बनाया है। इस साझेदारी के तहत हरमनप्रीत ब्रांड के जूतों, पोशाक और अन्य सामान का प्रचार करेंगी और पूरे साल कई अभियान और गतिविधियों में हिस्सा लेंगी। हरमनप्रीत ने कहा, काफी लोगों को नहीं पता कि 2013 में मैंने अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक प्यूमा के जूते पहनकर ही बनाया था जो मुझे ब्रांड ने मेरे शुरुआती वर्षों में दिए थे। उन्होंने कहा, इसमें ठीक एक दशक बाद प्यूमा के चेहरे के रूप में मुझे शामिल किया गया है। मैं देश में सबसे बड़े खेल ब्रांड से जुड़कर रोमांचित हूं। प्यूमा ने दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, चैंपियन फर्राटा धावक एमसी मेरीकोम, फुटबॉल स्टार नेमार जूनियर और सुनील छेत्री, क्रिकेटर हरलीन देओल और पैरा निशानेबाज अवनी लेखरा से भी अनुबंध किया है।

## ओलंपिक की सफलता को विश्व कप में नहीं दोहरा सकी भारतीय टीम को आत्ममंथन की जरूरत

भाषा। भुवनेश्वर

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद मिले कांस्य पदक से जगी उम्मीदें विश्व कप में एक बार फिर ध्वस्त हो गई और अपनी मेजबानी में भारतीय टीम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में भी नहीं पहुंच पाई। पांच दशक से विश्व कप में पदक का जो रहा इंतजार जारी रहा और अब पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले कोच, टीम प्रबंधन और खिलाड़ी को आत्ममंथन करना होगा।

टीम के अभ्यास , विदेश दौरों और सहयोगी स्टाफ के वेतन पर करोड़ों रूपया खर्च किया गया है। भुवनेश्वर और राउरकेला में लंबी कतारों में खड़े होकर टिकट खरीदने वाले प्रशंसकों के साथ टीवी के आगे नजरें गड़ाए बैठे दर्शकों का दिल भी इस प्रदर्शन ने तोड़ा है। आठ बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम महज एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है। अब तक हुए 15 विश्व कप में भारत का यह पांचवां सबसे खराब प्रदर्शन था। भारत चार बार नौवें स्थान पर रहा है लेकिन इस बार टूर्नामेंट में 16 टीमें खेल रही थी।भारत 1986 में 12वें , 1990 में 10वें, 2002 में 10वें और 2006 में 11वें स्थान पर रहा था। इसके अलावा 1998 और 2014 में भी नौवें स्थान पर रहा। 2018 में भुवनेश्वर में टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी लेकिन इस बार तो उससे पहले ही बाहर हो गई। एक तरफ जर्मनी ने जहां दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की, वहीं भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रॉसओवर मैच में दो गोल से बढत बनाने के बाद हार गई। न्यूजीलैंड ने मैच को पेनल्टी शूटआउट में खिंचा और जीत दर्ज की। भारत के प्रदर्शन की सबसे कमजोर कड़ी पेनल्टी कॉर्नर रहा। फॉरवर्ड पंक्ति मौके नहीं बना सकी और डिफेंस अस्त व्यस्त नजर आया। ग्रुप चरण में स्पेन को 2-0 से हराने के बाद भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला जिससे क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने की उसकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। इसके बाद वेल्स जैसी कमजोर टीम के खिलाफ 4-2 से ही जीत दर्ज कर सकी। कोच ग्राहम रीड ने स्वीकार किया कि अपने मैदान पर विश्व कप खेलने का खिलाड़ियों पर अतिरिक्त दबाव था और टीम को मानसिक अनुकूलन कोच की जरूरत है।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच रीड ने दिया इस्तीफा

भाषा। नई दिल्ली

विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड और सहयोगी स्टाफ के दो अन्य सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है जिसे हॉकी इंडिया ने स्वीकार कर लिया। रीड को अप्रैल 2019 में भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया था। उनके कोच रहते तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम ओडिशा में हुए विश्व कप में क्वार्टर फाइनल में जगह नहीं बना सकी और नौवें स्थान पर रही। ऑस्ट्रेलिया के 58 साल के रीड के अलावा विश्लेषण कोच ग्रेग क्लार्क और वैज्ञानिक सलाहकार मिशेल डेविड पेम्बरटन ने भी त्यागपत्र दे दिया है।

हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान के अनुसार रीड ने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की को विश्व कप खत्म होने के एक दिन बाद इस्तीफा सौंपा। टिर्की और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने टीम के प्रदर्शन पर चर्चा के लिए रीड और अन्य सहयोगी स्टाफ से मुलाकात की थी। रीड के अलावा क्लार्क और डेविड ने भी सोमवार को सुबह इस्तीफे दे दिया। तीनों अगले महीने



तक नोटिस पीरियड में रहेंगे। रीड ने कहा , अब मेरे लिए अलग होने और नए प्रबंधन को कमान सौंपने का समय है। इस टीम और हॉकी इंडिया के साथ काम करने में बहुत मजा आया। इस शानदार सफर के हर पल का मैंने आनंद लिया। टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं। रीड के कोच रहते भारतीय टीम ने 2019 में एफआईएच विश्व सीरिज फाइनल्स जीता था। इसके बाद भुवनेश्वर में ओलंपिक क्वालीफायर जीतकर तोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाई किया। रीड समेत तीनों के इस्तीफे स्वीकार करते हुए हॉकी इंडिया अध्यक्ष टिर्की ने कहा , ग्राहम रीड और उनकी टीम का भारत सदैव ऋणी रहेगा जिन्होंने हमें अच्छे नतीजे दिए। खासकर ओलंपिक खेल में। हर यात्रा में नए पड़ाव आते हैं और अब हमें भी टीम के लिए नई सोच के साथ आगे बढ़ना होगा।

मेजबान भारत ने विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट की शुरुआत की, लेकिन क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा। टीम को क्रॉस-ओवर मैच में शूट-आउट में निचली रैंकिंग की टीम न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने इसके बाद वर्गीकरण मैचों में जापान को 8-0 और दक्षिण अफ्रीका को 5-2 से हराकर अर्जेंटीना के साथ संयुक्त नौवें स्थान हासिल किया। किसी बड़े टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के बाद कोच को बदलना भारतीय हॉकी में कोई नई बात नहीं है। केपीएस गिल के नेतृत्व वाले तत्कालीन (अब प्रतिबंधित) भारतीय हॉकी महासंघ (आईएचएफ) के दिनों से यह चलन प्रचलित है। जर्मनी के गेरहार्ड रॉच भारतीय हॉकी टीम के पहले विदेशी कोच थे। उन्हें 2004 एथेंस ओलंपिक से कुछ महीने पहले नियुक्त किया गया था। तब से ऑस्ट्रेलिया के रिक चार्ल्सवर्थ, स्पेन के जोस ब्रासा, ऑस्ट्रेलिया के माइकल नोब्स और टेरी वॉल्श, नीदरलैंड के पॉल वैन ऐस, रोलेंट ओल्टमेंस और शोर्ड मारिन के बाद आखिर में रीड राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े। इन सब में भी रीड भारत के सबसे सफल कोच रहे।



पेरिस सेंट-जर्मेन और रिम्स के बीच फ्रेंच लीग वन फुटबॉल मैच के दौरान, रिम्स के इमैनुएल अगबादौ, पीएसजी के किलियन एम्बाप्पे के एक शॉट को ब्लॉक करने की कोशिश करते हुए

## चर्चिल ब्रदर्स ने आईलीग में सुदेवा दिल्ली को हराया

वास्को डा गामा (भाषा)। अनिल गांवकर के गोल से चर्चिल ब्रदर्स सोमवार को यहां आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में सुदेवा दिल्ली एफसी को।-0 से हराकर अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। अनिल ने मैच का एकमात्र गोल 83वें मिनट में किया। इस जीत से चर्चिल ब्रदर्स के 14 मैच में 20 अंक हो गए हैं जबकि सुदेवा की टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही है।

# जोकोविच एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे सबालेंका डब्ल्यूटीए में दूसरे स्थान पर

मेलबर्न (एपी)। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियनशिप नोवाक जोकोविच सोमवार को जारी एटीपी की नवीनतम रैंकिंग में कार्लोस अल्काराज को हटाकर एक बार फिर से शीर्ष पर पहुंच गए। इससे पहले जोकोविच पांचवें स्थान पर काबिज थे और कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के 50 साल के इतिहास में यह शीर्ष स्थान पर पहुंचने के क्रम में सबसे बड़ी छलांग है। यह जोकोविच के लिए शीर्ष रैंकिंग के साथ 374 वां सप्ताह होगा। जोकोविच ने रविवार को पुरुष एकल फाइनल में स्टेफानोस सिटसिपास को 6-3 7-6(4) 7-6(5) से हराकर 10वीं आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियनशिप और रिकॉर्ड बराबरी करने वाला 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। महिला वर्ग में खिताब जीतने वाली आर्यना सबालेंका डब्ल्यूटीए रैंकिंग में पांचवें



स्थान से अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग की बराबरी पर पहुंच गई। वह अब तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता इगा स्वियातेक से पीछे है। सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलेना रायबकिना को 4-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम जीता था। पिछले साल दो बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंची ओन्स जाबूर दूसरे से तीसरे स्थान खिसक गई। चौथे, पांचवें और छठे पायदान पर क्रमश: जेसिका पेगुला, कैरोलिन गार्सिया और कोको गॉफ है। फाइनल में सबालेंका से शिकस्त का सामना करने वाली रायबाकिना 25वें पायदान से शीर्ष 10 में पहुंच गई।एटीपी रैंकिंग में अल्काराज दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि दिग्गज राफेल नडाल दूसरे से छठे पायदान पर फिसल गए। सिटसिपास हालांकि एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए। वह अगर फाइनल में जोकोविच को हरा देते तो रैंकिंग में शीर्ष पर होते।

## यूनाइटेड कप में ब्रिटेन के कैमरून नॉरी से हारे नडाल

सिडनी (एपी)। राफेल नडाल वर्ष 2022 का अंत जीत के साथ नहीं कर पाए और उन्हें शनिवार को यहां यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस प्रतियोगिता में ब्रिटेन के कैमरून नॉरी से 3-6, 6-3, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। नडाल ने वर्ष 2022 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के खिताब जीतकर अपने ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या रिकॉर्ड 22 पर पहुंचाई। लेकिन पांव, पसली और पेट से जुड़ी समस्याओं के कारण वह विंबलडन के बाद केवल चार प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले पाए थे। नॉरी ने इस जीत से ब्रिटेन को स्पेन पर।-0 से बढ़त दिलाई। ब्रिसबेन में खेले जा रहे मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने यूलिया पुतिनसेवा को 6-1, 6-3 से हराकर पोलैंड को कजाकिस्तान पर शुरुआती बढ़त दिलाई। पर्थ में बुल्गारिया और बेल्जियम पहले दिन के बाद।-1 से बराबरी पर हैं।